✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात



मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू से मिले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 60 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शनिवार, 26 जुलाई 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

## संक्षिप्त समाचार

### थानाध्यक्ष निलंबित

**दरभंगा(नबिटा ब्यूरो)।** वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जलारेड्डी ने पतौर थाना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना में संधारित विभिन्न पंजियों की जांच में भारी अनियमितताएं पाई गईं। साथ ही थानाध्यक्ष शिव नारायण कुमार को सादे लिबास में पाया गया। इसी आधार पर थानाध्यक्ष शिवनारायण कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय पुलिस केंद्र, दरभंगा रहेगा।

### नक्सली गिरफ्तार

**मुंगेर (नबिटा ब्यूरो)।** लड़ैयाटांड थाना क्षेत्र के न्यू पैसरा गांव से एक वांछित नक्सली चमरू कोडा को एसटीएफ और जिला पुलिस के संयुक्त अभियान में आज गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार नक्सली को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। चमरू कोडा पर रंगदारी वसूली, अवैध हथियार रखने और पुलिस मुठभेड़ समेत कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। वह साल 2021 में सखौल पहाड़ी पर पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ का मुख्य आरोपित था।

### सड़क दुर्घटना में दो की मौत

**हाजीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** वैशाली जिले के गंगा ब्रिज थाना क्षेत्र अंतर्गत मुंगराही चौक के समीप शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जंदाहा की ओर से आ रहा एक मालवाहक वाहन हाजीपुर की ओर जा रहा था, इसी दौरान सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन में सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

### आईटीबीपी के जवान की पीट-पीटकर हत्या

**गया(नबिटा ब्यूरो)।** वजीरगंज थाना अंतर्गत बिहियाईन में आईटीबीपी के जवान संजय यादव की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। वह छुट्टी में घर आए हुए थे। पुलिस ने उनके शव का पोस्टमार्टम कराकर स्वजनों को सुपुर्द कर दिया है। अंत्येष्टि के लिए विभागीय अधिकारियों के आने का इंतजार किया जा रहा है।

### किसान की गोली मारकर हत्या

**आरा(नबिटा ब्यूरो)।** भोजपुर जिले के आयर थाना क्षेत्र के भेड़री गांव में गुरुवार की रात भूमि विवाद ने खूनी रूप ले लिया। खेत जोतने के विवाद को लेकर हथियारबंद बदमाशों ने दो सगे भाइयों को गोली मार दी। इस घटना में एक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान भेड़री गांव निवासी श्रीभगवान सिंह के रूप में हुई है जबकि उनका छोटा भाई ददन सिंह गंभीर रूप से जख्मी हैं।

### किशोर का शव बरामद

**लखीसराय(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बड़हिया थाना अंतर्गत खुटहा गांव स्थित बालकिशन सिंह गंगा घाट के पास शुक्रवार सुबह झाड़ियों से 14 वर्षीय किशोर अमन कुमार का रक्तरंजित शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान खुटहा चेतन टोला निवासी चुनचुन सिंह उर्फ चूनमा के पुत्र के रूप में की गई है।

# सोननगर-अंडाल मल्टीट्रैकिंग परियोजना को मिली रफ्तार, 95% भूमि का अधिग्रहण पूर्ण : अश्विनी वैष्णव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** सोननगर-अंडाल और अंडाल-दानकुनी मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को लेकर राज्यसभा में पूछे गए सवाल पर रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सोननगर से अंडाल तक 375 किलोमीटर लंबी मल्टीट्रैकिंग परियोजना को 12,334 करोड़ रुपये की लागत से मंजूरी दी गई है। इस परियोजना के लिए आवश्यक कुल 977.6 हेक्टेयर भूमि में से 95 प्रतिशत से अधिक भूमि का अधिग्रहण पूरा हो चुका है और उपलब्ध भूमि पर कार्य तेजी से किया जा रहा है। यह जानकारी उन्होंने राज्यसभा सांसद समिक भट्टाचार्य द्वारा पूछे गए प्रश्न के उत्तर में दी। रेल मंत्री ने बताया कि अंडाल से दानकुनी के बीच 160 किलोमीटर लंबे मार्ग में पहले से ही चार लाइनें मौजूद हैं, केवल चंदनपुर से शक्तिगढ़ के बीच 43 किलोमीटर का हिस्सा तीन लाइन वाला है। इस खंड पर चौथी लाइन के निर्माण को हाल ही में 700 करोड़ रुपये की लागत से स्वीकृति दी गई है। इसके अलावा, अंडाल से शक्तिगढ़ के बीच 91 किलोमीटर में पांचवीं और छठी लाइन बिछाने के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने हेतु अंतिम स्थान सर्वेक्षण को भी मंजूरी दी गई है। रेल मंत्री ने स्पष्ट किया कि रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी देने की प्रक्रिया में पारिश्रमिक, यातायात अनुमान, अंतिम मील कनेक्टिविटी, भीड़भाड़ वाली लाइनों का विस्तार, वैकल्पिक मार्गों की आवश्यकता, और जनप्रतिनिधियों की मांगों जैसे कारक महत्वपूर्ण होते हैं। इन परियोजनाओं को नीति आयोग, वित्त मंत्रालय और अन्य संबंधित प्राधिकरणों से आवश्यक अनुमोदन मिलने के बाद ही अंतिम रूप दिया जाता है। उन्होंने कहा कि किसी भी परियोजना के समय पर पूरा होने में राज्य सरकार द्वारा भूमि अधिग्रहण, वन मंजूरी, लागत साझाकरण, उपयोगिता शिफ्टिंग, कानून-व्यवस्था, स्थल की भू-संरचना और जलवायु जैसे कई कारक भूमिका निभाते हैं। इन सभी चुनौतियों के बावजूद रेलवे द्वारा परियोजनाओं को यथाशीघ्र पूरा करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

## इमामगंज-डालटनगंज नई रेलवे लाइन के कार्य में लाएं तेजी : रेल मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** गया-रफीगंज-इमामगंज-डालटनगंज नई रेलवे लाइन परियोजना के शीघ्र कार्यान्वयन को लेकर पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने दिल्ली में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की और पलामू संसदीय क्षेत्र की दो प्रमुख लंबित रेल परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। सांसद ने कहा कि वह वर्ष 2014 से ही गया-रफीगंज-इमामगंज-डालटनगंज और बरवाडीह-चिरिमिरी-अंबिकापुर नई रेलवे लाइन जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं को संसद, पत्राचार और मंडल स्तर की बैठकों में लगातार उठा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन परियोजनाओं का क्रियान्वयन न होने से पलामू सहित आस-पास के क्षेत्रों में आवागमन में भारी कठिनाइयाँ हो रही हैं। उन्होंने रेल मंत्री से आग्रह किया कि गया-रफीगंज-इमामगंज-डालटनगंज नई रेल लाइन परियोजना को जो स्वीकृत है, परंतु कम प्राथमिकता के कारण लंबित है, उसे जल्द से जल्द शुरू किया जाए। साथ ही बरवाडीह-चिरिमिरी-अंबिकापुर नई रेल लाइन के कार्य में भी तेजी लाई जाए, जो झारखंड और छत्तीसगढ़ के बीच संपर्क को मजबूत करेगा और औद्योगिक विकास को गति देगा। औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने भी इस रेल लाइन की महत्ता को देखते हुए इसके शीघ्र निर्माण की दिशा में आवश्यक पहल की थी। श्री सिंह ने इसके लिए पूर्व में रेल मंत्री से मिलकर इसके कार्य में तेजी लाने की मांग की थी। बैठक के दौरान रेल मंत्री ने रेलवे बोर्ड के सदस्य (इंफ्रास्ट्रक्चर) नवीन गुलाटी और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों से दोनों परियोजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि गया-रफीगंज-इमामगंज-डालटनगंज परियोजना की रिपोर्ट इसी महीने के अंत तक प्रस्तुत कर दी जाएगी, जबकि बरवाडीह-चिरिमिरी-अंबिकापुर परियोजना के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया जारी है। रेल मंत्री ने दोनों परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि इन रेल लाइनों के निर्माण से न केवल पलामू संसदीय क्षेत्र के लोगों को राहत मिलेगी, बल्कि बिहार और छत्तीसगढ़ के संबंधित जिलों को भी आवागमन और विकास का नया रास्ता मिलेगा। जनता की वर्षों पुरानी माँग पूरी होने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल है।

# बिहार पुलिस में बड़ा फेरबदल 55 डीएसपी का तबादला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**पटना।** गृह विभाग ने बिहार पुलिस में बड़ा फ़ेरबदल किया है। शुक्रवार को बिहार पुलिस सेवा के 55 पदाधिकारियों का तबादला कर दिया गया। मनोज कुमार को गया, जबकि संजय कुमार झा को सिवान का नया अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) बनाया गया है। उपेन्द्र कुमार यादव को बीसैप-1 पटना, मो. तनवीर अहमद को आतंकवाद निरोधक दस्ता, मो. अनवर जावेद अंसारी को एसडीआरएफ, उमेश्वर चौधरी को जमालपुर रेल, जबकि आलोक कुमार सिंह को सीआईडी का नया एएसपी बनाया गया है। नए फ़ेरबदल में कई प्रमुख शहरों के डीएसपी मुख्यालय भी बदल गए हैं। सुनील कुमार को मोतिहारी, अशोक कुमार को मुजफ्फरपुर, ज्योति कश्यप को भागलपुर, रविन्द्र मोहन प्रसाद को बेतिया, मनीषा बेबी को औरंगाबाद, निखिल कुमार को बेगूसराय, आदित्य कुमार को बांका, नीशु मल्लिक को नवादा और धीरज कुमार को शेखपुरा के नए डीएसपी मुख्यालय की जिम्मेदारी दी गई है। गृह विभाग ने इसकी अधिसूचना जारी कर दी है। इसके अलावा, दिनेश कुमार पांडेय को एसटीएफ, भास्कर रंजन को पटना का डीएसपी रेल, इमरान परवेज को सीआईडी (मद्य निषेध), विप्लव कुमार को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो, पूनम कुमारी को सीआईडी, सुधीर कुमार को यातायात गया, ज्योति कुमारी को बीसैप-11 जमुई, राकेश कुमार रंजन को साइबर क्राइम मुंगेर का डीएसपी बनाया गया है। वहीं नीलाभ कृष्ण को सीआईडी (मद्य निषेध), महेश चौधरी को यातायात मुजफ्फरपुर, बिपिन बिहारी को साइबर क्राइम दरभंगा, प्रकाश कुमार को यातायात दरभंगा, शिव शंकर कुमार को बीसैप-13 दरभंगा, पंकज कुमार मिश्रा को सीआईडी (मद्य निषेध), विमलेन्दु कुमार गुलशन को बीसैप-13 दरभंगा का डीएसपी बनाया गया है। इसी प्रकार अफाक अख्तर अंसारी को अश्वारोही बीसैप पुलिस आरा, सत्यकाम को सीआईडी, आलोक कुमार को डीएसपी रक्षित पूर्णिया, सुबोध कुमार को बरौनी रेल, ओम प्रकाश को सहरसा रक्षित, कुमार किरण पासवान को बीसैप-5 पटना, प्रीतम कुमार को एसटीएफ, नेहा कुमारी को सीआईडी, सोनल कुमारी को बीसैप-दो डिहरी और कुमारी दुर्गा शक्ति को विशेष शाखा का नया डीएसपी बनाया गया है। वहीं, चन्द्र भूषण को सारण साइबर क्राइम, सीमा देवी को बीसैप-4, डुमरांव, राहुल कुमार को सीआईडी (मद्य निषेध), ईशा गुप्ता को आतंकवाद निरोधक दस्ता, कुमारी सिया भारती को विशेष शाखा, मो. इश्तेखार अहमद अंसारी को सीआईडी (मद्य निषेध), प्रकाश को आतंकवाद निरोधक दस्ता, पवन कुमार को वैशाली रक्षित, राजन प्रसाद सिंह को ईओयू, विजय महतो को बीसैप-2 डिहरी, धर्मेन्द्र कुमार को डीएसपी रक्षित जहानाबाद और सुरेश प्रसाद सिंह को बीसैप-7, कटिहार के डीएसपी की जिम्मेदारी दी गई है।

## संविदा कर्मचारियों को मिलेगा पांच लाख तक का कैशलेस बीमा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार ने प्रदेश के संविदा कर्मियों के लिए समूह स्वास्थ्य बीमा योजना की शुरुआत की है। संविदा कर्मियों को समय पर यह सुविधा मिल सके इसके लिए प्रशासनिक सुधार मिशन सोसायटी और एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी लि. के बीच तीन वर्षो के लिए समझौता भी हुआ है। शुक्रवार को प्रदेश के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने इस योजना की शुरुआत की। कार्यक्रम में उन्होंने नागरिक सेवाओं को अधिक पारदर्शी, प्रभावी और डिजिटल बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं पोर्टल और मोबाइल ऐप का शुभांरभ भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य सचिव ने कहा सामान्य प्रशासन विभाग और बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसायटी ने तकनीकी उन्नयन और समय की मांग को ध्यान में रखते हुए कई नवाचारों से ई-गर्वनेंस के क्षेत्र में कई उपलब्धियां हासिल की हैं। ये तमाम पहल सुशासन की दिशा में मील का पत्थर साबित होंगी। आज से प्रारंभ हुई समूह स्वास्थ्य बीमा योजना से पहले दन से बीमा कवरेज की सुविधा, किसी भी पुरानी बीमारी के लिए देशभर में 17,500 से अधिक नेटवर्क अस्पतालों में कैशलेस उपचार की उपलब्धता मिलेगी। इनमें से बिहार में 375 और पटना में 185 अस्पताल शामिल हैं। इसके दायरे में सामान्य इलाज से लेकर आइसीयू उपचार, आधुनिक चिकित्सा, आयुष सेवाएं, मातृत्व लाभ को शामिल किया गया है। मातृत्व लाभ के अंतर्गत सामान्य प्रसव के लिए 20 हजार और सिजेरियन के लिए 50 हजार तक का विशेष कवरेज आएगा। विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत ने पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह योजना संविदा कर्मियों के लिए सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक अत्यंत लाभकारी कदम है। इस दौरान अपर मुख्य सचिव सह मिशन निदेशक, सचिव सह अपर मिशन निदेशक, विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव एवं सचिव, सूचना जनसंपर्क निदेशक, एसबीआई के मुख्य महाप्रबंधक, सामान्य प्रशासन विभाग के अधिकारी व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### सेंटरिंग खोलने के दौरान दो की मौत, दो घायल

**बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)।** नावकोठी थाना क्षेत्र के पहसारा पूर्वी पंचायत के पीर नगर वार्ड संख्या 08 में शौचालय के टंकी का सेंटरिंग खोलने के क्रम में दो सगे भाइयों की मौत हो गई जबकि दो भाई जख्मी हो गया। मृतकों में 36 वर्षीय देवेंद्र महतो तथा 30 वर्षीय राजा कुमार जबकि जख्मियो में 21 वर्षीय पवन कुमार तथा अमित कुमार शामिल है। बताया जाता हे कि चारों भाई अपने ही घर में बने शौचालय के टंकी का सेंटरिंग खोल रहे थे। इसे खोलने के लिए राजा तथा देवेंद्र चेंबर हटाकर उसमें प्रवेश किया। काफी देर तक कोई हड़कत होता नहीं देखकर पवन और अमित भी उसमें प्रवेश किया तो अंदर दोनों को मृत पाया। इसके बाद इन दोनों को भी बेहोशी छाने लगी। दोनों को बेहोशी की हालत में इलाज के लिए निजी क्लीनिक में भर्ती किया गया है। घटना की सूचना पाकर थानाध्यक्ष दिनेश कुमार दल बल के साथ मौके पर पहुंच मामले की तहकीकात में जुट गये हैं।

## रिश्वत लेते राजस्व कर्मचारी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** जिले के सिरदला अंचल कार्यालय में एक बार फिर भ्रष्टाचार का मामला उजागर हुआ है। राजस्व कर्मचारी रंजीत कुमार पासवान को 50 हजार की रिश्वत लेते हुए निगरानी विभाग की टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई शुक्रवार को पटना निगरानी टीम द्वारा की गई जिसका नेतृत्व डीएसपी आदित्य राज कर रहे थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिरदला प्रखंड के चौकिया पंचायत में तैनात रंजीत कुमार पासवान ने बनियाडीह गांव निवासी उमेश प्रसाद यादव से दाखिल-खारिज प्रक्रिया में सहयोग के एवज में 50 हजार की रिश्वत मांगी थी। उमेश यादव ने इस संबंध में निगरानी विभाग में शिकायत दर्ज कराई थी। जांच के बाद शिकायत सही पाई गई और फिर तय योजना के तहत आरोपी को रंगे हाथ पकड़ने के लिए जाल बिछाया गया। शुक्रवार को जैसे ही उमेश यादव ने तय राशि राजस्व कर्मचारी को सौंपी, निगरानी टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे धर दबोचा। नोटों पर पहले से कैमिकल लगाए गए थे और पानी में हाथ धुलाते ही प्रमाण स्पष्ट हो गया। इसके बाद आरोपित को मौके से गिरफ्तार कर निगरानी टीम उसे अपने साथ पटना ले गई। गौरतलब है कि इसी अंचल कार्यालय से दो माह पूर्व भी 20 हजार रिश्वत लेते हुए राजस्व कर्मचारी रवि शंकर कुमार वर्मा को निगरानी ने गिरफ्तार किया था। लगातार दूसरे मामले ने सिरदला अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार की जड़ें उजागर कर दी है। स्थानीय लोगों में इस कार्रवाई को लेकर संतोष देखा गया है और अब अंचल कार्यालय में पारदर्शिता की मांग तेज हो गई है। वहीं जिला प्रशासन और निगरानी विभाग ने भी सख्त संदेश दिया है कि रिश्वतखोरी किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## विधान परिषद सदस्य अब विधायक कहलाएंगे

**पटना(नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** बिहार विधान परिषद के सदस्य भी अब 'विधायक' कहे जाएंगे। सदस्यों के लिए जारी नए परिचय पत्र में उन्हें यही पदनाम दिया गया है। सबसे ऊपर लिखा है-बिहार विधानमंडल। उसके नीचे विधायक। फिर विधान परिषद के सदस्य। असल में पदनाम में यह परिवर्तन विधान परिषद के बहुमत सदस्यों के आग्रह पर किया गया है। शिकायत थी कि उन्हें विधान पार्षद कहा जाता है। दूसरे राज्यों में जहां, विधान परिषद नहीं है, कभी-उन्हें नगर निकायों का पार्षद समझ लिया जाता था। परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने शुक्रवार को बताया कि इस विषय पर राजनीतिक दलों की भी राय ली गई थी। सर्वसम्मति के आधार पर ही यह परिवर्तन किया गया। उन्होंने स्वीकार किया कि कुछ सदस्यों की यह शिकायत थी कि उन्हें कई जगहों पर सामान्य पार्षद समझ लिया जाता है।




# दिलीप जायसवाल ने पूरा किया कार्यकाल का एक साल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने शुक्रवार को अपने कार्यकाल का एक वर्ष पूरा कर लिया। इस मौके पर भाजपा के सभी नेताओं ने उन्हें शुभकामनाएं दी। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, राज्य सरकार में मंत्री नीरज कुमार सिंह, मंत्री संजय सरावगी, मंत्री जीवेश मिश्रा, मंत्री सुमित कुमार, मंत्री संतोष सिंह तथा बिहार विधान परिषद् में भाजपा के मुख्य सचेतक, राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राष्ट्रीय मीडिया सह-प्रमुख डॉ संजय मयूख, विधान पार्षद अनिल शर्मा, विधान पार्षद निवेदिता सिंह, विधान पार्षद प्रमोद चंद्रवंशी, विधान पार्षद नीरज कुमार, विधान पार्षद रवींद्र सिंह, विधान पार्षद कृष्ण कुमार ऋषि एवं राज्य सभा सांसद मनन मिश्रा ने बिहार विधान परिषद् परिसर में उनका स्वागत किया और उनके नेतृत्व में बिहार विधान सभा चुनाव में एनडीए के विजयी होने का विश्वास व्यक्त किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने प्रदेश भाजपा अध्यक्ष श्री जायसवाल को बधाई देते हुए कहा कि आपके नेतृत्व में भाजपा सांगठनिक रूप से बिहार में मजबूत हुई है। हमारा सदस्यता अभियान भी काफी सफल रहा है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि इस बार के विधान सभा चुनाव में एनडीए को विजयी बनाने के लिए परिश्रम की पराकाष्ठा करेगी और एनडीए की भारी बहुमत से एक बार पुनः सरकार बनेगी। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने कहा कि हमारे कार्यकर्ता ही हमारे संगठन की पूंजी हैं। उनके बल पर ही भाजपा और एनडीए गठबंधन को लगातार जनता की सेवा करने का अवसर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आगामी बिहार विधान सभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी एवं एनडीए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारी बहुमत से जीत कर सरकार बनाएगी और बिहार के विकास को नई गति देगी।

# कुख्यात अपराधी अशोक यादव सहित दो गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास पुलिस ने जिले के चेनारी थाना क्षेत्र के लांझी पूल के पास से कुख्यात अपराधकर्मी अशोक यादव उर्फ अशोक सिंह व उसके सहयोगी नीतीश कुमार को गिरफ्तार किया गया। एसपी रौशन कुमार ने प्रेस वार्ता में कहा कि सासाराम एसडीपीओ के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया था। टीम को सूचना मिली कि अशोक अपने सहयोगी के साथ भभुआ गया हुआ है जो एक लूटे गये टेम्पो से करमचट होते लौटेगा। चेनारी थाना क्षेत्र के लांझी पूल के पास से लूटे गए टेंपू के साथ गिरफ्तार किया गया। अशोक यादव उर्फ अशोक सिंह शिवसागर थाना के पखनारी गांव का निवासी है। उसने पूछताछ में बताया कि चेनारी थाना क्षेत्र में जी.टी. रोड पर एक ट्रक ड्राइवर से मिल अपने सहयोगियों के साथ मिलकर लूट की घटना को अंजाम दिये थे। उसके पास से बरामद सीएनजी टेम्पो कैमूर के दुर्गावती थाना क्षेत्र से लूटी गयी है। उसने पूछताछ में बताया है कि गत 15 जुलाई को करगहर थाना क्षेत्र के मठिया गांव में ये अपने सहयोगियों के साथ मिलकर भूमि विवाद में दहशत फैलाने की नियत से फायरिंग की घटना को अंजाम दिये थे। उन्होंने बताया कि अशोक यादव उर्फ अशोक सिंह एक कुख्यात अपराधकर्मी है वह दो महीना पहले हीं जेल से बाहर निकला है। इन पर करीब दो दर्जन संगीन आपराधिक मामले दर्ज है। इनके द्वारा बताये गये अपराध में अन्य सहयोगियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। गिरफ्तार सहयोगी करगहर थाना के मठिया निवासी नीतीश कुमार की आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है। एसपी ने बताया कि गठित पुलिस टीम में शामिल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस निरीक्षक सह चेनारी थानाध्यक्ष रंजन कुमार, पुलिस निरीक्षक सह प्रभारी डीआईयू रोहतास राहुल कुमार, पुअनि अजय कुमार सहित सभी सदस्यों को इस कार्य के लिए पुरस्कृत किया जा रहा है।

# ढाई लाख की हेरोइन के साथ पांच तस्कर धराए

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुदरा।** शहर में स्थित निशान सिंह स्टेडियम में स्थानीय पुलिस ने छापेमारी कर ढाई लाख की हेरोइन के साथ पांच तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। तस्कर स्टेडियम में हेरोइन को बेचने के फिराक में थे। गिरफ्तार तस्करों में दो तस्करों को पुलिस पहले भी जेल भेज चुकी है। उनके पास से 5800 रुपये नगद व एक सैमसंग का एंड्रॉयड मोबाइल जब्त किया गया है। डीएसपी प्रदीप कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि स्टेडियम में तस्कर हेरोइन बेचने के फिराक में हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्टेडियम में छापेमारी की। छापेमारी में कुल 26.7 ग्राम हेरोइन जैसा पदार्थ बरामद किया गया जिसकी



कीमत लगभग ढाई लाख रुपये है। उनके पास से 58 सौ रुपये नगद व एक एंड्रॉयड मोबाइल जब्त किया गया। पुलिस ने मौके से पांच तस्करों को भी दबोच लिया जिसमें कुदरा के वार्ड नंबर नौ के हर्ष कुमार,19 वर्ष पिता गुड्डू सिंह, रोहतास जिला के चेनारी थाना के उगहनी गांव के सुधीर कुमार पासवान 32 वर्ष पिता पारस नाथ पासवान, कैमूर जिला के कुदरा थाना के शिवपुर (चिलबिली) गांव के राकेश कुमार 35 वर्ष पिता कपिल बिंद, बजरंगी कुमार 30 वर्ष पिता स्व. शिववरण बिंद व पप्पू बिंद 32 वर्ष पिता लक्ष्मण बिंद शामिल हैं। डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों में हर्ष कुमार व बजरंगी कुमार दोनों पहले भी जेल जा चुके हैं। मामले में थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ के बाद मिली जानकारी के अनुसार पुलिस तस्करी में शामिल अन्य तस्करों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। धराए तस्करों को पूछताछ के बाद उन्हें शुक्रवार को जेल भेज दिया।

# हंगामा और जातिसूचक नारों के खिलाफ बड़े आंदोलन की चेतावनी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**तिलौथू (रोहतास)।** तिलौथू हाई स्कूल के पूर्व प्रधानाध्यापक मैकू राम के खिलाफ पिछले दिनों तिलौथू में किए गए हंगामा व आपत्तिजनक नारा के विरोध में भीम आर्मी ने शुक्रवार को सरैया रविदास मंदिर में बैठक कर एक बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है। बैठक में भीम आर्मी के नेता अमित पासवान ने कहा कि जिस तिलौथू हाई स्कूल को राज्य स्तर पर बुलंदियों तक पूर्व प्रधानाध्यापक मैकू राम ले गए, उनके खिलाफ असामाजिक तत्वों द्वारा करीब एक साल से मुहिम चलाया जा रहा है। हद तो तब हो गई जब असामाजिक



तत्वों द्वारा तिलौथू के सड़कों पर पूर्व प्रधानाध्यापक मैकू राम के खिलाफ आपत्तिजनक नारा लगाया गया। जाति सूचक नारा लगाने वाले लोगों पर अब तक पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज व अन्य कोई कार्रवाई नहीं की। इससे जिले भर के दलित सामाज के लोगों में आक्रोश है। जिन लोगों ने शिक्षा के मंदिर को राजनीतिक अखाड़ा बना देने का काम किया और एक पार्टी विशेष के लोगों द्वारा दलित प्रधानाध्यापक के खिलाफ जाति सूचक नारा लगाया गया, उसे भीम आर्मी बर्दाश्त नहीं करेगी। पुलिस प्रशासनिक पदाधिकारी से मांग की गई है कि जिन-जिन लोगों की इनमें संलिप्तता है उन सभी लोगों को चिन्हित कर उन पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए अविलंब गिरफ्तारी की जाए। इस मामले को लेकर भीम आर्मी जिले के सभी प्रखंडों में बैठक कर एक बड़ा आंदोलन करेगी। बैठक में मुखिया प्रतिनिधि विनोद राम, अमन दास, डबल कुमार, सीटू पासवान, टाइगर पासवान, प्रदीप राम, संजय राम, दीपक पासवान, गोलू कुमार, मिथुन पासवान समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## ट्रेन की चपेट में आने से मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चेनारी (रोहतास)।** थाना क्षेत्र के चेनारी में एक दुखद घटना सामने आई है। थाना क्षेत्र के चेनारीडीह के टेंगर महतो के 52 वर्षीय पुत्र अजय महतो की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। घटना दीनदयाल उपाध्याय गया रेल खंड के कैमूर जिले के पुसौली एवं कुदरा रेलवे स्टेशन के बीच कर्मा गांव के आरओबी के नीचे अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची रेलवे पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सौंप दिया। आगे की कार्रवाई में पुलिस जुट गई है। मृतक की पहचान चेनारी थाना क्षेत्र के चेनारी डीह निवासी अजय महतो के रूप में की गई है।

# चोरी की पांच बाइक के साथ अन्तर जिला गिरोह के दो अपराधी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** जिले के नासरीगंज थाना क्षेत्र के दाउदनगर मोड़ के पास वाहन चेकिंग के दौरान गुरुवार देर रात चोरी की बाइक के साथ दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। इनके निशानदेही पर लाला अतिमि गांव से पांच को गिरफ्तार किया। एसपी रौशन कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया कि रात्रि के करीब 01:30 बजे एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति दाउदनगर की ओर से आ रहे थे जो पुलिस चेकिंग को देखकर चेकिंग स्थल से पहले ही मोटरसाइकिल घुमाकर भागने का प्रयास करने लगे जिसे पुलिस बल के द्वारा पीछा करते हुए पकड़कर अभिरक्षा में लिया गया। कैमूर जिले के भगवानपुर थाना के कसेर



निवासी रोहित राज व नासरीगंज थाना लाला अतिमी प्रेम कुमार से मोटरसाइकिल के कागजात की मांग की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि ये लोग राहगीरों से मोटरसाइकिल लूट तथा सार्वजनिक स्थानों से मोटरसाइकिल की चोरी करते हैं। गिरफ्तार लुटेरे ने बताया कि यह बाइक भभुआ के अधौरा थाना क्षेत्र से लूटी गई थी। इनकी निशानदेही पर सोन नदी के किनारे छिपाकर रखा हुआ नासरीगंज थाना क्षेत्र के लाला अतिमी से चोरी गए पल्सर मोटरसाइकिल सहित चोरी के तीन अन्य मोटरसाइकिल बरामद की गई। इसके गिरोह के रवि कुमार उर्फ रविशंकर कुमार व सोहित कुमार को थानाध्यक्ष, काराकाट के द्वारा गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि छापामारी दल में शामिल पुलिस निरीक्षक सह नासरीगंज थानाध्यक्ष अमित कुमार सहित सभी सदस्यों को पुरस्कृत किया जा रहा है।

# भाजपा डिहरी विधानसभा क्षेत्र की कार्यशाला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय कैनाल रोड स्थित सिटी सेंटर हॉस्पिटल में भाजपा डिहरी विधानसभा की कार्यशाला बैठक जिलाध्यक्ष संतोष पटेल की अध्यक्षता में हुई। सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि कर वंदे मातरम से शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शाहाबाद क्षेत्रीय सह प्रभारी अशोक भट्ट ने उपस्थित सभी पूर्व एवं वर्तमान के पदाधिकारी गण डिहरी संगठन सदस्य के सभी कार्यकर्तागण डिहरी विधानसभा के प्रभारी एवं संयोजक, मंच मोर्चा के सभी अध्यक्ष गण, संयोजक, पन्ना



प्रमुख के साथ वरिष्ठ कार्यकर्ता को आह्वान किया कि अपने-अपने बूथ को मजबूत कर विधानसभा को भारी से भारी मतों से जीत हासिल कर बिहार में मजबूत सरकार बनाना है।

बैठक में पूर्व विधायक इं. सत्यनारायण सिंह, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक राजू गुप्ता, जिला महामंत्री प्यारेलाल ओझा, विवेक सिंह, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अजय सिंह, बबल कश्यप, जिला प्रवक्ता प्रकाश गोस्वामी, प्रो. डॉ. कन्हैया सिंह, संजय गुप्ता, डिहरी विधानसभा प्रभारी महेन्द्र पासवान, डिहरी विधानसभा संयोजक डॉ नवीन नटराज सहित भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष आशुतोष सिंह ने किया।

# पंजाब नेशनल बैंक में एमएसएमई कार्यशाला का आयोजन

## बैंक उपभोक्ताओं को योजनाओं की दी गई जानकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** पंजाब नेशनल बैंक में शुक्रवार को एमएसएमई मेला का आयोजन किया गया। पंजाब नेशनल बैंक के मुख्य अतिथि उपमहाप्रबंधक देवेंद्र कुमार त्रिपाठी और मंडल प्रमुख प्रवीन कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित एवं फीता काट मेला का उद्घाटन किया। उप महाप्रबंधक देवेंद्र कुमार त्रिपाठी के अनुसार पंजाब नेशनल बैंक ने शिविर लगा एमएसएमई से इच्छुक उपभोक्ताओं को सही सलाह और ऋण देना है। ताकि उपभोक्ता ऋण को सही ढंग से अपने व्यवसाय में लगा सकें। मेला के आयोजन पर डिहरी शाखा में स्टेशन रोड, डालमियानगर, एनएमसीएच, करवंदिया, सासाराम, कुराईच, भेड़िया, अकोढीगोला आदि शाखा प्रबंधक शामिल थे। डिहरी शाखा के प्रबंधक अभिषेक कुमार ने बताया कि एमएसएमई ऋण के तहत कुल 12 उपभोक्ताओं को 3 करोड़ का ऋण दिया गया। एमएसएमई योजना में एमएसएमई प्राइम प्लस, जीएसटी एक्सप्रेस, ग्रोथ प्लस के बारे में उपभोक्ताओं को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक अभिषेक कुमार, इलियास अहमद, जमाल अख्तर, प्रवीण प्रताप, मिथिलेश वर्मा, अरविंद कुमार, चुनचुन कुमारी, रीना कुमारी, दीपाली कुमारी आदि मौजूद थे।

## ट्रेन से कटकर मिस्त्री की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुदरा।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन व सासाराम रेलखंड के कुदरा रेलवे स्टेशन से पश्चिम कर्मा रेलवे ओवरब्रिज के नीचे मालगाड़ी के चपेट में आने एक मिस्त्री की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पहुंची कुदरा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भभुआ भेज दिया। पुलिस ने बताया कि मिस्त्री का सिर धड़ से अलग हो गया था। थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि मृतक अजय कुमार रोहतास जिला के चेनारी थाना के चेनारी डीह गांव के टेंगर महतों का पुत्र था जो चेनारीडीह में एक आटा-चक्की का मिस्त्री था।

## एएसपी सह एसडीपीओ अतुलेश झा का मुटूर पांडेय ने किया स्वागत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी अनुमंडल कार्यालय स्थित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में नव पदस्थापित एएसपी सह एसडीपीओ अतुलेश झा को अनुमंडल विधिज्ञ संघ के पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पाण्डेय उर्फ मुटुर पाण्डेय ने फूलों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। श्री पाण्डेय ने एसडीपीओ से ध्यान आकृष्ट कराते हुए आग्रह किया कि न्यायालय गेट के सामने संपर्क पथ पर गलत ढंग से वाहन पार्किंग किए जाने पर अधिवक्ता एवं वकील, एंबुलेंस तथा न्याययिक पदाधिकारी एवं अधिकारियों के वाहनों को जाम का सामना करना पड़ता है। इस पर एसडीपीओ द्वारा समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया गया। स्वागत करने वाले में अधिवक्ता मनोज पाण्डेय, मनीषा दूबे, अभय दूबे आदि मौजूद थे।

## प्रमंडलीय व्यवसायिक सहकारी संघ के अध्यक्ष बनने पर बधाइयों का तांता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोचस।** बिहार स्टेट कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष रमेश चन्द्र चौबे व्यवसायिक सहकारी संघ के अध्यक्ष बनने पर बधाइयों का तांता लगा हुआ है।

कोचस पूर्व पैक्स अध्यक्ष सुरेन्द्र दुबे ने बताया कि श्री चौबे प्रमंडलीय व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष बनने से प्रमंडल के सभी किसानों को लाभ मिलेगा क्योंकि व्यवसायिक रूप से किसानों के द्वारा सभी उत्पादित सामानों को निर्धारित मूल्य पर पैक्स के माध्यम से खरीदारी की जाएगी। हालांकि इसके लिए पैक्स का सदस्य बनना पड़ता है। बधाई देने वालों में अगरसी डिहरा पैक्स अध्यक्ष अजय तिवारी, सरेंया पैक्स प्रकाश तिवारी, संजय राय, जितेन्द्र सिंह, प्रमोद सिंह, पूर्व पैक्स अध्यक्ष अनिल कुमार राय, लाल साहेब सिंह, सत्यनारायण मिश्रा, मुन्ना कुमार पासवान, रामाशंकर तिवारी, जनार्दन सिंह, सर्वेश्वर पाठक, नन्दलाल ओझा, विनोद सिंह आदि शामिल हैं।

# लोडेड देशी कट्टा के साथ दो अपराधी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार ने प्रेस वार्ता में बताया कि 24 जुलाई को थानाध्यक्ष, काराकाट थाना को आसूचना प्राप्त हुई कि थाना क्षेत्र के ग्राम-सिकरिया में काली मंदिर के पास तीन अपराधकर्मी बैठकर किसी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। थानाध्यक्ष, काराकाट के द्वारा प्राप्त आसूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना क्षेत्र के ग्राम सिकरिया में स्थित काली मंदिर के पास छापेमारी की गई जहां से सोहित कुमार पे. संतोष चौधरी एवं रवि कुमार उर्फ रविशंकर कुमार पे.-वंशी साव दोनों सा.-सिकरिया थाना-काराकाट जिला-रोहतास को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया जबकि तीसरा व्यक्ति चन्दन कुमार पुलिस को देखकर वहां से फरार हो गया। पुलिस अभिरक्षा में लिए गए सोहित कुमार एवं रवि कुमार से पूछताछ की गई जिसमें उनके द्वारा बताया गया कि ये लोग घरों में तथा सार्वजनिक स्थानों से मोटरसाइकिल की चोरी करते है जिसमें इनके अलावा इनके एक अन्य दोस्त चन्दन कुमार पे. बिहारी सिंह ग्राम-लाला अतमी थाना-नासरीगंज जिला-रोहतास भी शामिल हैं। थानाध्यक्ष, काराकाट के द्वारा अभिरक्षा में लिए गए सोहित कुमार एवं रवि कुमार के बताए अनुसार सोहित कुमार के घर से एक लोडेड देशी कट्टा एवं दो जिन्दा कारतूस तथा चन्दन कुमार पे.-बिहारी सिंह ग्राम-लाला अतमी थाना-नासरीगंज जिला रोहतास के घर से तीन चोरी का बड़ा बैटरी, तीन एण्ड्रॉयड मोबाइल फोन तथा दो कीपैड मोबाइल फोन बरामद की गई। चन्दन कुमार की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। इस काण्ड में गिरफ्तार दोनों अपराधकर्मियों से उनके अन्य किये गये अपराधों के संबंध में गहनता से पूछताछ की जा रही है तथा उनके द्वारा बताये गये तथ्यों का तकनिकी विश्लेषण कर अन्य काण्डों में इनलोगों की संलिप्तता के संबंध में जांच की जा रही है। छापामारी दल में शामिल काराकाट थानाध्यक्ष भागीरथी कुमार सहित अन्य सदस्यों को पुरस्कृत किया जा रहा है।

## बाइक व मोबाइल की चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**काराकाट।** थाना क्षेत्र से बाइक चोरी की एक वारदात मंगरा गांव में घटित हुई है। स्व. रंजीत पांडेय के पुत्र धनंजय पांडेय के घर के सामने से अहले सुबह 3 बजे से 3.30 चोरों ने मोटरसाइकिल और मोबाइल चुरा लिया। धनंजय ने बताया कि वे अपनी बाइक राजेश तिवारी पिता स्वर्गीय मनोहर तिवारी के मिल पर कई वर्षो से रात में खड़ा करते आ रहे हैं। लेकिन आज रात जब सभी लोग सो रहे थे तभी अज्ञात चोरों ने उनकी बाइक चुरा ली। सुबह 3:30 बजे चोरी घटना को सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई हैं। धनंजय ने यह भी कहा कि राजेश तिवारी के पुत्र प्रेम कुमार उर्फ गोलू भी सोए हुए थे और इस दौरान उनका मोबाइल भी चोर ले भागे। इसके लिए धनंजय ने काराकाट पुलिस को एक लिखित आवेदन दिया है। थानाध्यक्ष भागीरथ कुमार ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है और प्राथमिकता से मामला दर्ज कर लिया गया है।

# नेहरू पार्क में मना वन महोत्सव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** रोहतास वन विभाग व संत जोसेफ स्कूल के तत्वावधान में वन महोत्सव माह के तहत गुरुवार को सासाराम मुख्यालय स्थित नेहरू पार्क परिसर में वृक्षारोपण एवं वन संरक्षण के प्रति स्कूली बच्चों द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम का उद्घाटन फॉरेस्ट रेंजर दीपक कुमार सिंह, संत जोसेफ स्कूल निदेशक सह बिहार पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन जिलाध्यक्ष संतोष कुमार, फॉरेस्टर अमित कुमार प्रसाद, स्कूल प्रधानाचार्य शिवानी कुमारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फॉरेस्ट रेंजर दीपक कुमार सिंह ने वन महोत्सव के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, हरियाली को बढ़ावा और जैव विविधता की रक्षा का संदेश दिया गया। मौके पर विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से छात्रों ने जीवन में पेड़ों का महत्व बताया तथा वन संरक्षण का संदेश देते हुए छात्राओं ने नृत्य की प्रस्तुति से पेड़ों की पीढ़ा को अभिव्यक्त किया।

# काराकाट गोडारी में सार्वजनिक शौचालय व यूरिनल की व्यवस्था नहीं

## नगरवासियों ने नगर पंचायत की खराब व्यवस्था पर साधा निशाना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**काराकाट।** जिले के काराकाट नगर पंचायत बने ढाई वर्ष से अधिक हो गया और नगर के गोडारी और करूप में न तो सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था है और न ही पर्याप्त यूरिनल की। नगर में आने वाले यात्रियों और दुकानदारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। गौरतलब हो कि जिस शहर को ढाई साल पहले नगर पंचायत बनने का गौरव मिला उस नगर पंचायत की हालत आज भी वही है जो ग्राम पंचायत में थी। बदला है तो सिर्फ लोगों की भीड़ और समस्याओं का अंबार। आज तक न किसी ने सुध ली न ही लेने की दिलचस्पी दिखाई। समय के हाथों नियति के भरोसे छोड़ दिया। पूर्व मुखिया गोपेश प्रसाद ने भी इस मुद्दे की गंभीरता को उजागर करते हुए कहा कि शौचालय व यूरिनल का न होना एक शर्मसार करने वाली समस्या है। उन्होंने कहा कि गोडारी मुख्य बाजार गोडारी में प्रोजेक्ट गर्ल स्कूल एवं दर्जनों इंस्टीट्यूट और कोचिंग है जहां हजारों छात्राएं पढ़ने आती हैं। लड़कियां और महिलाएं इस समस्या से सबसे अधिक प्रभावित हैं। जागरूकता की कमी के कारण उनको रोज शर्मिंदगी उठानी पड़ती है। नगरवासी अशोक तिवारी ने कहा कि जहां काराकाट प्रखंड का मुख्यालय, थाना का मुख्यालय व नगर पंचायत का मुख्यालय गोडारी में ही स्थित है, वहां एक भी शौचालय और मूत्रालय न होना दुर्भाग्य है। नगर पंचायत की कुव्यवस्था पर टोंट कसते हुए उन्होंने कहा कि नगर पंचायत ढाई साल से ऊपर हो गए हैं। यहां गर्मियों में चार तम्बू में कोई कपड़ा बांधकर पानी का घड़ा रख देते हैं। न तो उसमें कभी पानी होता है और न ही घड़ा सुरक्षित रह पाता है। सुरक्षा और रखरखाव बेहतर नहीं रहती जिससे बच्चे घड़ा फोड़ देते हैं। इन सबका दोषी नगर के अधिकारी और प्रतिनिधि हैं। उन्होंने कहा कि यहां कार्यपालक पदाधिकारी कभी किसी का कॉल तक नहीं उठाते। वो तो ए.सी. गाड़ी से आते हैं, ए.सी. चैंबर में बैठते हैं और ए.सी. गाड़ी से चले जाते हैं। छात्र पुस्तक भंडार के उमेश कुमार कहते हैं कि दो दशक से ही हम गोडारी है, तब से आज तक कोई खास बदलाव नहीं हुआ गोडारी में जबकि इसके बाद में बने कई नगरों की कहानी इससे कई गुना बेहतर है।


**पूर्व मध्य रेल**

**खुली ई-निविदा सूचना**

**ई-निविदा संख्या: 24-25-13-एचआरटी-एबीएस-एलएचबी-3, दिनांक: 23.07.2025**

उप मुख्य यांत्रिक अभियंता, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत के द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **1. कार्य का नाम एवं स्थान:** कैरेज रिपेयर वर्कशॉप/हरनौत में एलएचबी एयर ब्रेक सिस्टम पाइप लाइनों और फिटिंग्स का कनेक्शन, डिसकनेक्शन और संबंधित गतिविधियों के लिए निविदा।, **2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि:** रू. 2,02,57,140.64 (रू दो करोड़ दो लाख संतावन हजार एक सौ चालीस एवं चौसठ पैसे मात्र), **3. निविदा प्रपत्र की राशि:** शून्य।, **4. अग्रधन की राशि:** रू. 2,51,300.00 (रू. दो लाख इकावन हजार तीन सौ मात्र), **5. निविदा कागजात जमा करने की एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय:** निविदा ऑन लाइन https://www.ireps.gov.in वेबसाईट पर प्रस्तुत की जानी है। निविदादाताओं द्वारा निर्धारित तिथि **13.08.2025** को 12:00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन 12:15 बजे निविदा खोली जायेगी।, **6. वेबसाईट का विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा का पूर्ण विवरण इत्यादि देखा जा सकता है।:** निविदा सूचना पात्रता मान दंड तथा निविदा प्रलेख क्रिस के वेबसाइट CRIS website: **https://www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है, एवं सूचना की पूर्ण जानकारी के लिये मुख्य कारखाना प्रबंधक का कार्यालय, प्रशासनिक भवन, सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत, नालंदा, बिहार-803110 के नोटिस बोर्ड में देखें। यदि जरूरी हुआ तो शुद्धि-पत्र वेबसाईट पर अपलोड होगा।

**उप मुख्य यांत्रिक अभियंता-।**
**सवारी डिब्बा मरम्मत कारखाना, हरनौत**

पीआर/0651/सीआरडब्लू-एचआरटी/एमईसीएच/टी/25-26/48



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं. ईएल-एमएलडीटी-ई-निविदा-374, दिनांक** 23.07.2025, वरिष्ठ मंडल बिजली अभियंता (सा.), पूर्व रेलवे, मालदा ऑफिस बिल्डिंग, पी.ओ.- झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी एवं वित्तीय संपन्न ख्यातिप्राप्त फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम :** साहिबगंज, जमालपुर स्थित आरआरआई में स्थापित स्क्रॉल कंप्रेसर 3X13.5 टन क्षमता के साथ एयर कूल्ड फ्लोर माउंटेड पैकेज्ड यूनिट एयर कंडीशनर के दैनिक संचालन और ओवरहालिंग सहित व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (एएमसी) और रिले रूम हंसडीहा, जंगीपुर रोड, न्यू फरक्का सेंट्रल में 2X8.5 टन पैकेज्ड एसी प्लांट और अहिरन हाल्ट, धुलियान गंगा, सुजनीपारा, न्यू फरक्का रिले हट में रिले रूम में 2X5.5 टन, कालिंद्री में 16.5 टन, महानंदा भवन में 38.5 टन और कॉन्फ्रेंस रूम/मालदा टाउन में 22 टन का 3 वर्ष की अवधि के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध (एएमसी)। **निविदा मूल्य :** रु. 80,03,293.83, **बयाना राशि:** रु. 1,60,100/-, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **ई-निविदा जमा देने की तिथि एवं समय:** दिनांक 31.07.2025 से 14.08.2025 को 15.30 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट :** वेबसाइट **www.ireps.gov.in** सूचना पटः वरिष्ठ मंडल बिजली अभियंता (सा.), पूर्व रेलवे, मालदा टाउन का कार्यालय। निविदाकारों से अनुरोध है कि वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में विस्तृत निविदा सूचना एवं कागजात देखें। किसी भी परिस्थिति में किसी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

MLD-120/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



बिहार सरकार

**नगर विकास एवं आवास विभाग**

कार्यपालक पदाधिकारी का कार्यालय,
नगर परिषद् दाउदनगर, औरंगाबाद

**अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

**संख्या- 07/2025-26 (E.T)**

**(E-Tendering On website – eproc2.bihar.gov.in)**

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :- कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिशद् दाउदनगर।
2. निविदा आमंत्रण सूचना निर्गत की तिथि :- दिनांक-23.07.2025
3. निविदा अपलोड करने की प्रारंभ तिथि/समय :- दिनांक 31.07.2025 को 11:00 बजे अपा0 से (on www.eproc2.bihar.gov.in)
4. प्री बीड मीटिंग का समय स्थान एवं तिथि :- दिनांक 29.07.2025 को 11:00 बजे पूर्वा0 स्थान कार्यालय नगर परिशद् दाउदनगर के सभागार में।
5. संवेदक द्वारा निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि/समय :- दिनांक 09.08.2025 को 03.00 बजे अपा0 तक (on www.eproc2.bihar.gov.in)
6. तकनिकी बीड खोलने की तिथि एवं समय :- दिनांक 11.08.2025 को 02.00 बजे पूर्वा0 के बाद (on www.eproc2.bihar.gov.in)
7. वित्तिय बीड खोलने की तिथि एवं समय :- **तकनीकी बीड के निश्पादन के पश्चात्।**
8. **निविदा में सफल निविदाकार को आवश्यक कागजात जैसे** – सभी शपथ प्त्र (मूल में), Existing Commitment (मूल में) अग्रधन राशि के रूप में जमा बैंक गारंटी मूल प्रति/ऑनलाइन जमा प्राप्ति प्रति (मूल में), परिमाण विपत्र का ऑनलाइन जमा प्राप्ति प्रति (मूल में) एकरारनामा के पूर्व जमा करना अनिवार्य होगा।
9. **कार्य का विवरण :-**

| क्र0 सं0 | कार्य क्षेत्र का नाम | कार्य का नाम | परिमाण विपत्र की राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (Through online payment) | Bid Processing Fee (Through online payment) (अप्रत्यर्पणीय) (रू0 में) | कार्य समाप्ति की अवधि (इन्क्लुडिंग मौनसुन की अवधि माह में |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद् दाउदनगर। | नगर परिशद् दाउदनगर क्षेत्रान्तर्गत वार्ड सं0- 16 में 10 TPD सुखे कचड़ो को प्रसंस्करण हेतु MRF Center का निर्माण कार्य। | 25794100.00 | 516000.00 | 10000.00 | As Per E-Proc2 | छह माह |
| 2 | | नगर परिशद् दाउदनगर क्षेत्रान्तर्गत वार्ड सं0- 16 में 13 TPD का Windrow का निर्माण कार्य। | 16478600.00 | 329600.00 | 10000.00 | As Per E-Proc2 | छह माह |

**Note :-** Bidders should submit Bid Processing fee through on-line Payment as Per Amount Generated on Website **https://eproc2.bihar.gov.in/**

विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेबसाईट **www.eproc2.bihar.gov.in** अथवा **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** में देखा जा सकता है।

**कार्यपालक पदाधिकारी**
**नगर परिषद् दाउदनगर**

PR- 009455 (B & C) 2025-26

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

# डीएम रवि प्रकाश ने सुनीं आमजन की समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** जिला समाहरणालय सभाकक्ष में गुरुवार को जिलाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रखंडों से आए आमजन ने भूमि विवाद, पेंशन, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली बिल, राशन कार्ड एवं राजस्व से जुड़ी शिकायतें रखी। कुल 42 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से कई मामलों का तत्काल समाधान कर पीड़ितों को राहत प्रदान की गई। जनता दरबार में नवादा प्रखंड के कादिरगंज ग्राम से आए लोगों ने मकान और दुकान तोड़े जाने की शिकायत की, वहीं वार्ड संख्या 28 की चम्पा देवी ने आवास योजना से जुड़ी परेशानी रखी। गोनावां के राजीव रंजन ने गलत बिजली बिल की शिकायत की, जबकि नारदीगंज के गोतरायन ग्राम निवासी योगेन्द्र प्रसाद ने जमीन जालसाजी का मामला उठाया। इसी थाना क्षेत्र की परमा ग्राम निवासी चम्पा देवी ने भी जमीन विवाद का आवेदन दिया। मेसकौर प्रखंड के वेलवान गांव की सुनीता देवी ने मकान निर्माण में बाधा की शिकायत की, जबकि नारदीगंज प्रखंड के कहुआरा की सुन्दरी देवी ने इंदिरा आवास योजना की राशि मिलने के बाद भी मकान न बनने देने की बात कही। जिलाधिकारी रवि प्रकाश ने संबंधित अधिकारियों से बात कर कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन कराया। शेष आवेदनों को शीघ्र समाधान हेतु संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं के निपटारे में संवेदनशीलता और तत्परता बरती जाए। डीएम ने कहा कि जनता दरबार, शासन और आमजन के बीच सेतु है। इसका उद्देश्य नागरिकों को त्वरित, पारदर्शी और न्यायसंगत समाधान प्रदान करना है। इस अवसर पर अपर समाहर्त्ता डॉ. अनिल कुमार तिवारी, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी शम्भु शरण पाण्डेय, गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार, स्थापना शाखा के प्रभारी डॉ. राजकुमार सिन्हा समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बाढ़ पीड़ित किसानों ने मुआवजा की मांग को लेकर अनुमंडल कार्यालय पर दिया धरना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**हिलसा (नालंदा)।** बिहार राज्य किसान सभा के बैनर तले शुक्रवार को हिलसा अनुमंडल कार्यालय पर बाढ़ पीड़ित किसानों ने मुआवजा व कोरावां पंचायत को बाढ़ग्रस्त घोषित किए जाने की मांग को लेकर विशाल धरना दिया। धरने की अध्यक्षता किसान सभा की नालंदा जिला इकाई के अध्यक्ष वाल्मीकि प्रसाद ने की। आंदोलनकारियों ने कहा कि लोकयन नदी में एक माह के भीतर दो बार आई भीषण बाढ़ के कारण कोरावां पंचायत सहित आसपास के गांवों में फसल पूरी तरह नष्ट हो गई है, घरों में पानी घुस गया और कई परिवारों को पलायन करना पड़ा। इसके बावजूद अब तक प्रभावितों को मुआवजा नहीं मिला है। धरने में शामिल किसानों ने कहा कि गर्माधान, बिचड़ा, मक्का, मूंग, सब्जी सहित सभी फसलें पूरी तरह बर्बाद हो चुकी हैं। ऐसे में आर्थिक रूप से टूट चुके किसानों को तत्काल मुआवजा राशि दी जाए। साथ ही कोरावां पंचायत को बाढ़ क्षेत्र घोषित किया जाए।

धरना स्थल पर वक्ताओं ने केंद्र और राज्य सरकार पर किसानों की उपेक्षा का आरोप लगाया और कहा कि प्रशासन सिर्फ प्रमुख तटबंधों की मरम्मत कर रहा है, जबकि दर्जनों स्थानों पर तटबंध क्षतिग्रस्त हैं जिन पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। प्रभावित गांवों में मटाढ, बढही बिगहा, चंपडी, कोरामा, हसनपुर, कुसेता, पार विगहा, अरहापर, मणी विगहा, जलालपुर, दमोदरपुर सहित कई इलाकों में तटबंध क्षतिग्रस्त हैं और लोगों ने आपसी सहयोग से मरम्मत का कार्य शुरू किया है। धरने में उपस्थित लोगों ने आरोप लगाया कि अंचल अधिकारी ने ड्रोन से केवल दक्षिणी क्षेत्र का सर्वे किया, जबकि उत्तर दिशा में जहां स्थिति अधिक भयावह है, वहां अब तक प्रशासन नहीं पहुंचा। खासकर हसनपुर, कोनियापर, हरबंशपुर और मड़वा जैसे नीचले इलाकों में पानी पखवाड़े भर तक जमा रहता है, जिससे लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस मौके पर भाकपा (माले) के अंचल सचिव विजेंद्र प्रसाद, रविंद्र प्रसाद, सुमित्रा देवी, रंजीत कुमार, डोमन पासवान, पवन प्रसाद, रामसागर प्रसाद, कृष्ण प्रसाद, राजेंद्र प्रसाद, वाल्मीकि प्रसाद, शैलेंद्र प्रसाद, बालकिशुन यादव, विनीता देवी, कपिल पासवान सहित सैकड़ों किसान उपस्थित थे। धरना समाप्ति के बाद प्रशासन को स्मार पत्र सौंपकर मांगों को जल्द पूरा करने की चेतावनी दी गई।

# घायल किशोरी अंजली की इलाज के दौरान मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नगरनौसा थाना क्षेत्र के गोराईपुर गांव में 7 जुलाई को हुई गोलीबारी की घटना में घायल किशोरी अंजली कुमारी (17 वर्ष) ने शुक्रवार को पावापुरी मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतका अंजली कुमारी, गांव निवासी लक्ष्मण प्रसाद की पुत्री थी। उसे गोली बायीं जांघ में लगी थी। परिजनों ने बताया कि घटना के दिन अंजली अपने भाई को बुलाने घर से निकली थी, तभी गोलीबारी की चपेट में आ गई। पहले उसे नगरनौसा पीएचसी, फिर बिहारशरीफ सदर अस्पताल और अंततः पावापुरी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। गौरतलब है कि 7 जुलाई की सुबह गोराईपुर गांव में अशोक पासवान और इंदल पासवान के बीच पुराने विवाद को लेकर विवाद, मारपीट और फिर गोलीबारी हुई थी। इसी दौरान अंजली को गोली लगी थी।

पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वहीं, कुल आठ लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# डिजिटल समाधान: ग्राम कचहरियों में लागू हुआ ई-कोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** अब गांवों में आपसी विवादों के निपटारे के लिए न्याय और भी निकट और सुगम हो गया है। पंचायती राज विभाग, बिहार, द्वारा ग्राम कचहरियों में लंबित दीवानी व फौजदारी वादों के त्वरित और पारदर्शी निष्पादन हेतु ई-ग्राम कचहरी कोर्ट मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल की शुरुआत की गई है। इस डिजिटल व्यवस्था के माध्यम से अब राज्य की सभी ग्राम कचहरियों में दर्ज मामलों की ऑनलाइन प्रविष्टि, अनुश्रवण और निष्पादन किया जा रहा है। गौरतलब है कि बिहार पंचायत राज अधिनियम, 2006 की धारा 106 के तहत ग्राम कचहरियों को भारतीय न्याय संहिता, 2023 तथा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की 40 धाराओं के अंतर्गत मामलों की सुनवाई का अधिकार प्राप्त है। इसमें संपत्ति का गबन, लड़ाई-झगड़ा, दंगा, जबरन श्रम, हमला, शांति भंग, अश्लीलता, रास्ता-जगह-जगड़ा, भूमि विवाद आदि जैसे मामलों का निपटारा ग्राम कचहरी स्तर पर किया जा सकता है। इस व्यवस्था को प्रभावी बनाने हेतु नवादा जिलाधिकारी रवि प्रकाश और पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान द्वारा महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए हैं: भूमि विवाद या आपसी झगड़े ग्राम कचहरी को भेजें: थानों एवं अंचल कार्यालयों में दर्ज ऐसे सभी विवाद जिनमें स्थानीय समाधान संभव है, उनकी जानकारी स्टेशन डायरी या अंचल अभिलेखों में सुरक्षित रखते हुए नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाए और उसे संबंधित ग्राम कचहरी को अग्रसारित किया जाए।

**नोटिस तामिला में चौकीदारों की भूमिका:** ग्राम कचहरियों में न्याय प्रक्रिया को प्रभावी बनाने हेतु चौकीदारों की सेवा अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाए, ताकि नोटिस समय पर संबंधित पक्ष तक पहुंचे और मामलों में विलंब न हो।

प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी होंगे नोडल: प्रत्येक प्रखंड में पंचायत राज पदाधिकारी को पोर्टल के लिए नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है, जो थानों या अंचलों से प्राप्त मामलों को ई-पोर्टल पर अपलोड कर संबंधित ग्राम कचहरी को भेजेंगे और निष्पादन की स्थिति की निगरानी करेंगे। निर्णय होने पर इसकी सूचना संबंधित थाना या अंचल को तत्काल दी जाएगी। सभी विभाग समन्वय से करें कार्य: अंचल अधिकारी, थानाध्यक्ष और पंचायत राज पदाधिकारी आपसी समन्वय बनाकर इस पोर्टल के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करें और ग्राम कचहरियों को आवश्यक सहयोग दें। यह डिजिटल पहल न सिर्फ आम लोगों को त्वरित और सुलभ न्याय उपलब्ध कराएगी, बल्कि इससे पुलिस और न्यायालयों का बोझ भी कम होगा।

# स्वर्ण व्यवसायी के साथ बदमाशों ने की मारपीट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** शुक्रवार को एकंगरसराय बाजार स्थित दीपक ज्वेलर्स के मालिक मानिकचन्द्र सोनी के साथ बदमाशों ने मारपीट कर दुकान में रखा करीब डेढ-दो लाख की जेवरात लेकर भाग गये। जख्मी स्वर्ण व्यवसायी मानिकचन्द्र सोनी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एकंगरसराय में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल बिहारशरीफ रेफर कर दिया है। पीड़ित दुकानदार मानिकचन्द सोनी ने एकंगरसराय थाने में करीब आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध आवेदन दिया है। पीड़ित दुकानदार मानिकचन्द्र सोनी ने बताया कि शुक्रवार को मैं अपने दुकान में बैठे हुए थे, कि दुकान में मुन्ना कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, चंदन सोनी सभी काजियांन मुहल्ले इस्लामपुर एवं राकेश स्वर्णकार पलामू जिले के हरिहरगंज का रहने वाले एवं तीन-चार अज्ञात लोगों ने दुकान में आकर उलझने लगा। मारपीट कर गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। मेरा माथे से काफी खून बहने लगा। दुकान में रखा करीब डेढ़-दो लाख रुपये सोने की आभुषण लेकर भाग गया। बदमाशों ने पूरे परिवार को जान से मार देने की धमकी भी दिया है। जिससे पूरे परिवार में दहशत का माहौल बना हुआ है।

# डीएम ने की 15 मामलों की सुनवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के तहत द्वितीय अपीलीय प्राधिकार के रूप में कार्य करते हुए आज 15 मामलों की सुनवाई की। इनमें से कई मामलों का निपटारा सुनवाई से पहले ही संबंधित लोक प्राधिकार द्वारा कर दिया गया था, जबकि कुछ मामलों में संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने विभिन्न अंचलों से आए मामलों की सुनवाई की, जिनमें जमीन विवाद, अतिक्रमण, पेंशन योजना, जल जीवन हरियाली और निर्माण कार्य से संबंधित समस्याएं शामिल थी। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने और रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी और संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे। जिलाधिकारी के निर्देशों के बाद कई मामलों का निपटारा किया गया, जिससे लोगों को राहत मिली।

# केएलएस कॉलेज में प्राध्यापक पर हमले की शिक्षकों ने की कड़ी निंदा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** केएलएस कॉलेज, नवादा के रसायन विभाग में कार्यरत सहायक प्राध्यापक डॉ. शिन-चंद्र कुमार पर 22 जुलाई को हुए हमले की घटना की टीएस कॉलेज, हिसुआ के शिक्षक संघ ने कड़े शब्दों में निंदा की है। शुक्रवार को शिक्षक संघ की एक आपात बैठक शिक्षक कक्ष में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता संघ के सचिव सुंदर शर्मा ने की। बैठक में सभी सदस्यों ने इस घटना को शैक्षणिक वातावरण पर हमला बताते हुए कहा कि ऐसे कृत्य समाज में शिक्षा और शिक्षकों के प्रति बढ़ रही असहिष्णुता को दर्शाते हैं। संघ ने महाविद्यालय और विश्वविद्यालय प्रशासन से यह सुनिश्चित करने की मांग की कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस संदर्भ में एक प्रस्ताव भी पारित किया गया। शिक्षक संघ ने हमलावरों की शीघ्र गिरफ्तारी और उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की है। बैठक में कहा गया कि असामाजिक तत्वों द्वारा की गई इस जानलेवा घटना से पूरा शैक्षणिक समुदाय स्तब्ध है और स्वयं को असुरक्षित महसूस कर रहा है। डॉ. संजय कुमार ने बैठक में कहा शिक्षक समाज का निर्माता होता है। उस पर हमला सिर्फ एक व्यक्ति पर नहीं, पूरे ज्ञान और संस्कार पर हमला है।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालयों में लॉटरी के माध्यम से नामांकन प्रक्रिया संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** जिले में संचालित डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए वर्ग 2 से 5 तक के छात्र-छात्राओं के नामांकन हेतु लॉटरी प्रक्रिया गुरुवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुई। यह कार्यक्रम डीआरडीए सभागार, नवादा में आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता जिला कल्याण पदाधिकारी प्रकाश प्रिया रंजन एवं स्थापना उप समाहर्ता डॉ. राजकुमार सिन्हा ने संयुक्त रूप से की। यह चयन प्रक्रिया छीजन योजना के अंतर्गत आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में आवेदकों के अभिभावकों ने भाग लिया। चयन पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से लॉटरी के माध्यम से किया गया। चयनित विद्यालयों का विवरण इस प्रकार है:

डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय, गोंदापुर : 14 छात्र/छात्राएं

डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय, रजौली : 13 छात्र/छात्राएं

डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालय, सिरदला : 9 छात्र/छात्राएं

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज के वंचित, पिछड़े और प्रतिभाशाली बच्चों को गुणवत्तापूर्ण आवासीय शिक्षा उपलब्ध कराना है, जिससे वे मुख्यधारा से जुड़ सकें और अपने भविष्य को बेहतर दिशा दे सकें।

# बदलते और प्रगतिशील बिहार की तस्वीर पर जिला स्तरीय प्रतियोगिता संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**निबंध, परिचर्चा और पेंटिंग में प्रतिभाओं ने बिखेरी चमक, चयनित छात्र करेंगे प्रमंडल स्तर पर नवादा का प्रतिनिधित्व**

**नवादा।** शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के निर्देशानुसार बदलते और प्रगतिशील बिहार की तस्वीर विषय पर आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 25 जुलाई 2025 को डायट, नवादा में संपन्न हुआ। इस प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न प्रखंडों से चयनित छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मकता व चिंतनशीलता का परिचय दिया।

प्रतियोगिता तीन विधाओं–निबंध लेखन, परिचर्चा और पेंटिंग–में दो समूहों में आयोजित की गई:

समूह-1: कक्षा 6 से 8

समूह-2: कक्षा 9 से 12

कार्यक्रम का उद्घाटन डाइट के प्राचार्य ने दीप प्रज्वलन कर किया। मंच संचालन राकेश कुमार (शिक्षक) ने किया। आयोजन की सफलता में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (सर्व शिक्षा अभियान) एवं गुणवत्ता शिक्षा समन्वयक, बिहार शिक्षा परियोजना, नवादा की भूमिका सराहनीय रही।

प्रत्येक विधा एवं समूह में प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी आगामी 30 जुलाई 2025 को होने वाली प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता में नवादा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। सभी चयनित प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र व सम्मान से नवाजा जाएगा।

विजेता प्रतिभागियों की सूची इस प्रकार है:

**परिचर्चा**

समूह 9-12: कृपा तुलसी - प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय, नवादा

समूह 6-8: पल्लवी कुमारी - उत्क्रमित मध्य विद्यालय, रजौली

**पेंटिंग**

समूह 9-12: राज नंदनी कुमारी - यू.यू.एम.वि, पछियाडीह, नवादा - समूह 6-8: कुमारी अनुष्का - मध्य विद्यालय, रामपुर (नरहट)

**निबंध लेखन**

समूह 9-12: शिवानी कुमारी - महंथ रामधन पूरी उच्च विद्यालय, बुधौली

समूह 6-8: सौम्या भारती - उत्क्रमित मध्य विद्यालय, बीजू बिगहा (मेसकौर)।

प्रतियोगिता के आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को सामाजिक विषयों पर सोचने, लिखने और अभिव्यक्त करने की प्रेरणा देना था। इस प्रकार की बौद्धिक एवं रचनात्मक गतिविधियां न केवल छात्रों के व्यक्तित्व विकास में सहायक होती हैं, बल्कि शिक्षा को भी अधिक जीवंत और अर्थपूर्ण बनाती है।

# नवादा में 26 जुलाई को लगेगा एकदिवसीय रोजगार कैंप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले के बेरोजगार युवाओं के लिए एक अच्छा अवसर सामने आया है। श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना के निर्देशानुसार जिला नियोजनालय, नवादा द्वारा आगामी 26 जुलाई 2025 (शनिवार) को संयुक्त श्रम भवन परिसर (सरकारी आईटीआई), नवादा में एकदिवसीय रोजगार कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि इस रोजगार कैंप में नवोदय सशक्तिकरण वेलफेयर फाउंडेशन, किशनगंज की ओर से ब्लॉक सुपरवाइजर के 14 पद, पंचायत सुपरवाइजर के 28 पद तथा ऑफिस क्लर्क के 1 पद के लिए योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता इस प्रकार निर्धारित की गई है:

ब्लॉक सुपरवाइजर: न्यूनतम स्नातक

पंचायत सुपरवाइजर: 12वीं उत्तीर्ण

ऑफिस क्लर्क: स्नातक

इन पदों पर 8,000 से ?15,000 तक प्रतिमाह वेतनमान निर्धारित है। न्यूनतम आयु सीमा 19 वर्ष रखी गई है।

इसके अलावा वूमेन आईटीआई नवादा में लर्नर फैसलिलेटर के दो पदों पर भी बहाली की जाएगी। इसके लिए शैक्षणिक योग्यता इंटरमीडिएट के साथ केवाईपी-डीसीए निर्धारित है। आयु सीमा 18 से 30 वर्ष तथा वेतनमान 10,000 से 12,000 प्रतिमाह होगा।

# फंदे से लटका मिला विवाहिता का मिला शव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हिसुआ।** जिले के हिसुआ थाना क्षेत्र के धनमा गांव में एक विवाहिता की शव फांसी के फंदे पर लटका मिला है। मृतका की पहचान अकबरपुर प्रखंड के रूनीपुर गांव निवासी सुबोध ठाकुर की 20 वर्षीया पुत्री राखी कुमारी के रूप में हुई है। राखी का विवाह 11 मई 2025 को हिंदू रीति-रिवाज से हिसुआ प्रखंड के धनमा गांव निवासी सुमन शर्मा के पुत्र रोहित शर्मा से हुआ था। मृतका के भाई प्रिंस कुमार के अनुसार, शादी के कुछ दिन बाद से ही राखी को प्रताड़ित किया जाने लगा था। परिवार का आरोप है कि ससुराल वालों ने फ्रिज, तीन लाख रुपये और बुलेट मोटरसाइकिल जैसे दहेज की मांग की थी। गुरुवार को प्रिंस कुमार को सूचना मिली कि उनकी बहन की हत्या कर दी गई है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोड़कर अंदर गई। मृतका के गले पर निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या की आशंका बढ़ गई है।


**JHARKHAND BIJLI VITRAN NIGAM LIMITED**
**(CIN No. U40108JH2013SGC001702) Electric Supply Circle, Daltonganj**

**Tender Notice**

Sealed Tender in two Part (Part – I Technical and commercial and Part – II Price part) subscribed on sealed envelope with Lah are invited from the reputed tenderers having good experience of following same type of civil works and having sound financial status.

| Sl. No | NIT No. | Name of the works | Estimated cost in (Rs.) | Time for completion (Day) | Earnest money to be deposited in (Rs.) | Cost of BOQ (Non-Refundable in (Rs.) | Late date and time for submission of tender | Date and time for opening of Tender |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 117/PR/JBVNL/ 2025-26 | Repair and maintenance control room building and allied civil works of 33/11KV PSS Latehar under Electric Supply Circle, Daltonganj | 399900/– | (03) Three Months | 8000.00 | 885.00 (Including 18% GST ) | 19 /08 /2025 upto 03:00 PM | 19/ 08/2025 at 03:30 PM |

The tender documents can be purchased from the office of the undersigned from any working day till one day before the date of submission of tender in office working hours after depositing cost of B.O.Q. (Non-refundable) with Account officer, Electric Supply circle, Daltonganj in shape of Bank draft.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
Electrical Superintending Engineer
Electric Supply Circle, Daltonganj

PR 358234 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd)25-26*D



**कार्यालय, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत, छत्तरपुर**
**Add:- Near Sub- Divisional Office, Chhattarpur, Palamu(JH)-822113,[Email:- np.chhattarpur2018@gmail.com]**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – NPC/04/2025–26**

नगर पंचायत, छत्तरपुर द्वारा संचालित अर्बन आयुश्मान आरोग्य मंदीर में उपयोग हेतु निम्नाकिंत चिकित्सीय आपूर्ति (दवा एवं उपचार सामग्री) की आपूर्ति हेतु निबंधित निर्माता/प्रतिशठानों/प्राधिकृत एजेंसियों से निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नवत है:–

| Sl. No. | Particulars | Quoted Rate | Tender Fee | Last date and time of submission of document | Opening Date and Time |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Amlodipine Tab. (5mg) | | 5000.00 | Date 02.08.2025 Time 2.00 P.M. | Date 02.08.2025 Time 3.00 P.M. |
| 2 | *Amoxicillin + Clavulinic Acid Tab.(625mg) | | | | |
| 3 | Azithromycin Tab. (500mg) | | | | |
| 4 | Aceclofenac+ PCM Tab (100mg + 325 mg) | | | | |
| 5 | *Calcium carbonate + Vitamin D3 Tab. (500mg) | | | | |
| 6 | *Cetrizine 10mg | | | | |
| 7 | *Diclofenac Sodium + PCM Tab. (50mg +325 mg) | | | | |
| 8 | Antispasmodic Tab ( Dicyclomine 20mg + PCM 325mg) | | | | |
| 9 | Domperidone Tab 10mg | | | | |
| 10 | Doxycycline Capsule 100mg | | | | |
| 11 | Ibuprofun+ PCM Tab | | | | |
| 12 | Fluconazole cap/tab | | | | |
| 13 | Glimepride Tab (2mg) | | | | |
| 14 | *Levocetrizine Tab( 5mg) | | | | |
| 15 | *Omeprazole + Domperidone (20+10mg) | | | | |
| 16 | Ofloxacin+ Orinidazole Tab (200 + 500mg) | | | | |
| 17 | *Paracetamol Tab (650 mg) | | | | |
| 18 | *Pantoprazole Tab (40mg) | | | | |
| 19 | *Montelucast + Levocetrizine Tab (10mg + 5mg ) | | | | |
| 20 | Telimisartan Tab (40 mg) | | | | |
| 21 | *PCM Syp (60ml) 250mg / 5ml | | | | |
| 22 | Antacid Syp (170ml) | | | | |
| 23 | *Amoxicillin Dry Syp (60ml) | | | | |
| 24 | Metformin SR Tab (500mg) | | | | |
| 25 | Glimepride Tab (2mg) | | | | |
| 26 | Cefixime Dry Syp. (30ml) 50mg/ 5ml | | | | |
| 27 | Povidone Iodine oint (15gm) | | | | |
| 28 | *Dr. Morpean Glucometer & Glucometer Strip of same company | | | | |
| 29 | B.p Appartus Machine | | | | |
| 30 | Eye drop – methyl cellulose | | | | |
| **SL. No.** | **Diagnostic Test** | **Product/ equipment required for testing** | | | |
| 01 | Hemoglobin | Digital hemoglobinmeter & strip | | | |
| 02 | Dengue/ Typhoid | **Rapid card test for NS1 antigen and IGM and IgG Antibodies** | | | |
| 03 | HbAg test for hepatitis B | Rapid card test | | | |
| 04 | Syphilis | Rapid kit | | | |

नोट :– नियम एवं शर्त कार्यालय, नगर पंचायत, छत्तरपुर के सूचना पट्ट एवं नगर विकास एवं आवास विभाग के वेबसाईट https://udhad.jharkhand.gov.in/ulb/Chhattarpur/Chhattarpur.aspx पर देखा जा सकताहै।

PR 358235 (District)25-26*D

प्रशासक, नगर पंचायत, छत्तरपुर

## डीएम-एसएसपी ने रेलवे के पदाधिकारियों के साथ की बैठक

# शौचालयों की नियमित सफाई करवाते रहने के दिए निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** पितृपक्ष मेला 2025 के अवसर पर देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं जो खासकर विभिन्न ट्रेन के माध्यम से आएंगे, उनकी सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को बेहतर तथा सुगमता बनाने के उद्देश्य से जिले के डीएम शशांक शुभंकर एवं एसएसपी आनंद कुमार की अध्यक्षता में रेलवे स्टेशन के बाहरी परिसर में बने सभागार में रेलवे स्टेशन के तमाम वरीय पदाधिकारियों, जीआरपी, आरपीएफ तथा जिला प्रशासन के वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक की गई। विदित हो कि इस वर्ष 06 सितंबर से 21 सितंबर तक पितृपक्ष मेला का आयोजन रहेगा। इसमें बड़ी संख्या में यात्री रेल मार्ग से गया जी आते हैं। बैठक में स्टेशन के पदाधिकारी ने बताया कि वर्तमान समय में लगभग 85 जोड़ी से ऊपर ट्रेन का परिचालन है। 40 हजार से 50 हजार यात्री प्रतिदिन गया रेलवे स्टेशन से यात्रा कर रहे हैं। पितृपक्ष मेला के समय लगभग 80 हजार से 90 हजार यात्री प्रतिदिन गया जिला आते हैं। (फुट फॉल का आंकड़ा) इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र तथा हरियाणा राज्य से ज्यादातर तीर्थयात्री आते हैं। बैठक में बताया गया कि ज्यादातर ट्रेनें रात्रि 09 से सुबह 04 बजे समय के बीच ही आती है। यात्रियों की सुविधा हेतु कुल 20 टॉयलेट की व्यवस्था है जिसमें 5 रेलवे स्टेशन के अंदर तथा 15 रेलवे स्टेशन के बाहर में है। इसके अलावा टेंपरेरी टॉयलेट का भी निर्माण करवाया जा रहा है। डीएम ने सभी शौचालयों को नियमित साफ-सफाई अच्छे तरीके से साफ सफाई करवाते रहने का निर्देश दिए। रेलवे अपना सारा व्यवस्था को दुरुस्त रखे। मेला अवधि में लगातार टॉयलेट की सफाई सुनिश्चित करवाये। पेयजल के संबंध में निर्देश दिया है कि प्लेटफार्म पर पेयजल की व्यवस्था पर्याप्त संख्या में करवाई इसके अलावा प्लेटफार्म के बाहरी परिसर में भी पेयजल की व्यवस्था रखना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पानी के क्वालिटी की जांच करवाया जाए ताकि हर हाल में यात्रियों को शुद्ध पानी पीने के लिए मिल सके। पेयजल की व्यवस्था एवं टॉयलेट की व्यवस्था जहां-जहां पर रखी जानी है, यात्रियों की सुविधा के लिए पर्याप्त साइनेज लगवा दें ताकि लोगों को इसकी जानकारी मिल सके। इसके अलावा एंट्री गेट एवं एग्जिट गेट कहां-कहां पर हैं इसका भी साइनेज लगवाएं। प्लेटफार्म के सीढियों पर चढ़ने के दौरान विष्णुपद मंदिर किस दिशा में पड़ता है, किस दिशा में जाना है इत्यादि संबंधित भी साइनेज प्लेटफार्म पर लगवाएं ताकि यात्रियों को पूरी मदद मिल सके।

## आईटीबीपी जवान की पीटकर हत्या, छानबीन में जुटी पुलिस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गयाजी)।** वजीरगंज थाना के बिहिआइन गांव में गुरूवार की रात को 34 वर्षीय आईटीबीपी जवान संजय कुमार की पीटकर हत्या कर दी गई। जवान संजय कुमार तबादले के बाद छुट्टी पर घर आये हुए थे जिन्हें उसी गांव कुछ लोगों ने पूर्व के रंजीश के कारण हत्या कर दी। मारपीट के बाद घायल संजय कुमार को एएनएमसीएच इलाज के लिये ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर वरीय पुलिस अधीक्षक आनन्द कुमार दल-बल के साथ मगध मेडिकल अस्पताल पहुंचकर मामले का जायजा लिया एवं पीड़ित परिजनों से मिली जानकारी के बाद विशेष टीम का गठन कर त्वरित अनुसंधान का आदेश दिया। पूर्व के आपसी विवाद में उक्त घटना को अंजाम दिया गया है।

## मारपीट मामले में चार पर मामला दर्ज, एक गया जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के तिनेरी पंचायत अंतर्गत नरसिंहपुर गांव में बकरी के विवाद में मारपीट हुई जिसमें पुलिस ने 4 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया। वहीं एक आरोपी 37 वर्षीय अमरेश कुमार, पिता-मुसाफिर यादव को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेजा गया। इस संबंध में आंती एसएचओ रंजीत कुमार ने बताया कि पुलिस ने पीड़ित सुधीर कुमार पिता रवीन्द्र यादव की शिकायत पर अपने ही गोतिया के मुसाफिर यादव, अमरेश कुमार, नागेंद्र यादव और सरिता देवी के खिलाफ केस दर्ज किया है। बताया गया है कि सुधीर कुमार की बकरी मुसाफिर यादव के घर में घुसकर उनके छत पर चढ़ गई जिसे लेकर वाद-विवाद बढ़ गया। देखते-देखते गाली-गलौज और मारपीट होने लगी जिसमें सुधा कुमारी, रूधा कुमारी सहित अन्य लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों के सहयोग से सीएचसी कोंच में इलाज हेतु घायलों को भर्ती कराया गया। इधर अभियुक्तों के खिलाफ कांड संख्या 85/25 दर्ज कर लिया था और उसकी तलाश में जुटी हुई थी।

# भाजपा की विधानसभा स्तरीय कार्यशाला 26 जुलाई को गयाजी में

## भीखु भाई दलसानिया देंगे जीत का मंत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** आगामी बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर भाजपा ने संगठनात्मक तैयारियों की रफ्तार तेज कर दी है। इसी क्रम में गया जिला इकाई द्वारा 26 जुलाई को गया शहर विधानसभा क्षेत्र में विधानसभा स्तरीय कार्यशाला का आयोजन हरिदास सेमनरी स्कूल स्थित आर्ट गैलरी में किया जाएगा। इस कार्यशाला में प्रदेश संगठन महामंत्री भीखु भाई दलसानिया मुख्य वक्ता होंगे और पार्टी कार्यकर्ताओं को चुनावी जीत के लिए रणनीतिक मार्गदर्शन देंगे। गया विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडलों, जिला स्तर के पदाधिकारियों, प्रमुख कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी इस कार्यशाला में सुनिश्चित की गई है। इसका उद्देश्य पार्टी की चुनावी रणनीति को बूथ स्तर तक पहुंचाना, कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरना और संगठन को और मजबूत बनाना है। कार्यशाला की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को सर्किट हाउस में समीक्षा बैठक आयोजित हुई जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विजय मांझी ने की। बैठक में कार्यक्रम व्यवस्था प्रभारी सुनील कुमार सिन्हा और सह व्यवस्था प्रभारी विकास कुमार ने आयोजन की रूपरेखा और व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया। नेताओं ने कहा कि यह कार्यशाला केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि आगामी चुनावों की नींव है जहां कार्यकर्ताओं को वैचारिक और रणनीतिक रूप से सशक्त किया जाएगा। कार्यशाला में भिखु भाई दलसानिया संगठनात्मक दृष्टिकोण, जमीनी रणनीति और जनसंपर्क के प्रभावी उपायों पर विशेष व्याख्यान देंगे, जो पार्टी की चुनावी दिशा को मजबूती देगा। समीक्षा बैठक में जिला महामंत्री अशोक कुमार, विनोद सिंह, जिला मंत्री व विधानसभा प्रभारी मुन्नी लाल, विधानसभा संयोजक रमेश गुप्ता, जिला पालक संजीत कुमार सिंह, दिवाकर पांडेय, मंडल अध्यक्ष धनंजय कुमार धीरू, राजेश मस्तान, मनीष कुमार सोनू, हरि यादव, कुंजन मिश्रा, सूरज राणा, वेद प्रकाश, राजनंदन गांधी, अभय सिंह, नीतीश कुमार समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मगध विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय अनुभव साझा करने को लेकर संगोष्ठी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा शुक्रवार को एक विशेष संगोष्ठी 'फ्रॉम मगध यूनिवर्सिटी टू अट्ठाईसवीं वर्ल्ड पोलिटिकल साइंस कांग्रेस' का आयोजन किया गया। यह आयोजन हाल ही में दक्षिण कोरिया के सियोल में आयोजित अट्ठाइसवीं विश्व राजनीतिक विज्ञान कांग्रेस में भाग लेने वाले शिक्षकों के अनुभव साझा करने के उद्देश्य से किया गया था। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में मगध विश्वविद्यालय की ओर से कुलपति प्रोफेसर शशि प्रताप शाही के नेतृत्व में कुल पांच शिक्षकों ने भाग लिया जो अब तक किसी भी बिहार के राज्य विश्वविद्यालय की ओर से विश्व कांग्रेस में सबसे बड़ी भागीदारी रही। सम्मेलन में शामिल शिक्षकों में विभागाध्यक्ष प्रोफ़ेसर अंजनी कुमार घोष, प्रोफेसर एहतेशाम खान, डॉ. शमशाद अंसारी, डॉ. दिव्या मिश्रा और सहायक प्राध्यापक अविनाश कुमार शामिल थे। सभी शिक्षकों को इस आयोजन के दौरान विश्वविद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में कुलपति ने यात्रा के शैक्षणिक और जीवनपरक महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि 'यात्रा से व्यक्ति विनम्र बनता है, और यह सीखने का सर्वोत्तम माध्यम है।' उन्होंने राहुल सांकृत्यायन की रचना 'यायावर का मसीहा' का संदर्भ देते हुए कहा कि यह यात्रा एक अद्‌भुत स्मरण बन गई है। हाल ही में नियुक्त कुलसचिव प्रोफेसर बिनोद कुमार मंगलम ने दक्षिण कोरिया में महायान बौद्ध परंपरा को भारतीय सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बताया और कहा कि वहां के विकास में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। पूर्व कुलसचिव शैलेश कुमार ने दक्षिण कोरिया को उत्तरी अमेरिका की पूंजीवादी व्यवस्था से प्रभावित बताया और वहां की राजनीतिक संरचना पर अपने विचार रखे। राजनीति विज्ञान विभाग एवं लोक प्रशासन विभाग के प्रमुख अंजनी कुमार घोष ने शोधार्थियों से कहा कि वे कम से कम एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग अवश्य लें। उन्होंने सियोल में नागरिक अनुशासन, ईमानदारी और परिश्रम से मिली प्रेरणा साझा करते हुए कहा कि मूल और स्तरीय शोध ही बिहार को अग्रणी राज्यों की सूची में ला सकता है। प्रोफेसर एहतेशाम खान ने अपने शोध पत्र 'पाखंड और अधिनायकवाद : लोकतंत्र के आवरण में बांग्लादेश की स्थिति' के माध्यम से बांग्लादेश और दक्षिण एशिया के लोकतंत्र की चुनौतियों पर चर्चा की और भारतीय लोकतंत्र से उसकी तुलना की। डॉ. शमशाद अंसारी ने शोध कार्य में निरंतरता और तत्परता को जरूरी बताया। डॉ. दिव्या मिश्रा ने भोजन कूटनीति (फूड डिप्लोमेसी) और सॉफ्ट पावर के पहलुओं पर चर्चा करते हुए भारत-दक्षिण कोरिया संबंधों की विश्लेषणात्मक समीक्षा प्रस्तुत की। सहायक प्राध्यापक अविनाश कुमार ने शोध प्रविधियों के महत्व पर प्रकाश डाला और अपने दो पैनल 'लोकतंत्र से अधिनायकवाद की ओर : दक्षिण में अधिनायकवादी प्रवृत्तियों का उदय' तथा 'स्वतंत्रता, प्रतिरोध और लोकतंत्र : दक्षिण एशिया की आलोचनात्मक समीक्षा' की झलक प्रस्तुत की। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया। संगोष्ठी में बड़ी संख्या में स्नातकोत्तर छात्र, शोधार्थी और शिक्षक उपस्थित थे। आयोजकों के अनुसार, इस प्रकार के अनुभव साझा करना नवाचार, शोध दृष्टिकोण और अकादमिक सोच को विस्तृत करता है।

# उफनाई नहर किसानों के लिए परेशानी का सबब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** अहियापुर मउ बायपास निर्माण के दौरान लोअर मोरहर नहर की डोवेल (नहर किनारे मिट्टी का टीला) का कटाव करने के कारण उफनाई नहर किसानों के लिए परेशानी का सबब बन गया। किसानों ने मामले की जानकारी जल संसाधन विभाग के कार्यपालक अभियंता सहित अन्य अधिकारियों को दी गई। जानकारी मिलते ही मौके पर अधिकारियों की टीम पहुंची व नहर के किनारे जगह-जगह डोवेल बनवा पानी को रोकने का प्रयास किया। किसानों ने बताया कि बीती रात लोअर मोरहर नहर में मंझार बांध से पानी अधिक मात्रा में छोड़े जाने के कारण पानी उफान पर आ गई व नहर टूटने का खतरा बन गया। वहीं बायपास निर्माण के दौरान संवेदक द्वारा डोवेल का कटाव कर सड़क में मिला दिया गया जिस कारण सड़क के ऊपर पानी आने लगी साथ ही साथ सड़क निर्माण के दौरान आउटलेट भी बन्द कर दिया गया। उफान से निर्माणाधीन सड़क पर पानी आने के कारण अहियापुर, खैरा, छठवां, चिरैली इत्यादि गांव के खेत डूबने की कगार पर आ गये। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे जल संसाधन विभाग के कार्यपालक अभियंता विकास कुमार व अन्य अधिकारियों ने मजदूरों की मदद से जगह-जगह डोवेल की चौड़ाई बढ़ाई गयी व बांध से आने वाली पानी के प्रवाह को सम्बंधित अधिकारियों से सम्पर्क कर रोका गया। अधिकारियों की कार्रवाई के बाद किसानों ने राहत की सांस ली। मामले की सूचना डीएम को भी दी गई है व जांच कर संवेदक के विरुद्ध कार्रवाई की गुहार लगाई है।

## कार्यालय, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत छत्तरपुर

**–ःआवश्यक सूचनाः–**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तिय वर्ष 2025–26 तक ससमय भुगतान नही करने वाले होल्डिंगधारियो को नोटिस जारी किया गया था जिसमें कुल–81 वैसे होल्डिंगधारी है, जिनको नोटिस के बावजुद कार्यालय में होल्डिंग टैक्स का भुगतान अब तक नही हो सका है। उक्त होल्डिंगधारी 07 दिनो के अन्दर कार्यालय नगर पंचायत, छत्तरपुर के जन सुविधा केन्द्र मे आकर अपना बकाया होल्डिंग टैक्स का भुगतान करें। अन्यथा झारखण्ड नगर पालिका अधिनियम की धारा–184,186 के तहत बैंक खाता फ्रिज करने एवं अचल संपति को जप्त कर अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी, जिसकी जिम्मेवार आप स्वंय होगें।

**बकायदार होल्डिंगधारकों की विवरणी निम्न प्रकार है:–**

TOP 81 BIG DEFAULTER LIST, @ CHHATARPUR NAGAR PANCHAYAT

| sl_no | ward | holding_no | Demand_no | owner_name | guardian_name | mobile_no | property_address | from_dmd | amount |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | '0020000228000A1 | NOTICE269556 | SHUSHILA DEVI | AANANDI SAW | '6207448526 | CHHATTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2021-2022 | 7940.00 |
| 2 | 3 | '0030000242000X1 | NOTICE269559 | MOHAN KUMAR | LATE BABU RAM SAW | '8603742301 | MAIN ROAD BARA CHHATTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2023-2024 | 14863.00 |
| 3 | 3 | '0030000251000D1 | NOTICE269561 | Bijay parsad | BHAGWAN SAW | '8789366518 | Chhatrpur | 1/2023-2024 | 12400.00 |
| 4 | 3 | '0030000218000M0 | NOTICE180782 | RISHIKESH KUMAR ANAND | Ramchandra prasad gupta | '9110910875 | BARA CHHATARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2022-2023 | 12137.92 |
| 5 | 3 | '0030000271000X1 | NOTICE269563 | GOPAL PRASAD GUPTA | | '7273960690 | MAIN ROAD BARA CHHATTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2023-2024 | 10059.40 |
| 6 | 3 | '0030000180000A1 | NOTICE269565 | NIRANJAN PRASAD YADAV | GOPAL PRASAD YADAV | '7761818848 | BARA, CHHATTARPUR | 1/2020-2021 | 8566.04 |
| 7 | 3 | '0030000297000A1 | NOTICE180831 | SUNIL KUMAR | indradeo prajpati | '7488494946 | BARA CHHTTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2021-2022 | 7940.00 |
| 8 | 4 | '0040000741000A1 | NOTICE269564 | URMILA DEVI | RAMJANAM SAW | '6207533973 | BARA MAIN ROAD CHHATARPUR | 1/2020-2021 | 42412.00 |
| 9 | 4 | '0040000583000A1 | NOTICE269568 | RAJESH KUMAR SINGH | LATE VIJAY BHADUR SINGH | '7004088211 | BARA | 1/2024-2025 | 14093.00 |
| 10 | 8 | '0080000188000A1 | NOTICE180817 | Mahesh ram | SANYOGI RAM | '9798265330 | Chhtarpur | 1/2021-2022 | 8464.00 |
| 11 | 10 | '0100000227000X1 | NOTICE269582 | MOHAN KUMAR | BABU RAM | '8603742301 | LAXMI NAGAR SARAIDIH ROAD CHHATTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2024-2025 | 18496.00 |
| 12 | 10 | '0100000343000A1 | NOTICE269530 | BASANTI DEVI | | '7751923221 | LAXMI NAGAR CHHATTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2020-2021 | 13584.00 |
| 13 | 10 | '0100000125000A1 | NOTICE269580 | RAVINDRA KUMAR SINGH | ANIL KUMAR SINGH | '7781921811 | LAXMI NAGAR CHHATTARPUR PALAMU JHHARKHAND | 1/2024-2025 | 13296.00 |
| 14 | 10 | '0100000351000A1 | NOTICE180785 | Ambika prasad singh | Lt Karmdev singh | '7463095843 | Laxmi nagar Chhatarpur | 1/2022-2023 | 11752.00 |
| 15 | 11 | '0110000433000X1 | NOTICE269584 | ARUN KUMAR SINGH ,Arvind singh | Kedarnath Singh ,late kedar nath singh | '7542568864, 7542568864 | Main road CHHATTARPUR PALAMU | 1/2023-2024 | 51924.00 |
| 16 | 11 | '0110000524000D1 | NOTICE269589 | DURGESH SINGH | S | '9315699036 | MAIN ROAD CHHATARPUR | 1/2023-2024 | 9864.00 |
| 17 | 11 | '0110000483000A4 | NOTICE269587 | Arvind kumar singh,ARUN KUMAR SSINGH | KEDARNATH SINGH | '9470542572, 7004840254 | CHHATARPUR | 1/2023-2024 | 9864.00 |
| 18 | 11 | '0110000405000A1 | NOTICE180760 | VINAY KUMAR | | '6202412905 | GOLAXMI CHHATTARPUR PALAMU JHHARKHAND | 1/2023-2024 | 9760.00 |
| 19 | 11 | '0110000500000A1 | NOTICE269593 | Pravin Kumar | | '6351240736 | MAIN ROAD CHHATTARPUR PALAMU JHHARKHAND | 1/2021-2022 | 9696.00 |
| 20 | 11 | '0110000236000X1 | NOTICE269590 | GOPAL SINGH | SIYASARAN SINGH | '9905409047 | JAPLA ROAD CHHATTARPUR | 1/2023-2024 | 9676.00 |
| 21 | 11 | '0110000082000X1 | NOTICE269592 | JITENDRA KUMAR AND UPENDRA KUMAR | JAGDEV SAHU | '8340315651 | JAPLA ROAD CHHATTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2023-2024 | 8966.88 |
| 22 | 11 | '0110000176000X1 | NOTICE269600 | HARENDRA KUMAR SINGH | RAJ KISHOR SINGH | '8969192488 | MAIN ROAD CHHATARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2023-2024 | 8828.00 |
| 23 | 11 | '0110000417000A1 | NOTICE180837 | Shyambihari singh | | '9631304930 | Laxmi nagar chhatarpur | 1/2022-2023 | 8704.00 |
| 24 | 11 | '0110000006000X4 | NOTICE180774 | KASUALIYA DEVI | LT. GOPAS PRASAD GUPTA | '8102817796 | MAIN ROAD CHHATTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2022-2023 | 7332.00 |
| 25 | 11 | '0110000453000X1 | NOTICE180802 | NIRANJAN KUMAR SINGH | TAL KISHOR SINGH | '7004862798 | CHHATARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2022-2023 | 7096.00 |
| 26 | 12 | '0120000258000M0 | NOTICE269546 | AJAY KUMAR MISHRA AND SANJAY KUMAR MISHRA | RAJNANDAN MISHRA | '8084503824 | KHATIN CHHATARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2022-2023 | 24154.56 |
| 27 | 12 | '0120000285000A4 | NOTICE269603 | MANOJ KUMAR GUPTA | SITARAM GUPTA | '7294170570 | CHHATARPUR | 1/2023-2024 | 12656.00 |
| 28 | 12 | '0120000373000A1 | NOTICE180780 | MANOJ KUMAR | KHAKHNU SAW | '8084424942 | GO LAXMI CHHATTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2023-2024 | 7444.00 |
| 29 | 12 | '0120000114000A1 | NOTICE269601 | SHEO PRASAD SAHO | SAKHI CHAND SAHU | '8340326421 | KHATIN CHHATARPUR | 1/2024-2025 | 7440.00 |
| 30 | 12 | '0120000361000A1 | NOTICE180797 | PANKAJ KUMAR | DEVNARAYAN SAV | '7488732276 | MAIN ROAD KHATIN CHHATARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2022-2023 | 7160.00 |
| 31 | 13 | '0130000084000A1 | NOTICE183165 | FULWASIYA DEVI | BICHAN SAW | '9155990303 | KHATIN CHHATTARPUR PALAMU JHHARKHAND | 3/2023-2024 | 11175.00 |
| 32 | 15 | '0150000035000A3 | NOTICE269613 | SEEMA DEVI | SURESH KUMAR | '8809434274 | SARAMA CHHATTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2023-2024 | 11712.00 |
| 33 | 15 | '0150000050000A1 | NOTICE269552 | Sona devi | BAIJNATH PRASAD SAHA | '7979024424 | Chhtarpur | 1/2022-2023 | 8510.00 |
| 34 | 1 | '0010000117000A1 | NOTICE269497 | INDRADEV YADAV | LT. DIGESHWAR YADAV | '9771296772 | MADANPUR CHHATTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2020-2021 | 5294.12 |
| 35 | 2 | '0020000176000A1 | NOTICE269562 | BASUDEV SAW | HARICHANDRA SAW | '9798699394 | MADANPUR CHHATTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2024-2025 | 5918.00 |
| 36 | 2 | '0020000102000A1 | NOTICE269558 | NILESH PRASAD | NAGWAT RAM | '9166571784 | BARA CHHTTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2022-2023 | 5862.00 |
| 37 | 3 | '0030000279000A1 | NOTICE180813 | VIMLA SINGH | rameshwer singh | '7080086508 | BARA CHHATTARPUR PALAMU JHHARKHAND | 1/2022-2023 | 6960.00 |
| 38 | 3 | '0030000292000A1 | NOTICE183223 | SURENDRA KUMAR PASWAN | BIRJU DUSAD | '9304351328 | BARA CHHATTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2021-2022 | 6352.00 |
| 39 | 3 | '0030000234000A1 | NOTICE269560 | VISHWANATH SAW | RAMKHELAWAN SAW | '7856843630 | BARA CHHTTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2024-2025 | 5968.00 |
| 40 | 3 | '0030000283000A1 | NOTICE183234 | SANTOSH KUMAR SINGH | SHIVNANDAN SINGH | '7061084687 | CHHATTARPUR PALAMU JHHARKHAND | 1/2021-2022 | 5956.00 |
| 41 | 3 | '0030000236000A1 | NOTICE269567 | NIRMAL DAS | | '8002039123 | BARA CHHTTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2022-2023 | 5224.00 |
| 42 | 3 | '0030000231000A1 | NOTICE146216 | surendra choudhary | LATE BINDESHWARI CHOUDHARI | '7004377266 | bara | 1/2021-2022 | 5080.00 |
| 43 | 4 | '0040000078000A1 | NOTICE146165 | SONA DEVI | SURAYDEV YADAV | '7366074825 | 1320 | 1/2021-2022 | 6982.20 |
| 44 | 4 | '0040000359000M0 | NOTICE146213 | KIRAN KUMAR SINGH | INDARDEV PRASAD | '8294389635 | RAMGARH CHHATARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2021-2022 | 6568.00 |
| 45 | 4 | '0040000677000A1 | NOTICE269570 | RADHA DEVI | RAMVILASH RAM | '7033802679 | BARA CHHTTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2021-2022 | 6352.00 |
| 46 | 4 | '0040000572000A1 | NOTICE180786 | RAJ KUMARI DEVI | LALAN PRASAD SINGH | '8789545482 | RAMGARH CHHATARPUR PALAMU JHARKHAND | 3/2023-2024 | 6168.00 |
| 47 | 4 | '0040000231000X1 | NOTICE269575 | SURAJDEV SAW | LATE LAKSHMAN SAW | '9905179645 | CHHATARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2024-2025 | 5680.00 |
| 48 | 4 | '0040000109000M0 | NOTICE146255 | RADHESHAWRI SINGH | LALI SINGH | '9560739921 | RAMGARH CHHATTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2021-2022 | 5252.00 |
| 49 | 4 | '0040000529000A1 | NOTICE146149 | KAMESHWAR PRAJAPATI | LATE MEGHAN PRAJAPATI | '9470592654 | BARA CHHTTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2024-2025 | 4910.00 |
| 50 | 5 | '0050000280000A1 | NOTICE183221 | Nagendra vishwakarma | SUDAMA MISTRY | '7250542907 | Ramgarh | 1/2021-2022 | 6480.00 |
| 51 | 7 | '0070000110000A1 | NOTICE269577 | KASHMIRA DEVI | | '7004464418 | MAIN ROAD MASIHANI CHHATTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2023-2024 | 6488.00 |
| 52 | 7 | '0070000300000A1 | NOTICE183224 | Manoj kumar | LAKSHMAN YADAV | '8789065463 | Mashihani chhatarpur | 1/2021-2022 | 6264.00 |
| 53 | 7 | '0070000248000A1 | NOTICE146144 | KAUSHALYA DEVI | LAKSHMI NARAYAN GUPTA | '9798624445 | MASIHANI | 1/2024-2025 | 6160.00 |
| 54 | 7 | '0070000249000A1 | NOTICE269576 | ASHOK KUMAR THAKUR | LALLU THAKUR | '9471061268 | MASIHANI CHHATARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2022-2023 | 6088.00 |
| 55 | 7 | '0070000027000A4 | NOTICE146223 | PRAMOD KUMAR SINGH | SARVDEV SINGH | '8580133304 | MASIHANI CHHATTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2021-2022 | 5032.00 |
| 56 | 8 | '0080000191000A1 | NOTICE269578 | JITENDRA KUMAR | MAHESH VISHWAKARMA | '9308005193 | MASIHANI CHHATTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2021-2022 | 5381.36 |
| 57 | 9 | '0090000064000A1 | NOTICE183225 | RAMRATI DEVI | LATE MAHABIR CHAUDHARI | '9153420942 | VILLAGE TOLA MANDEYA MASIHANI CHHATTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2021-2022 | 6348.00 |
| 58 | 10 | '0100000177000A1 | NOTICE183229 | NIKHIL KUMAR SINGH | GOPAL SARAN SINGH | '8447668312 | LAXMI NAGAR CHHATTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2021-2022 | 6348.00 |
| 59 | 10 | '0100000341000A1 | NOTICE183252 | NIRMALA DEVI | BRIJ KISHOR SINGH | '9431129067 | CHHATTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2021-2022 | 5196.00 |
| 60 | 11 | '0110000389000A1 | NOTICE269591 | Bijay parsad | BHAGWAN SAW | '8789366518 | Chhatrpur | 1/2023-2024 | 6696.00 |
| 61 | 11 | '0110000375000A1 | NOTICE269594 | Mahabir sharma,Gupteshwar vishwkarma,VIVEKANAND VISHWKARMA | Yadunandan vishwakarma,Yadunandan vishwakarma,Yadunandan vishwakarma | '7479409669, 7479409669, 7479409669 | CHHATARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2024-2025 | 6215.00 |
| 62 | 11 | '0110000169000X1 | NOTICE269595 | DEEPAK KUMAR SINGH | LATE NANDKISHOR SINGH | '8271368772 | MAIN ROAD CHHATARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2024-2025 | 6072.00 |
| 63 | 11 | '0110000416000A1 | NOTICE180769 | Gagarnath saw | | '7542078326 | SONAR MUHALLA CHHATTARPUR PALAMU JHHARKHAND | 1/2024-2025 | 6046.00 |
| 64 | 11 | '0110000393000X1 | NOTICE269544 | PARAS NATH GUPTA | SURYA MUKHI SAH | '9471584457 | MAIN ROAD CHHATTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2023-2024 | 5768.00 |
| 65 | 11 | '0110000258000A1 | NOTICE269599 | MOHAN JAISWAL,KAMLESH KUMAR,SANTOSH JAISWAL,RAJESH JAISWAL | | '9304041290 | Main Road Chhattarpur Near Telephone Exange | 1/2024-2025 | 5576.00 |
| 66 | 11 | '0110000509000A1 | NOTICE269597 | Sanjay parsad | BHAGWAN PRASAD | '9304634917 | Chhatrpur | 1/2024-2025 | 5472.00 |
| 67 | 11 | '0110000475000A1 | NOTICE180812 | Balram prasad | LATE LAKHAN SAW | '7903324061 | Chhatarpur | 1/2023-2024 | 5304.00 |
| 68 | 11 | '0110000431000A1 | NOTICE183248 | SUMITRA DEVI | | '8709109487 | CHHATTARPUR | 1/2021-2022 | 5196.00 |
| 69 | 11 | '0110000477000A4 | NOTICE269609 | Kishori mohan pathak | JIVNANDAN PHATAK | '9693717728 | Chhatrpur | 1/2024-2025 | 5136.00 |
| 70 | 11 | '0110000382000A1 | NOTICE269605 | SHANTI DEVI | | '7903675715 | JAPLA ROAD CHHATARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2024-2025 | 5120.00 |
| 71 | 11 | '0110000207000A4 | NOTICE269602 | badri prasad | MAHABIR SAW | '8271139804 | masihahni | 1/2022-2023 | 5008.00 |
| 72 | 12 | '0120000118000A1 | NOTICE269607 | LAKHPATTI DEVI | JANADHAR KUMAR RAM | '9431050587 | MAIN ROAD KHATIN CHHATTARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2024-2025 | 6824.00 |
| 73 | 12 | '0120000428000A1 | NOTICE269610 | Sita devi | MAHESHWAR RAM | '7202694891 | KHATIN CHHATTARPUR PALAMU JHHARKHAND | 1/2021-2022 | 5292.00 |
| 74 | 13 | '0130000323000A1 | NOTICE183236 | Shiv Prasad | lt puan saw | '8092191285 | Chhatrpur | 1/2021-2022 | 5500.00 |
| 75 | 13 | '0130000125000A1 | NOTICE269611 | SHIVPRASAD RAJKISHAN PASVAN | RAJKISHAN PASWAN | '6206353109 | KHATIN CHHATTARPUR PALAMU JHHARKHAND | 1/2022-2023 | 5416.00 |
| 76 | 13 | '0130000149000A1 | NOTICE265489 | SHIVPATI DEVI | PUNESHWAR RAM | '8409176204 | KHATIN CHHATTARPUR PALAMU JHHARKHAND | 1/2023-2024 | 4872.00 |
| 77 | 14 | '0140000281000M0 | NOTICE191156 | SATYNARAYAN PRASAD | DEVWANS SAHAY | '7903026662 | LOHRAHI CHHATARPUR PALAMU JHARKHAND | 1/2022-2023 | 6064.00 |
| 78 | 14 | '0140000205000X4 | NOTICE269608 | SHAKUNTLA DEVI | girja ram | '8252277808 | LOHRAHI | 1/2022-2023 | 5480.00 |
| 79 | 15 | '0150000340000A1 | NOTICE180822 | MANKI RAM | | '6205494120 | KARMAKALAN, CHHATTARPUR | 1/2022-2023 | 6528.00 |
| 80 | 15 | '0150000141000A1 | NOTICE269612 | Sona devi | BAIJNATH PRASAD | '7979024424 | Chhtarpur | 1/2022-2023 | 5672.00 |
| 81 | 15 | '0150000382000A1 | NOTICE269615 | Urmila kuwar | LT PRAYAG SAW | '9523448988 | Karmakala | 1/2021-2022 | 4860.00 |
| | | | | | | | | | 706394.48 |

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, छत्तरपुर

PR 358167 District(25-26)#D

संपादकीय

# शहरी विकास : नई चुनौतियां

विश्व बैंक की ताजा रिपोर्ट पर भरोसा करें तो भारत में आने वाला समय शहरों और उनके विकास का है। रिपोर्ट के मुताबिक अगले पांच सालों में देश की 70 फीसदी नौकरियां शहरों से ही आएंगी। इसका सीधा मतलब है कि पहले ही बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझ रहे भारत के शहरों पर और दबाव बढ़ेगा। हमे आवास, सड़क, सीवरेज, परिवहन तथा ऊर्जा की और तथा बढ़ते प्रदूषण को काबू में करने की ज्यादा व्यवस्था करनी होगी।

केन्द्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के साथ मिलकर तैयार की गई 'टुवर्ड्स रेसिलिएंट एंड प्रोस्पेरोउस सिटीज इन इंडिया' (भारत में समुत्थानशील और समृद्ध शहरों की ओर) नामक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की शहरी आबादी 2050 तक दोगुनी होकर 95.1 करोड़ होने की उम्मीद है। इसके लिए 2070 तक 14.4 करोड़ से अधिक नए घरों की जरूरत होगी। हालांकि रिपोर्ट का सकारात्मक पहलू यह है कि भारत के शहरों में आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने की अपार संभावनाएं हैं। 2030 तक 70 प्रतिशत नई नौकरियां शहरों से ही आएंगी। रिपोर्ट में भारतीय शहरों को जलवायु जोखिमों से निपटने के लिए 2050 तक कम कार्बन उत्सर्जन वाले बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए 2.4 लाख करोड़ डॉलर से अधिक के निवेश की आवश्यकता पर बल दिया गया है। बढ़ते शहरीकरण के चलते शहरी के तापमान में 3-4 डिग्री का इजाफा भी होगा। इसके अलावा इन क्षेत्रों में वर्षाजन्य बाढ़ की संभावनाएं भी बढ़ेंगी। चेन्नई, इंदौर, नई दिल्ली, लखनऊ, सूरत और तिरुवनंतपुरम पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए 24 भारतीय शहरों का अध्ययन करने वाली नई रिपोर्ट में पाया गया है कि समय रहते कम कार्बन उत्सर्जन वाले बुनियादी ढांचे के निर्माण से भविष्य में मौसम के प्रभावों से होने वाले अरबों डॉलर के वार्षिक नुकसान को टाला जा सकता है। उदाहरण के लिए वार्षिक वर्षाजन्य बाढ़ से होने वाले नुकसान को वर्ष 2030 तक 5 अरब डॉलर से अधिक और वर्ष 2070 तक 30 अरब डॉलर से अधिक का नुकसान होने की संभावना है। 2050 तक अपेक्षित 50 प्रतिशत से अधिक शहरी बुनियादी ढांचे का निर्माण भी किया जाना है, इसलिए भारत के पास उन्नतशील शहरी बुनियादी ढांचे के विकास को आगे बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण अवसर है। विश्व बैंक के कंट्री डायरेक्टर ऑगस्टे तानो कौमे ने कहा कि भारत के लिए बड़े पैमाने पर समुत्थानशील शहरों का निर्माण करना स्पष्ट रूप से अनिवार्य है। आवास, परिवहन और नगरपालिका सेवाओं सहित अधिक हरित और स्थिति अनुकूलित शहरी विकास में निवेश करके, शहरों में अत्यधिक गर्मी और शहरी बाढ़ की स्थिति को बेहतर ढंग से कम किया जा सकता है और रोजगार में वृद्धि की जा सकती है। रिपोर्ट में नई चुनौतियों से निपटने के लिए कुछ सिफारिशें भी की गई हैं। जिसके मुताबिक अत्यधिक शहरी गर्मी और बाढ़ की समस्या के लिए ग्रीन बेल्ट का बेहतर विनियमन, ठंडी छतों की स्थापना व प्रभावशाली पूर्व चेतावनी प्रणालियां को विकसित करना, स्थिति अनुकूलित बुनियादी ढांचे और नगरपालिका सेवाओं, कुशल ऊर्जा और समुत्थानशील आवास में निवेश करना, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन का आधुनिकीकरण करना और शहरी परिवहन को बाढ़ प्रतिरोधी बनाना। निजी क्षेत्र की बेहतर भागीदारी के माध्यम से शहरी वित्त तक पहुंच में सुधार करना आदि शामिल है। आज भारत में बड़े शहरों के सामने सबसे बड़ी चुनौती तो बढ़ती आबादी के लिए समुचित पेयजल उपलब्ध कराने की है। हाल ही जारी एक अध्ययन रिपोर्ट में कहा गया है कि बेंगलुरू जैसे शहरों में पांच साल बाद भूजल लगभग सूखने की स्थिति में होगा, क्योंकि करीब 1 करोड़ आबादी वाले इस शहर में भूजल का दोहन इतनी बेरहमी से हो रहा है कि लोग आने वाले समय में पानी को तरस जाएंगे।

# ऐतिहासिक भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौता- नए भारत के लिए एक बड़ी उपलब्धि



पीयूष गोयल

भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (सीईटीए) भारतीय किसानों, मछुआरों, कारीगरों और व्यवसायों को वैश्विक स्तर पर पहचान देने के साथ-साथ रोज़गार के असंख्य अवसरों का सृजन करेगा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप लोगों को प्रतिस्पर्धी दरों पर उच्च-गुणवत्ता वाली वस्तुएं प्राप्त करने में सहायता प्रदान करेगा।

भारत और ब्रिटेन व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौता (सीईटीए), ऑस्ट्रेलिया, यूरोप के मुक्त व्यापार समझौते और संयुक्त अरब अमीरात सहित अन्य विकसित देशों के साथ इसी तरह के समझौतों के अनुरूप है। यह मोदी सरकार के विकसित भारत 2047 के स्वप्न को साकार करने के क्रम में आर्थिक विकास और रोज़गार सृजन को अधिकतम करने की रणनीति का एक हिस्सा है।

प्रधानमंत्री की रणनीति- वर्ष 2014 में, मोदी सरकार ने भारतीय अर्थव्यवस्था में वैश्विक विश्वास को पुनर्स्थापित करने तथा इसे भारतीय और विदेशी निवेशकों के लिए आकर्षक गंतव्य बनाने के लिए एक दृढ़ रणनीति अपनाई। विकसित देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर हस्ताक्षर करना, इस व्यापक रणनीति का एक हिस्सा है। एफटीए, व्यापार नीतियों के बारे में अनिश्चितताओं को दूर करते हुए निवेशकों का विश्वास भी बढ़ाते हैं।

विकसित देशों के साथ एफटीए, जिनके भारत के साथ प्रतिस्पर्धी व्यापारिक हित नहीं हैं, दोनों पक्षों के लिए लाभप्रद है, जबकि पिछली सरकार ने भारत के दरवाजे प्रतिद्वंद्वी देशों के लिए खोलकर भारतीय व्यवसायों को खतरे में डालने का रवैया अपनाया था।

यूपीए शासनकाल में, विकसित देशों ने भारत के साथ व्यापार वार्ता लगभग रोक दी थी और उस समय भारत को दुनिया की ÷पाँच कमजोर÷ अर्थव्यवस्थाओं में से एक माना जाता था। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, भारत का सकल घरेलू उत्पाद वर्ष 2014 से लगभग तीन गुना बढ़कर लगभग 331 लाख करोड़ रुपये हो गया है। क्रांतिकारी सुधारों, व्यापार में आसानी और प्रधानमंत्री के वैश्विक व्यक्तित्व ने भारत को एक आकर्षक गंतव्य के रूप में उभरने में सहायता की है। आज, दुनिया भारत की अद्भुत गाथा में भागीदारी के साथ-साथ एफटीए पर हस्ताक्षर करना चाहती है।

बाजार पहुंच, प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त- यह एफटीए ब्रिटेन के बाजार के सभी क्षेत्रों में भारतीय वस्तुओं के लिए व्यापक बाजार पहुंच सुनिश्चित करेगा। यह लगभग 99 प्रतिशत टैरिफ लाइनों के टैरिफ को समाप्त करते हुए व्यापार मूल्य के लगभग 100 प्रतिशत को कवर करता है। इस समझौते के अंतर्गत 56 बिलियन डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार से सृजित होने वाले व्यापक अवसरों के वर्ष 2030 तक दोगुना होने का अनुमान है।

छोटे व्यवसाय समृद्ध होंगे, क्योंकि भारतीय उत्पादों को प्रतिद्वंद्वियों पर स्पष्ट प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त हासिल होगी। फुटबॉल, क्रिकेट उपकरण, रग्बी गेंदें और खिलौने बनाने वाली कंपनियों का ब्रिटेन में अपने कारोबार में उल्लेखनीय विस्तार होगा।

असंख्य रोज़गार- आकर्षक बाज़ार में भारत की प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त से निर्यात स्थायित्व के साथ-साथ निवेश और रोजगार सृजन में वृद्धि होगी। भारत वस्त्र, चमड़ा और जूते से जुड़े क्षेत्रों में ब्रिटेन को आपूर्ति करने वाले तीन प्रमुख आपूर्तिकर्ताओं में से एक बनने की शानदार स्थिति में है और इससे भारत को वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं में प्रमुख क्षमता के रूप में उभरने में सहायता मिलने के साथ ही यह छोटे व्यावसायियों, कारीगरों और महिलाओं को भी सहायता प्रदान करेगा।

रत्न एवं आभूषण, इंजीनियरिंग सामान, रसायन और फोन जैसे



इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों के निर्यात में भी वृद्धि होने की आशा है।

किसान प्रथम- 95 प्रतिशत से अधिक कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य टैरिफ लाइनों पर शून्य शुल्क लगेगा, जिससे कृषि-निर्यात और ग्रामीण समृद्धि में तीव्र वृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा।

शुल्क-मुक्त बाज़ार पहुंच से अगले तीन वर्षों में कृषि निर्यात में 20 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होने का अनुमान है, जो वर्ष 2030 तक भारत के 100 अरब डॉलर के कृषि-निर्यात के लक्ष्य को पूरा करने में योगदान देगा। यह मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) भारतीय किसानों के लिए प्रीमियम ब्रिटिश बाज़ार को खोल देगा, जो जर्मनी, नीदरलैंड और अन्य यूरोपीय संघ के देशों को मिलने वाले लाभों के बराबर या उससे भी अधिक होगा।

हल्दी, काली मिर्च, इलायची और प्रसंस्कृत उत्पाद जैसे आम का गूदा, अचार और दालों को भी शुल्क-मुक्त पहुंच प्राप्त होगी। निर्यात बढ़ने से कृषि आय में वृद्धि होगी तथा गुणवत्ता, पैकेजिंग और प्रमाणन को अधिक प्रोत्साहन मिलेगा। इससे कृषि मूल्य श्रृंखला में रोज़गार के असंख्य अवसर सृजित होंगे।

कमज़ोर वर्गों की सुरक्षा-घरेलू किसानों की सुरक्षा के लिए एफटीए में भारत के सबसे संवेदनशील कृषि क्षेत्रों को बाहर रखा गया है। भारत ने डेयरी उत्पादों, सेब, जई और खाद्य तेलों पर कोई शुल्क रियायत नहीं दी है।

ये रियायतें, मोदी सरकार की खाद्य सुरक्षा, घरेलू मूल्य स्थिरता और कमज़ोर कृषक समुदायों को प्राथमिकता देने की रणनीति को रेखांकित करती हैं।

मछुआरों का विकासङ्कभारतीय मछुआरे, विशेष रूप से आंध्र प्रदेश, ओडिशा, केरल और तमिलनाडु के मछुआरे, ब्रिटेन के समुद्री आयात बाजार तक पहुंच के माध्यम से उल्लेखनीय विस्तार का अनुभव करेंगे।

झींगा और अन्य समुद्री उत्पादों पर ब्रिटेन का आयात शुल्क वर्तमान 20 प्रतिशत से घटकर शून्य हो जाएगा।

यह संभावना अभूतपूर्व है क्योंकि ब्रिटेन के 5.4 अरब डॉलर के समुद्री आयात में भारत की हिस्सेदारी केवल 2.25 प्रतिशत है।

सेवाएं और पेशेवर-यह समझौता आईटी/आईटीईएस, वित्तीय सेवा और शिक्षा सहित विभिन्न सेवाओं को गति प्रदान करेगा और भारतीयों के लिए नवीन अवसरों का सजृन करेगा। इस समझौते में संविदा सेवा प्रदाता, व्यावसायिक यात्री, निवेशक, योग प्रशिक्षक, संगीतकार और रसोइये सहित कुशल पेशेवरों के लिए भारत ने अनुकूल गतिशीलता प्रावधान सुनिश्चित किए हैं।

अभिनव एफटीए-प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, भारत के एफटीए में वस्तुओं और सेवाओं के अलावा अन्य महत्वपूर्ण बातें शामिल हैं। इस एफटीए ने नए मानक स्थापित किए हैं। इस ईएफटीए के साथ, भारत ने 100 अरब डॉलर के निवेश की बाध्यकारी प्रतिबद्धता हासिल की है, जिससे भारत में 10 लाख प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। ऑस्ट्रेलिया के एफटीए के साथ, भारत ने दोहरे कराधान के मुद्दे का समाधान किया, जो आईटी कंपनियों के लिए एक बाधा बना हुआ था।

इस एफटीए का एक सबसे महत्वपूर्ण पहलू दोहरा अंशदान समझौता है। यह ब्रिटेन में नियोक्ताओं और अस्थायी भारतीय कर्मचारियों को तीन वर्षों के लिए सामाजिक सुरक्षा अंशदान से छूट देता है। इससे भारतीय सेवा प्रदाताओं की प्रतिस्पर्धा में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

उपभोक्ताओं के लिए गुणवत्तापूर्ण वस्तुएं-व्यापार समझौते प्रतिस्पर्धा बढ़ाते हैं, जिससे भारतीय उपभोक्ताओं को प्रतिस्पर्धी कीमतों पर उच्च-गुणवत्ता युक्त वस्तुएं प्राप्त करने में सहायता मिलती है। मोदी सरकार ने गुणवत्ता को प्रोत्साहन और बढ़ावा देने के लिए नीतिगत समर्थन प्रदान किया है, गुणवत्ता नियंत्रण आदेश जारी किए हैं और मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर वार्तालाप किया है।

सरकार ने किसी भी मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने से पहले उद्योग जगत और अन्य हितधारकों के साथ व्यापक हितधारक परामर्श किया है। यह जानकर प्रसन्नता का अनुभव होता है कि उद्योग निकायों ने मोदी सरकार द्वारा हस्ताक्षरित प्रत्येक मुक्त व्यापार समझौते का भारी समर्थन और स्वागत किया गया है।

सीईटीए बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच न्यायसंगत और महत्वाकांक्षी व्यापार समझौतों के लिए एक मानक है। यह हमारे मूल हितों से समझौता किए बिना, वंचित समुदायों के लिए आकर्षक वैश्विक अवसरों के द्वार खोलता है। यह इस बात का एक ज्वलंत उदाहरण है कि नया भारत व्यापार किस प्रकार करता है।

(लेखक भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री हैं)

अध्यात्म

## घमंड की वजह से दूसरे सभी गुणों का महत्व हो जाता है कम



एक संत हमेशा घूमते रहते और लोगों को धर्म-कर्म के लिए प्रेरित करते थे। घूमते-घूमते वे एक ऐसे राज्य में पहुंच गए, जहां के राजा बहुत दानी और धर्म-कर्म करने वाले थे। लेकिन, उन्हें अपनी शक्ति पर और धन पर बहुत घमंड था। संत उस राजा के राज्य में ठहर गए। कुछ ही दिनों में राज्य के काफी लोग संत के पास पहुंचने लगे थे। संत अपने अनुभव से लोगों की समस्याओं का हल बता देते थे। उनके उपदेश सुनने के लिए लोगों की भीड़ लगने लगी थी। जब ये बात राजा को मालूम हुई तो उसने संत को अपने महल में भोजन के आमंत्रित किया।

संत राजा के महल में पहुंच गए। राजा ने संत का बहुत अच्छी तरह सत्कार किया। खुद भोजन परोसा। खाने के बाद संत जाने लगे तो राजा ने कहा कि गुरुदेव मैं आपको कुछ देना चाहता हूं। आप अपनी इच्छा के अनुसार मुझसे कुछ भी मांग सकते हैं। मैं आपकी हर इच्छा पूरी कर सकता हूं। मैं राजा हूं और मेरे लिए कुछ भी असंभव नहीं है।

संत समझ गए कि राजा को अपने धन पर और शक्ति पर बहुत घमंड है। उन्होंने कहा कि राजन् आप अपनी सबसे प्रिय चीज मुझे दान में दे दीजिए।

राजा को समझ नहीं आया कि वह संत को क्या चीज दान में दे। उसने सोने के सिक्कों से संत का कमंडल भर दिया। संत ने कहा कि राजन् मुझे धन नहीं चाहिए। मुझे पैसों का लालच नहीं है। आप मुझे अपना अहंकार दे दीजिए। घमंड एक ऐसी बुराई है, जिससे हमारे सभी गुणों का महत्व खत्म हो जाता है। इस बुराई की वजह से आपके भी सारे गुण महत्वहीन हो जाते हैं। राजा को घमंड से बचना चाहिए। आपके पास जो भी धन-संपत्ति है, उस पर आपकी प्रजा का भी हक है। क्योंकि, राजा के लिए उसकी प्रजा का सुख ही सर्वोपरि होता है। अपनी प्रजा की सेवा निस्वार्थ भाव से करें, तभी राजा का धर्म पूरा होगा। राजा को संत की बात समझ और उसने घमंड छोड़ने का संकल्प लिया।


# नकली वोटरों से लोकतंत्र कैसे रहेगा असली?

**लोकतांत्रिक देश में चुनाव की पवित्रता उस बुनियादी भरोसे पर टिकी होती है जहां केवल वैध नागरिक वोट डालते हैं। लेकिन जब इस भरोसे की नींव मतदाता सूची ही अविश्वसनीय हो जाए तो पूरा लोकतांत्रिक ढांचा सवालों के घेरे में आ जाता है। बिहार को लेकर हाल ही में सामने आई एक जनसांख्यिकीय रिपोर्ट ने इसी आशंका की चेताया है। रिपोर्ट में यह संकेत मिला है कि राज्य की मतदाता सूची में लाखों ऐसे नाम दर्ज हैं, जिनका कोई जनसांख्यिकीय आधार नहीं है। ये न केवल प्रशासनिक उदासीनता का मामला है, बल्कि संभावित रूप से लोकतंत्र की निष्पक्षता पर गंभीर संकट की चेतावनी भी है।**

डॉ. रमेश ठाकुर

डॉ. विद्यु शेखर और डॉ. मिलन कुमार द्वारा तैयार की गई 'जनसांख्यिकीय पुनर्निर्माण और मतदाता सूची में फुलावः बिहार में वैध मतदाता आधार का अनुमान' रिपोर्ट, विभिन्न सरकारी स्त्रोतों जिसमें 2011 की जनगणना, राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़े, सैंपल रजिस्ट्रेशन सिस्टम, राज्य आर्थिक सर्वेक्षण और प्रवासन के आधिकारिक आंकड़ों को शामिल किया गया है। इस अध्ययन में इन आंकड़ों के आधार पर बिहार में संभावित वैध मतदाताओं की संख्या का अनुमान लगाया गया है। चुनाव आयोग के अनुसार, 2024 के चुनावों के लिए बिहार में कुल 7.89 करोड़ पंजीकृत मतदाता हैं, लेकिन जनगणना और राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के आंकड़ों पर आधारित इस शोध का अनुमान है कि वैध मतदाताओं की संख्या केवल 7.12 करोड़ होनी चाहिए। इसका सीधा अर्थ है कि 77 लाख नाम ऐसे हैं, जिन्हें साफ-सुथरी और अद्यतन मतदाता सूची में जगह नहीं मिलनी चाहिए थी। यह फासला न तो सामान्य माना जा सकता है और न ही इसे मात्र तकनीकी चूक करार दिया जा सकता है। 77 लाख का यह अंतर राज्य की कुल मतदाता संख्या का लगभग 10 प्रतिशत है, जो किसी भी चुनाव के परिणाम को प्रभावित करने के लिए पर्याप्त है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि यह विसंगति राज्य के सभी हिस्सों में समान नहीं है, कुछ जिले तो ऐसे हैं जहां यह अंतर बेहद गंभीर स्तर तक पहुंच गया है।

उदाहरण के लिए, दरभंगा में 21.5 प्रतिशत, मधुबनी में 21.4 प्रतिशत, मुज़फ्फरपुर में 11.9 प्रतिशत और राजधानी पटना में 11.2 प्रतिशत अतिरिक्त मतदाताओं के नाम दर्ज हैं। मात्र तीन जिलों मधुबनी, दरभंगा और मुज़फ्फरपुर में ही लगभग 15 लाख ऐसे मतदाताओं के नाम दर्ज हैं, जिन्हें जनसांख्यिकीय तौर पर मौजूद नहीं होना चाहिए। कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में जनसंख्या वृद्धि और मतदातावृद्धि के आंकड़े एक-दूसरे से बिलकुल मेल नहीं खाते। उदाहरण के तौर पर शेखपुरा जिले की जनसंख्या 2011 से 2024 के बीच 2.22 प्रतिशत घटी है, लेकिन मतदाताओं की संख्या 11.7 प्रतिशत बढ़ गई। इसी तरह सीतामढ़ी की जनसंख्या में 11.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि मतदाताओं की संख्या 29.3 प्रतिशत बढ़ गई। ऐसी विसंगतियाँ किसी स्वाभाविक जनसंख्या परिवर्तन का परिणाम नहीं हो सकतीं। ये आंकड़े या तो प्रशासनिक लापरवाही की ओर इशारा करते हैं या जानबूझकर किए गए हेरफेर की ओर। दरअसल बिहार में मतदाता सूची से नाम हटाने की प्रक्रिया काफी कमजोर और ढीली है। यह काम ज़्यादातर लोगों द्वारा खुद फॉर्म भरने और फील्ड वेरिफिकेशन पर निर्भर करता है, जो अक्सर अधूरा या अनियमित होता है। कई बार इस तरह की खबरें आती हैं कि कई शहरी और अर्ध-शहरी इलाकों में घर-घर जाकर या तो अधूरी जांच होती है या होती ही नहीं है। इसके अलावा मतदाता सूची को मृत्यु पंजीकरण या प्रवासन से जुड़े सरकारी आंकड़ों से जोड़ने की कोई तात्कालिक



व्यवस्था नहीं है। नतीजतन जो लोग गुजर चुके हैं या राज्य से बाहर चले गए हैं, उनके नाम भी वर्षों तक सूची में बने रहते हैं।

मतदाता सूची की इन विसंगतियों का कुछ दलों को सीधा फायदा होता है। बिहार की राजनीति लंबे समय से पहचान आधारित और जातीय वोट बैंक पर टिकी रही है। ऐसे में जब मतदाता सूची में संदिग्ध या फर्जी नाम बने रहते हैं, तो ये पार्टियाँ इसे अपने लिए 'बैकडोर वोटिंग' और चुनावी धांधली का जरिया बना लेती हैं। जब कभी सूची की सफाई की माँग उठती है, तो इसे 'अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने' जैसा भावनात्मक मुद्दा बनाकर दबा दिया जाता है। बिहार की तरह पश्चिम बंगाल में भी यही पैटर्न दिखता है। सीमावर्ती इलाकों में घुसपैठ की आशंका के चलते वहां मतदाता सूची को लेकर लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं, मगर तृणमूल कांग्रेस अक्सर इन जिलों में गहन जांच का विरोध करतीरही है। यह भी उसी रणनीति का हिस्सा लगता है, जैसा कि बिहार में देखागया। वहीं असम में एनआरसी प्रक्रिया से यह तो साबित हुआ ही कि अवैध प्रवासियों की पहचान मुश्किल है, लेकिन यह भी दिखा कि अगर राजनीतिक इच्छाशक्ति हो, तो मतदाता सूची को सुधारना नामुमकिन नहीं है। इस पूरे मामले का सबसे खतरनाक पहलू यह है कि फर्जी मतदाताओं की इतनी बड़ी संख्या सीधे चुनावी नतीजों को प्रभावित कर सकती है। 2020 के विधानसभा चुनावों में बिहार की 243 सीटों में से 90 सीटें ऐसी थीं, जहां जीत-हार का अंतर 10,000 से कम वोटों का था। अब अगर हर विधानसभा क्षेत्र में औसतन 25,000 से 50,000 तक फर्जी नाम दर्ज हैं, तो यह निष्पक्ष चुनाव की सोच को ही सवालों के घेरे में डाल देता है। ऐसे में यह पूछना बिल्कुल जायज़ है कि क्या मतदाता सूची में मौजूद ये फर्जी नाम लोकतंत्र की आत्मा को भीतर से खोखला नहीं कर रहे? भले ही यह रिपोर्ट बिहार तक सीमित है, लेकिन इसका संदेश पूरे देश के लिए बेहद अहम है। जब एक ऐसा राज्य,जहां आधार लिंकिंग, वोटर आईडी और मतदाता सूची संशोधन जैसी कोशिशें हो चुकी हैं, वहां इतनी बड़ी गड़बड़ी पाई जाती है, तो उन राज्यों का क्या हाल होगा जहां पारदर्शिता और निगरानी और भी कमज़ोर है? यह शोध रिपोर्ट महज़ आंकड़ों का विश्लेषण नहीं है, बल्कि एक गंभीर लोकतांत्रिक चेतावनी है। हर फर्जी नाम, हर मृत या पलायन कर चुके व्यक्ति का नाम जो मतदाता सूची में बना हुआ है, लोकतंत्र को हाईजैक करने का औजार है। यह किसी नकली नोट से भी ज़्यादा खतरनाक है, क्योंकि इसका नुकसान सिर्फ आर्थिक नहीं, बल्कि राजनीतिक औरसंस्थागत है जो एक पूरे राज्य का प्रतिनिधित्व बदल सकता है। बिहार की मतदाता सूची में दर्ज ये 77 लाख फर्जी नाम सिर्फ प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि एक लोकतांत्रिक संकट की दस्तक हैं। यदि मतदाता सूची ही अविश्वसनीय हो जाए तो फिर चुनाव की पवित्रता, जनादेश की वैधता और शासन की नैतिक वैधता पर प्रश्नचिह्न लगना स्वाभाविक है। यह न केवल एक राज्य का संकट है, बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए चेतावनी है कि लोकतंत्र की रीढ़ की रक्षा अब प्राथमिकता बननी चाहिए। इस संदर्भ में, चुनाव आयोग द्वारा बिहार में चलाया जा रहा स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन एक महत्वपूर्ण और समयोचित हस्तक्षेप है। इस पहल को केवल आँकड़ों की समीक्षा भर न मानकर, एक लोकतांत्रिक उत्तरदायित्व की पूर्ति के रूप में देखा जाना चाहिए। आयोग को चाहिए कि वह इस प्रक्रिया को और व्यापक बनाए, तकनीकी और विधिक उपायों से इसे मजबूत करे और राज्य सरकारों के सहयोग से हर मतदाता सूची को अधिक पारदर्शी, त्रुटिरहित और विश्वसनीय बनाए। बिहार से उठी यह आवाज़ देशभर में मतदाता सूची की शुचिता और पारदर्शिता की माँग को नई ताक़त देती है, क्योंकि अगर मतदाता ही नकली हो गया, तो फिर लोकतंत्र असली कैसे रह पाएगा?

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आय में कमी होने के कारण तनाव हो सकता है। गलतफहमी के कारण सम्बन्धों में खराबी आ सकती है। सन्तान की परवरिश पर आपको ध्यान देना चाहिये।

**वृषभ**
आय के नये स्रोत विकसित हो सकते हैं। अपनी योग्यता और प्रतिभा को विकसित करने का प्रयास करें। रुके हुये काम आसानी से बन जायेंगे।

**मिथुन**
आपका स्वास्थ्य कमजोर रहने वाला है। नये सम्बन्धों को लेकर परेशानी हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपको अतिरिक्त समय देना पड़ सकता है।

**कर्क**
वैवाहिक जीवन काफी खुशहाल रहेगा। समाज में आपको प्रसिद्धि मिलेगी। सरकारी अधिकारियों की मदद से जरूरी काम समय पर हो जायेंगे।

**सिंह**
कार्यक्षेत्र में आपको अतिरिक्त ध्यान देना पड़ेगा। घर में अनुशासन की कमी रहेगी। काम समय पर न होने से अशान्ति होगी।

**कन्या**
उच्च अधिकारी आपके काम में हस्तक्षेप कर सकते हैं। परिजनों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। दूसरों की आलोचनाओं से आपको दुखी नहीं होना चाहिये।

**तुला**
कार्यक्षेत्र में अशान्ति का वातावरण रहेगा। पेपरवर्क आदि को लेकर परेशानी होगी। मीडिया से जुड़े लोगों को चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

**वृश्चिक**
कार्यक्षेत्र में आप काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे। अपनों से बड़ों का आदर करें। काम की अधिकता के कारण आपको ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी।

**धनु**
धन के लेन-देन में चूक, परेशानी का कारण बन सकती है। महिलाओं को इलाज में लापरवाही नहीं बरतनी चाहिये। रचनात्मक कार्यों में मन लगेगा। दूर के स्थान की यात्रा हो सकती है।

**मकर**
आपकी आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक सम्बन्धों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। नये प्रेम सम्बन्ध विकसित हो सकते हैं। अधिकारी वर्ग के साथ आपको सम्बन्ध अच्छे रखने चाहिये।

**कुंभ**
अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखें। मानसिक थकान का अनुभव करेंगे। इसीलिये आज आराम करना चाहिये। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी।

**मीन**
कारोबार को लेकर शुभ समाचार मिल सकते हैं। विद्वानों के साथ बैठकर चर्चा करेंगे। अपनी संगत का ध्यान रखें। परिवार में सुख-शान्ति का वातावरण रहेगा।

# 22,45,144 में से 20,78,865 निर्वाचकों का गणना प्रपत्र अपलोड

## जिले में लगभग पूर्ण हुआ मतदाता पुनरीक्षण कार्य

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** जिले में ईसीआई के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य लगभग पूर्ण हो गया है। शुक्रवार को जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला ने प्रेस वार्ता आयोजित कर बताया की इस अभियान में 25 जून, से 26 जलाई तक सभी बीएलओ मतदाता से गणना प्रपत्र प्राप्त करेंगे एवं उसे बीएलओ एप माध्यम से अपलोड करेंगे। शुक्रवार तक जिला के कुल निर्वाचक-22,45,144 में से कुल-20.78.865 (92.59 प्रतिशत) निर्वाचकों का गणना प्रपत्र अपलोड किया जा चुका है। विशेष गहन पनरीक्षण के विषय में जानकारी एवं मतदान कन्द्र के युक्तिकरण से संबंधित जानकारी देने हेतु सभी मान्यता प्राप्त राजनेतिक दलों के साथ 30 जून एवं 10 जुलाई को बैठक की गयी। 30 जुलाई को मतदान केन्द्र का प्रारूप प्रकाशन किया गया। जिसकी सूची उन्हें उपलब्ध करायी गयी है। 18 जुलाई को सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यस्तरीय राजनैतिक दलों के साथ बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में उनके साथ शेष बचे हुए निर्वाचकों की सूची साझा की गयी। जिनका गणना प्रपत्र अप्राप्त था। साथ ही अनुरोध किया गया कि अपने मतदान केन्द्र स्तरीय एजेंट के द्वारा इन शेष बचे हुए मतदाताओं का गणना प्रपत्र भरने में आवश्यक सहयोग प्रदान करें। इसी बैठक में उनके साथ मृत, स्थानांतरित एवं दोहरी प्रविष्टि वाले निर्वाचकों के विषय में जानकारी साझा की गयी। शेष बचे हये निर्वाचकों का गणना प्रपत्र भरवाने हेतु मतदान केन्द्र के स्तर पर बूथ लेवल एजेंट एवं मतदान केन्द्र स्तरीय अधिकारी की बैठक भी करायी गयी। विशेष गहन पुनरीक्षण के प्रचार-प्रसार हेतु मतदाता जागरूकता रथ के द्वारा प्रचार-प्रसार किया गया। सार्वजनिक स्थलों पर विशेष गहन पुनरीक्षण संबंधित होडिंग एवं फ्लैक्स लगाया गया। बेगूसराय के सोशल मिडिया हैंडल के द्वारा प्रचार-प्रसार, नगर निगम, बेगूसराय में निर्वाचकों को गणना प्रपत्र भरने के लिए जागरूक करने हेतु विशेष अभियान चलाया गया। विशेष गहन पुनरीक्षण में निर्वाचक सूची का प्रारूप प्रकाशन 1 अगस्त को किया जायेगा। इसमें दावा-आपत्ति 1 सितंबर तक किया जा सकता है। निर्वाचक सूची का अंतिम प्रकाशन 30 सितंबर को किया जायेगा।

## जनता के दरबार में 70 आवेदनकर्ताओ की हुई सुनवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मोतिहारी।** समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन सभागार में आयोजित कार्यक्रम जनता के दरबार में जिला प्रशासन द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 70 आवेदनकर्ताओं की समस्याओं पर जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर समाहर्ता पूर्वी चंपारण मोतिहारी की अध्यक्षता में जिलास्तरीय पदाधिकारी गण के द्वारा सुनवाई की गई। प्राप्त शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिन्हा ने कहा कि आज जो आवेदन प्राप्त हुए हैं उस पर संबंधित पदाधिकारी के स्तर से करवाई कराते हुए शीघ्र ही समस्या का विधिसम्मत निदान सुनिश्चित किया जाएगा। भूमि विवाद, अतिक्रमण वाद, राजस्व विभाग से संबंधित अधिकांश आवेदन प्राप्त हुए जिसके शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश के साथ भेज देने का निर्देश प्रभारी पदाधिकारी जिला जन शिकायत कोषांग को दिया गया। जनता के दरबार कार्यक्रम मे एडीएम पीजआरओ शैलेंद्र भारती, यशवंत कुमार, विकास कुमार मंगला कुमारी, निधि कुमारी सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारियों ने जनता दरबार में आए लोगों से मिलकर उनकी शिकायतों का समाधान किया।

## प्रशासन ने अतिक्रमित भूमि करवाई मुक्त

### अनुमण्डलीय लोक शिकायत में चल रहा था मामला



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मंसूरचक।** थाना क्षेत्र के समसा दो पंचायत के मकदमपुर रखौत टोला में वर्षो से अतिक्रमित भूमि को प्रशासन के द्वारा खाली कराया गया। अतिक्रमणकारी उक्त भूमि पर फूस का घर बना रखा था। जिसके कारण खेत खलिहान तक जाने का रास्ता बंद हो चुका था। विवश होकर गांव के ही नरेश कुमार ने तेघड़ा अनुमंड पदाधिकारी राकेश कुमार के यहां आवेदन देकर गुहार लगाया था। जो अनुमंडल न्यायालय में कुछ दिन मामला चलने के बाद अतिक्रमण मुक्त करवाने का फैसला पारित किया गया। जिसके आलोक में अनुमंडल पदाधिकारी ने मजिस्ट्रेट के रूप में एमओ शैलेन्द्र कुमार सिंह को नियुक्त कर जिला से अतिरिक्त पुलिस बल मंगवा कर उक्त अतिक्रमित जमीन को मुक्त करवाते हुए रास्ता बनवा दिया। शांति व्यवसथा बनायें रखने के लियें मंसूरचक अंचलाधिकारी सुजीत कुमार, थानाध्यक्ष अमीत कांत कुमार तैनात रहे। अतिक्रमण मुक्त होने से प्रशासनिक अधिकारी, पदाधिकारीयों के प्रति लोगो में हर्ष है। क्षेत्र के लोगों ने कहा कि अभी भी गांव, टोला में सड़क की जमीन को जबरन कब्जा कर अपनी हुकुम जमा रहें हैं और लोगों के गांव तक जाने वाली सड़क को बाधित कर रखें हुयें हैं। जिसे देख कर भी लोग कुछ कहना या फिर प्रशासनिक प्रक्रिया में जाना अपने आप से परहेज कर रहे हैं।

## खाद के साथ जबरन नैनो यूरिया दे रहे दुकानदार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलिया।** प्रखंड स्तरीय उर्वरक निगरानी समिति की बैठक शुक्रवार को विडिओ सन्नी कुमार के कार्यालय परिसर मे आयोजीत की गई जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख ममता देवी ने की। बैठक मे उपस्थित राजनैतिक दलों के नेताओ ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के अधिकतर हिस्से मे बाढ़ और जलजमाव के कारण खरीफ की खेती ना के बराबर होती है। इस क्षेत्र मे बस रबी सीजन की ही खेती होती है। जिस समय किसानो खाद आवश्यकता होती है। लेकिन दुकानदार बाजिब दर पर किसानो को खाद उपलब्ध नहीं कराते। किसान को मजबूर होकर महगी दर पर खाद लेना परता है। इसलिए कीमत से अधिक दर पर खाद बेचने बाले दुकानदार पर करी कारवाई की जाए। उपप्रमुख सचिदानंद पासवान ने कहा कि दुकानदार खाद के साथ नयनों यूरिया जींक लेने को मजबूर करते है। नहीं लेने पर खाद किसान को नहीं देते है। बलिया व्यपार मंडल के अध्यक्ष राकेश सिंह ने भारी संख्या मे बहियार मे आए जंगली जानवर से फसल की हो रही नुकसान से किसानो को निजात दिलाने की मांग की। वही पूर्व मुखिया माकपा नेता जय प्रकास यादव ने जलजमाव से फसल नष्ट हो जाता है। उन सभी किसानो को फसल की मुवाबजा और फसल क्षतिपूर्ति दिया जाए। बलिया बीडीओ सन्नी कुमार ने कृषि पदाधिकारी बलिया को निर्देश दिया की कोई भी दुकानदार खाद की कीमत ज्यादा नहीं ले। इसपर नजर रखा जाए। अगर कोई दुकानदार ज्यादा कीमत लेते पकड़ा जाए तो उसपर कड़ी करवाई करे। अनुज्ञप्ति भी रद्द करे साथ ही बीडीओ ने कृषि विभाग के पदाधिकारी को निर्देश दिया। इस बैठक मे बलिया व्यपार मंडल अध्यक्ष कांग्रेस नेता राकेश सिंह, 20 सूत्री अध्यक्ष जद नेता आनंदी महतो, भाकपा माले नेता इंद्रदेव राम, प्रखंड कृषि पदाधिकारी रशीम कुमारी, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी सुबोध कुमार सहित कृषि बिभाग से जुड़े कर्मी और गणमान्य अतिथि ने भाग लिया।

## रंगकर्मी पद्मश्री रतन थियाम को दी गई श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** द फैक्ट आर्ट एंड कल्चरल सोसाइटी बेगूसराय के द्वारा भारतीय रंगमंच के ख्यातिलब्ध निर्देशक, विचारक और थियेटर के सच्चे साधक पद्मश्री रतन थियाम की याद में गुरुवार को फैक्ट स्पेस, रतनपुर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। रतन थियाम के निधन की खबर के बाद से ही रंगमंच और कला प्रेमियों में शोक की लहर दौड़ गई थी। कार्यक्रम की शुरुआत में सभी लोगों ने पद्मश्री रतन थियाम जी के तैल्य चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनकी याद में दो मिनट मौन रखा। इसके बाद रतन थियाम के जीवन और कार्यों का उल्लेख वक्ताओं द्वारा किया गया। श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता देवेंद्र कुंवर ने किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा रतन थियाम केवल एक नाट्य निर्देशक नहीं, बल्कि एक आंदोलन थे। उन्होंने रंगमंच को जनसंवेदना से जोड़ा और भारतीय मिथकों व लोककथाओं को वैश्विक रंगमंच की भाषा में ढाला। मंच संचालन संतोष कुमार राही ने किया। इस अवसर पर शहर के वरिष्ठ रंगकर्मी व साहित्यकार दीपक सिन्हा, जिला कला संस्कृति पदाधिकारी श्याम सहनी, युवा रंग निर्देशक इम्तियाजूल हक, प्रकाश परिकल्पक, चिंटू कुमार, युवा रंगकर्मी चंदन वत्स, संतोष राही, देवानंद सिंह, वैभव सिंह, दीपक, अमरेश, रविकांत, चंदन कश्यप तथा अन्य उपस्थित थे।

## सदर पीएचसी से हुई कालाजार दवा छिड़काव अभियान की शुरुआत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मोतिहारी।** कालाजार से प्रभावित जिले के विभिन्न प्रखंडों व गांवों में कालाजार उन्मूलन के लिए सिंथेटिक पायरोथायराइड कीटनाशक का छिडकाव मोतिहारी के सदर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से डीभीडीसीओ डॉ. शरत चन्द्र शर्मा के नेतृत्व में छिड़काव शुरू किया गया है। इस संबंध में डॉ. शर्मा ने बताया कि अगले 60 दिनों तक कालाजार से बचाव को दल एवं स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा दवा का छिड़काव किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भीडीसीओ के द्वारा छिडकाव की निगरानी की जाएगी। मौके पर उपस्थित डीपीएम ठाकुर विश्वमोहन ने कहा कि कालाजार से बचाव को छिड़काव बहुत जरूरी है। क्षेत्रों में लोगों को दवा छिड़काव कराने के साथ स्वच्छता के महत्व को समझाया जा रहा है। डॉ. शर्मा ने कहा कि लोगों को कालाजार से बचाव की जानकारी देकर उन्हें घरों, व आसपास के क्षेत्रों में दवा छिड़काव कराने के लिए समझाया जा रहा है। साथ ही लोगों को बताया जा रहा है कि सभी घरों में छिड़काव जरूरी है। बालू मक्खी के काटने से कालाजार की बीमारी होती है। इसलिए सोते समय मच्छरदानी का हमेशा प्रयोग करें। पानी जमा हुए स्थानों पर, कालाजार को फ़ैलाने वाले बालू मक्खी को रोकने के लिए कीटनाशकों का छिड़काव बेहद जरूरी होता है। कालाजार रोग को समाप्त करने के लिए राज्य सरकार काफी गम्भीर है। इसके उन्मूलन के लिये सभी को आस पड़ोस के वातावरण को साफ सुथरा रखने, घरों की साफ सफ़ाई करने एवं मच्छरदानी का प्रयोग करने की सलाह दी जाती है। डॉ. शर्मा ने बताया कि यह रोग संक्रमित बालू मक्खी के काटने से एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में भी प्रवेश कर जाता है। दो सप्ताह से अधिक बुखार व अन्य विपरीत लक्षण शरीर में महसूस होने पर अविलंब जांच कराना चाहिए। डीभीडीसीओ ने बताया कि अगर किसी व्यक्ति को दो सप्ताह से ज्यादा से बुखार हो, उसकी तिल्ली और जिगर बढ़ गया हो और उपचार से ठीक न हो तो उसे कालाजार हो सकता है।जांच व ईलाज सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर उपलब्ध है। मौके पर सदर स्वास्थ्य केंद्र के प्रबंधक सन्ध्या कुमारी, विनोद राम, सोनू कुमार व अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## विश्वविद्यालय अनुदान आयोग राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की, 57 छात्र उत्तीर्ण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय ने जून 2025 के विश्वविद्यालय अनुदान आयोग राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की, 57 छात्र हुए उत्तीर्ण 5 जेआरएफ, 26 सहायक प्रोफ़ेसर उत्तीर्ण और 26 पीएचडी प्रवेश मीडिया अध्ययन विभाग की अनु ने प्राप्त किया अखिल भारतीय चौथा स्थान महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय (महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय) ने जून 2025 के विश्वविद्यालय अनुदान आयोग राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में 57 छात्रों के उत्तीर्ण होने के साथ शैक्षिक उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित किए हैं, जो विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को और भी मजबूत करता है। इस अद्वितीय उपलब्धि में 5 छात्र जूनियर रिसर्च फ़ेलोशिप (जेआरएफ) प्राप्त करने में सफल रहे, 26 छात्रों ने सहायक प्रोफ़ेसर पद के लिए उत्तीर्ण किया और 26 छात्रों ने पीएचडी प्रवेश हेतु पात्रता प्राप्त की। इस परीक्षा में सबसे खास उपलब्धि अनु की है, जो मीडिया अध्ययन विभाग से हैं, और जिन्होंने अखिल भारतीय स्तर पर चौथा स्थान प्राप्त किया है। उनकी सफलता महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय की शैक्षिक क्षमता को प्रदर्शित करती है, जो छात्रों को राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए सभी आवश्यक संसाधन और मार्गदर्शन प्रदान करती है। अनु के साथ-साथ अन्य जेआरएफ प्राप्त करने वाले छात्र हैं– मानवी भार्गव (वाणिज्य विभाग), अमित विक्रम (समाज शास्त्र विभाग), मृतीयुंजय आज़ाद और आयुष रंजन (अंग्रेजी विभाग), जो महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के विविध शैक्षिक क्षेत्रों की ताकत को उजागर करते हैं। विश्वविद्यालय की सफलता विभिन्न विभागों में फैली हुई है, जिसमें प्रबंधन विभाग ने 10 सफल उम्मीदवारों के साथ अग्रणी भूमिका निभाई। राजनीतिक विज्ञान विभाग में 8 छात्र सफल हुए, जबकि संस्कृत और पुस्तकालय विज्ञान विभाग में 7-7 छात्रों ने सफलता प्राप्त की। मीडिया अध्ययन और समाजशास्त्र विभाग में भी 6-6 छात्रों ने अपनी सफलता का परचम लहराया।

प्रोफ़ेसर संजय श्रीवास्तव, कुलपति, महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय ने इस शानदार सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय का जून 2025 के विश्वविद्यालय अनुदान आयोग राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा में अभूतपूर्व प्रदर्शन इस बात का प्रमाण है कि हम न केवल शैक्षिक उत्कृष्टता की दिशा में निरंतर अग्रसर हैं, बल्कि हमारे छात्रों की कड़ी मेहनत, समर्पण और लगन भी इस सफलता का मूल कारण हैं। यह उपलब्धि हमारी शिक्षण-प्रणाली की मजबूती को दर्शाती है। विश्वविद्यालय के हर विभाग ने अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से यह सफलता प्राप्त की है, जो आने वाले छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। हम छात्रों को न केवल अकादमिक दृष्टि से, बल्कि शोध और समाजसेवा के क्षेत्र में भी एक आदर्श नागरिक बनाने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

## 75 फीसदी से अधिक अंक लाकर बेटियों ने बढ़ाया मान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**आरा।** भोजपुर जिले के बड़हरा विधानसभा क्षेत्र के बेटियों ने 75% अंक लाकर गांव, प्रखंड व जिले का मान बढ़ाया है। जिसे सुनकर पूर्व एमएलसी रणविजय सिंह राजापुर वाले उनके घर जाकर टैब प्रदान कर सम्मान दिया। यहां तक की उनके माता पिता को भरी सभा में उनके पुत्री ने गले में मेडल पहनाया। जब बेटियों ने अपने माता पिता से कहा कि आपके सहयोग से आपकी बेटी को आज सम्मान मिल रहा है। जिसका असली हकदार आप सभी है। जिन्होनें बेटियों को पढ़ाने का हिम्मत दिया। आज आपके द्वार पर पटना से चलकर पूर्व एमएलसी रणविजय सिंह आये है। बेटियों की आवाज सुनकर सभी लोग भावुक हो गये। मौजूद लोगो को संदेश दिया कि बेटी अब बोझ नही गर्व की बात है। शुक्रवार को बड़हरा प्रखंड के विभिन्न गांव में 8 बेटियों को डिजिटल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए टैबलेट प्रदान किया। पूर्व एमएलसी रणविजय सिंह 'राजापुरवाले' ने कहा कि इन होनहार बेटियों को डिजिटल टैबलेट भेंट कर उन्हें डिजिटल युग से जोड़ने व उनकी शिक्षा को नई दिशा देने का कार्य किया गया। 'राजापुरवाले' ने कहा कि 'हमारी यह पहल केवल पुरस्कार वितरण नहीं है, यह बेटियों के भविष्य में निवेश है। यह हर उस परिवार के लिए सम्मान है जिसने गरीबी और कठिनाइयों के बावजूद अपनी बेटी को आगे बढ़ाया। हर पंचायत की होनहार बेटी तक टैब और सम्मान पहुंचाना हमारा प्रथम प्राथिकता थी। जिसे आज पूरा करने का मौका मिल रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि अभिभावकों और ग्रामवासियों ने इस पहल को ऐतिहासिक बताते हुए रणविजय सिंह को साधुवाद दिया। सम्मानित होने वाली छात्राओं में गुंडी गांव निवासी अनिल प्रसाद की पुत्री शिवानी कुमारी, मो सोहेल की पुत्री आलिया प्रवीण, चंदन प्रसाद गौर की पुत्री नेहा कुमारी, सुनील तिवारी की पुत्री साक्षी कुमारी व वीरेंद्र सिंह की पुत्री खुशी कुमारी सिंह, नथमलपुर के देवेंद्र सिंह की पुत्री बसंती कुमारी, महुदही के रणधीर सिंह की पुत्री साक्षी कुमारी और आलेखी टोला के देव कुमार की पुत्री ज्योति कुमारी को सम्मानित किया गया। टैबलेट वितरण के दौरान सबसे भावुक व प्रेरणादायक दृश्य तब देखने को मिला जब एक बेटी भरी समाज में अपनी मेहनत और आशिर्वाद अपने माता पिता को दिया। यह केवल एक दृश्य नहीं था, बल्कि एक संस्कार, सम्मान और संघर्ष की जीवंत तस्वीर थी। यह पल समाज को यह बताने के लिए काफी था कि बेटी बोझ नहीं, गर्व होती है।

## कांवरियों का जत्था देवघर के लिए रवाना

**मोतिहारी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सावन की इस पवित्र माह में झारखंड के देवघर तथा बाबा बासुकीनाथ धाम में विश्व प्रसिद्ध मेला का आयोजन होता है जिसमें देश विदेश से श्रद्धालु अपार कष्टों को सहते हुए भी बाबा भोलेनाथ पर जल चढ़ाने आते हैं और बाबा का प्रसाद पाकर धन्य होते हैं। पतौरा से श्रद्धालुओं का एक जत्था सुल्तानगंज लिए बस से रवाना हुआ जहां सुबह गंगा स्नान कर वह लोग जल उठाएंगे और कवारिया पथ का अनुसरण करते हुए देवघर एवं बासुकीनाथ धाम में भोलेनाथ पर जल अर्पित करेंगे। वही श्रद्धालुओं की इस टीम में संजय दुबे, रामभू सोनी, हीरालाल साह, मोतीलाल पटेल शामिल हैं।

## एक नजर

### पेड़ गिरने से घंटो बाधित रहा पथ

**गढ़पुरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शुक्रवार को गढ़पुरा मंझौल पथ के मानिकपुर चौक के समीप शुक्रवार की सुबह जलेबी का पेड़ गिरने से घंटा गढ़पुरा मंझौल पथ बाधित रहा जिसके वजह से गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। ड्राइवर भूखे प्यासे करीब पांच घंटा तक जाम में फंसे रहे। कई आवश्यक वाहन भी जाम होने की वजह से फंसे रहे। स्थानीय ग्रामीणों ने फारेस्ट गार्ड मुन्नी कुमारी को सूचना दिया। सूचना मिलते हैं फारेस्ट गार्ड ने घटनास्थल पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया और अपने कर्मी को बुलाकर गिरे हुए पेड़ को काटकर स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से सड़क को खाली कर दिया। दोपहर बाद गढ़पुरा मंझौल पथ आवागमन पुनः चालू हो सका। फारेस्ट गार्ड ने बताया कि पेड़ गिरने से 11000 वोल्ट की तार भी पेड़ में फंसा हुआ था। मैंने जेई को बार-बार संपर्क करने की कोशिश की। लेकिन बिजली विभाग के तरफ से किसी प्रकार की रिस्पांस नहीं आया। इसके वजह से 11000 वोल्ट की तार अभी भी सड़क किनारे लटकी हुई है।

### युवती बरामद

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाने क्षेत्र के एक गाँव से गायब युवती को नावकोठी पुलिस ने शुक्रवार को बरामद किया। वह 18 मार्च से ही गायब थी। इसकी माँ ने थाने में आवेदन देकर खोजबीन की गुहार लगाई थी। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि मोबाइल लोकेशन तथा अन्य तकनीकी अनुसंधान के आधार पर इसे मधुबनी जिले के सिरसी से बरामद किया गया है। इस बरामद्गी में एस आई रंजीत कुमार तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### विवाद में एक जख्मी

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाने के पहसारा में मामूली विवाद में हुई मारपीट में एक व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसका इलाज पीएचसी नावकोठी में किया गया। जख्मी राम प्रवेश पासवान का पुत्र संतोष कुमार है। उसने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराकर गाँव के ही बादल कुमार, बोला कुमार एवं अन्य पर घर में घुसकर जातिसूचक शब्द का प्रयोग करने, मार कर जख्मी कर देने तथा गले से सोने का चकती छीनकर फरार हो जाने का आरोप लगाकर नामजद किया है। उसने बताया कि गुरुवार की संध्या मजदूरी कर घर वापस आ रहा था। गाँव में ही अशोक साह मिस्त्री के घर के निकट मेरी साइकिल छीन कर गढ्डे में फेंक दिया। इसकी शिकायत बादल के पिता पंकज सिंह से की। यह उसे नागवार लगा। देर शाम अपने साथियों के साथ मेरे घर पर आकर जातिसूचक शब्द का प्रयोग करते हुए गाली गलौज करने लगा। इसका विरोध मेरी माँ कौशल्या देवी, पिता राम प्रवेश पासवान ने किया तो उनके साथ भी मारपीट किया। पिस्तौल की बट से सिर पर वार कर जख्मी कर दिया तथा गले से सोने का चकती छीनकर फरार हो गया। 112 पुलिस टीम को फोन किया।टीम के पुलिस पदाधिकारी पीएचसी नावकोठी लाकर इलाज कराया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने मामला दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई शुरूकर दिया है।

### प्रधानाध्यापकों की बैठक

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के सभी प्राइमरी स्कूल, मिडिल स्कूल के प्रधानाध्यापक की बैठक बीआरसी भवन नावकोठी में शुक्रवार को आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता बीईओ अनिल कुमार चौधरी ने की। उन्होंने उपस्थित प्रधानाध्यापक को शनिवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शिक्षक, अभिभावक संगोष्ठी समारोह पूर्वक आयोजित करने का निर्देश दिया। इसमें दिये गए एजेण्डा को धरातल पर मूर्तरूप देने में सकारात्मक पहल करने पर बल दिया। यूथ एण्ड यूको क्लब के तहत सभी स्कूल का पोर्टल पर पंजीकरण करने, एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के तहत धरातल पर उतारने की दिशा में काम करने का भी निर्देश दिया। जवाहर नवोदय प्रवेश परीक्षा में अधिकाधिक बच्चों का फार्म भरवाने पर बल दिया। मशाल खेल प्रतियोगिता में प्रखंड स्तर पर चयनित बच्चों का आवेदन वांछित कागजात के साथ जमा करने, ई शिक्षा कोष पर शतप्रतिशत बच्चों का प्रविष्टि करने, यू डायस पर सत्र 2024-25 के बच्चों का 2025-26 में प्रोगेशन करने सहित कई बिन्दुओं पर चर्चा हुई। मौके पर विश्व भूषण रिंकू, अमित कुमार, प्रधानाध्यापक मो महताब आलम, ललन पासवान, चंदन कुमार, राजेश कुमार, अभय झा, बागीश चंद्र पाठक, दयानंद साह, राजेश कुमार आदि मौजूद थे।

### नवनिर्वाचित पंच का शपथ ग्रहण

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को पंचायत उप निर्वाचन 2025 में चार निर्विरोध नवनिर्वाचित पंच सदस्यों का शपथ ग्रहण कराया गया। जिसकी जानकारी देते हुए वीरपुर प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार शक्तिधर ने बताया कि प्रखंड के चार वार्ड में पंच के रिक्त पदों को लेकर उप चुनाव कराया गया था जिसमें ये सभी निर्विरोध रूप से चुनाव जीते थे हालांकि नामिनेशन तो कई लोगों ने कराया था लेकिन फिर कई लोगों ने अपनी अपनी नामिनेशन वापस ले लिए जिसके बाद ये निर्विरोध रूप से चुनाव में अपनी जीत दर्ज किए इसके बाद शुक्रवार को सभी नव निर्वाचित पंच सदस्यों को पद की गोपनीयता का शपथ दिलाई गई।

### विद्यालय में टैब का वितरण

**मंसूरचक (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड संसाधन केंद्र मंसूरचक में विद्यालय में छुट्टी होने के बाद सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापक को आमंत्रित कर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुनील कुमार राय ने टैब का वितरण किया। इस अवसर पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुनील कुमार राय ने कहा कि स्कूल में समुचित शिक्षा बच्चों के बीच देने के लियें सरकार, विभाग के पदाधिकारी हर मोड़ पर दृढ़ संकल्पित हैं। अब विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक, शिक्षिकायें स्कूल को बेहतर से बेहतर ढंग से सजाते हुयें बच्चों के बीच पूरी ईमानदारी के साथ शिक्षा रूपी ज्ञान का प्रकाश देते रहे, विभाग से लेकर सरकार उनकी हर एक असुविधा को ध्यान में रखते हुयें उनकी कमी को दूर करने का काम करेगी। उन्होंनें कहा वैसे मंसूरचक के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपने कर्म कर्तव्य का निर्वाह करते ही हैं। फिर भी वो बच्चों के बीच और बेहतर प्रदर्शन करने का काम करें ताकि जिला से लेकर राज्य स्तर पर उनकी प्रशंसा हो सकें।

### नए प्राचार्य डॉ नलिन विलोचन ने दिया योगदान

**मोतिहारी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शहर के डॉ. श्री कृष्ण सिन्हा महिला महाविद्यालय में नए प्राचार्य प्रोफ़ेसर (डॉ.) नलिन विलोचन में अपना योगदान दिया । पूर्व प्राचार्य प्रोफ़ेसर (डॉ.) पंकज कुमार ने उनका स्वागत शॉल और पुष्प गुच्छ से किया। इस अवसर पर डॉ. कृष्ण सिन्हा महिला महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रोफ़ेसर (डॉ.) अरुण कुमार ने भी पूर्व प्राचार्य पंकज कुमार और वर्तमान प्राचार्य प्रो (डॉ) नलिन विलोचन जी को पुष्प गुच्छ और शॉल देकर उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा महाविद्यालय को आप से बहुत आशा है। महाविद्यालय के कल्याण के लिए कार्य करेंगे। प्राचार्य ने योगदान देते ही कहा कि मैं पहले अपने शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों से मीटिंग करूंगा और देखूंगा यहां समस्या क्या - क्या है। समस्या देखने के बाद ही महाविद्यालय के हित में कदम उठाऊंगा और महाविद्यालय मैं नैंक करना ही मेरा मुख्य उद्देश्य है। मौके पर महाविद्यालय के शिक्षिका में लेफ्टिनेंट डॉ. कल्पना सिंह, डॉ नीतू, डॉ. मोहम्मद इरशाद आलम डॉ. कुमारी रोशनी विश्वकर्मा डॉ. अपर्णा, कुमारी रंजना, डॉ. किरण कुमारी, शिवांगी सिंह, डॉ. अमित कुमार, डॉ. विपिन कुमार दुबे, डॉ. आकृति रानी, डॉ. ज्योति कुमारी, डॉ. सोनी कुमारी, डॉ. नीतू कुमारी, डॉ. प्रीति राज शिक्षकेत्तर कर्मचारियों में लवली सिंह, विकास कुमार, भास्कर गुप्ता, अमन कुमार, प्रकाश कुमार पांडे, ज्ञान प्रकाश सोनी थे।

## संक्षिप्त समाचार

### भाकपा ने जिला पदाधिकारी को सौंपा मांग पत्र

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के जिला सचिव ओम प्रकाश क्रांति ने आज जिला पदाधिकारी, से मुलाकात कर जिले को सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि जिले में बारिश की घोर कमी के कारण धान की फसलें सूख रही हैं और अब ट्यूबवेल से भी पानी नहीं निकल पा रहा है, जिससे संकट और गहराता जा रहा है।उन्होंने बताया कि श्रावण मास समाप्ति की ओर है, लेकिन अब तक वर्षा नहीं होने के कारण किसानों की खरीफ फसलें बर्बाद होने की कगार पर हैं। यदि जल्द ध्यान नहीं दिया गया तो रबी फसलों पर भी इसका बुरा असर पड़ेगा।भाकपा नेता ने किसानों को आवश्यक राहत और सहयोग देने, साथ ही किसानों से ऋण वसूली पर रोक लगाने की भी मांग की और इससे संबंधित एक आवेदन जिला पदाधिकारी को सौंपा।इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने मामले को आपदा विभाग से जाँच कराने और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### बेलघाटी नहर में पानी नहीं आने से किसान नाराज

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के सतभीड़वा और भानाचक पंचायतों के किसानों ने गुरुवार को बेलघाटी नहर में पानी नहीं छोड़े जाने को लेकर आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया। किसानों ने आरोप लगाया कि समय पर सिंचाई नहीं मिलने से धान की फसल सूखने की कगार पर पहुंच गई है। प्रदर्शन में शामिल योगेंद्र महतो,विनोद सिंह,मुन्ना सिंह,धीरज चौरसिया, इसराइल बैठा,अलीराज हुसैन,सईद अंसारी,नरेश मांझी,रुपेश पाण्डेय, श्री मांझी सहित अन्य किसानों ने बताया कि नहर में पानी नहीं आने से खेतों में दरारें पड़ गई हैं और धान की बिचड़ा सूख रही है।उनका कहना है कि बारिश की कमी पहले ही संकट लेकर आई, अब नहरों में भी पानी नहीं होने से उनकी मुश्किलें और बढ़ गई हैं।कई किसानों ने कर्ज लेकर धान की रोपनी की तैयारी की थी,लेकिन अब पानी की कमी से उनकी उम्मीदें टूट रही हैं।किसानों ने गंडक सिंचाई विभाग से तत्काल बेलघाटी नहर में पानी छोड़ने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र सिंचाई व्यवस्था नहीं बहाल हुई, तो वे उग्र आंदोलन करेंगे।इस मुद्दे पर गंडक विभाग के एसडीओ रितेश कुमार सिंह ने बताया कि बराज की सभी फाटक खोल दिए गए हैं और कल तक बेलघाटी नहर में पानी पहुंच जाएगा। किसान अपनी फसल की सिंचाई कर सकेंगे।

### रेल ट्रैक पर मिला अज्ञात शव, पहचान में जुटी पुलिस

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नरकटियागंज- सिकटा रेलवे ट्रैक पर कटघरवा गाव के समीप एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। ट्रेन से गिरने के बाद उसकी मौत होने की बात बताई जा रही है। सूचना पर पहुची शिकारपुर पुलिस शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्यवाही में जुटी है। थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि कटघरवा गांव रेल ट्रैक पर एक अधेड़ मृत पड़ा हुआ है। सूचना पर पुलिस को घटनास्थल पर भेजा गया। मृत व्यक्ति भिखारी है। उसे ट्रेन में भिख मांगते लोगो ने देखा भी है। उन्होंने बताया कि शव देखने से प्रतित हो रहा है कि उसकी मौत ट्रेन से गिरकर हो रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि उसकी पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। शव को पोस्टमार्टम में भेज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

### शादी की नीयत से नाबालिग का अपहरण

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शादी की नीयत से एक नाबालिग का अपहरण कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। मामले में नाबालिग की मां ने शिकारपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।जिसमे सहोदरा थाना के शेरहवा गांव निवासी गुड्डू गुलाब समेत आधा दर्जन लोगों को आरोपित किया है।आरोप है कि उसकी बेटी सब्जी खरीदने के लिए घर से निकली लेकिन वापस नहीं लौटी। खोजबीन कर क्रम में जानकारी मिली कि गुड्डू गुलाब उससे बातचीत करता था। उसने ही नाबालिक बेटी को बहला फुसलाकर अपहरण कर लिया है।जब वह आरोपितों के घर पूछताछ करने गयी तो आरोपितों ने उसके साथ दुर्व्यवहार किया और मारपीट पर उतारू हो गए। थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है।

### भारी गहमा गहमी के बीच पैक्स चुनाव सम्पन्न

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर पंचायत लौरिया और मरहिया पैक्स चुनाव भारी गहमा गहमी के बीच शुक्रवार के दिन सम्पन्न हो गया। चुनाव पदाधिकारी सह बीडीओ संजीव कुमार ने बताया कि मरहिया पैक्स में कुल 2798 मतदाता थे। इसमे 1659 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जो कुल मत का करीब 59.3: है। वही इस पैक्स मे महिला मतदाताओं ने बढ चढ कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया यहां महिला मतदाताओं ने 68.51: ने मतदान किया तो पुरुष मतदाताओ का प्रतिशत 55.28: रहा। वही लौरिया पैक्स मे कुल 2736 मतदाता थे। जिसमे 1431 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जो कुल मतदाताओं का 52.3: था। मतगणना भी शुक्रवार को ही होनी है।

### 'बिहार आईडिया फेस्टिवल' के जिला स्तरीय कार्यक्रम का छपरा में शुभारंभ

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिलाधिकारी अमन समीर ने शुक्रवार को लोकनायक जयप्रकाश प्रौद्योगिकी संस्थान (इंजीनियरिंग कॉलेज), छपरा में "बिहार आईडिया फेस्टिवल" के प्रथम चरण के जिला स्तरीय कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जीविका दीदियों एवं आवेदक छात्र-छात्राओं से उनके नवाचार आधारित स्टार्टअप बिजनेस आइडिया को सुना और सराहा। उन्होंने उपस्थित युवाओं को ऐसे विचारों को धरातल पर उतारने के लिए प्रेरित किया और स्टार्टअप्स को व्यावसायिक रूप देने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया। कार्यक्रम में संस्थान के प्राचार्य डॉ. मिथिलेश कुमार सिंह, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक, जिला परियोजना प्रबंधक, जीविका, दर्जनों जीविका दीदी, छात्र-छात्राएं और बड़ी संख्या में युवा उद्यमी एवं नवाचार में रुचि रखने वाले विद्यार्थी शामिल हुए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार और स्टार्टअप संस्कृति की ओर प्रेरित करना है ताकि बिहार में नवाचार को नई ऊंचाई दी जा सके।




### महावीरी अखाड़ा को लेकर शांति समिति की बैठक

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी महावीरी झंडा अखाड़ा जुलूस को लेकर शुक्रवार को मझौलिया थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने की।बैठक में थानाध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्र में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने के लिए सभी समुदायों का सहयोग आवश्यक है। महाबीरी अखाड़ा जुलूस के दौरान डीजे बजाने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। किसी भी तरह की उत्तेजक या भड़काऊ गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जुलूस में अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन, तलवारें लहराना या किसी भी प्रकार की हिंसात्मक गतिविधि करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।थानाध्यक्ष ने बताया कि जुलूस के दौरान पुलिस की कड़ी निगरानी रहेगी और सभी संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। उन्होंने सभी उपस्थित जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों से अपील की कि वे शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।बैठक में मुखिया संघ के अध्यक्ष हरिलाल यादव, समाजसेवी मोहन गुप्ता, एकबली राम, लालबच्चन राय, फिरोज साह, रियाजुद्दीन अंसारी, अखिलेश कुमार, नमाजी मियां, सुनील तिवारी, सोनू राय सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### जर्जर सड़क को लेकर ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन

**नगरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र के मानपुर गांव के ग्रामीणों ने गांव की जर्जर मुख्य सड़क के निर्माण की मांग को लेकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि यह सड़क उर्दू प्राथमिक विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, मस्जिद और मदरसा तक पहुंचने का एकमात्र मार्ग है, जो अब बेहद खराब स्थिति में पहुंच चुकी है।



ग्रामीणों ने कहा कि बरसात के मौसम में सड़क कीचड़मय हो जाती है, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। दस साल पहले बनी यह सड़क कई स्थानों पर पूरी तरह टूट चुकी है, और कुछ हिस्सों में अब तक सड़क का निर्माण भी नहीं हो सका है। ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि जल्द सड़क की मरम्मत या पुनर्निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो वे आंदोलन तेज करेंगे। विरोध प्रदर्शन करने वालों में नफीस खान, डॉ. कफिल खान, मुंतजिर खान, शाहिद हुसैन, बाबर खान, रिजवान खान, हसमत खान, आशिफ खान, जफर खान, बाघा खान, अजमुल हक, बाबुद्दीन खान, इरफान खान, लालू खान, लड्डन खान, भोला खान, शकील खान, तैय्यब खान, सुहैल खान और एजाजुल खान सहित दर्जनों ग्रामीण शामिल रहे।

# सौहार्द के साथ मनाएं नागपंचमी एवं महावीरी झंडा

## ड्रोन से कराएं निगरानी, सुरक्षा की रखें चाक-चौबंद व्यवस्था

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नागपंचमी एवं महावीरी झंडा 2025 के अवसर पर विधि-व्यवस्था के दृष्टिगत एवं साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के उदेश्य से आज जिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में बैठक सम्पन्न हुयी।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि नागपंचमी एवं महावीरी झंडा त्योहार में जिले में प्रेम, सद्भाव एवं शांति के वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु जिला प्रशासन दृढ़संकल्पित है। सभी संबंधित पदाधिकारी पूरी तरह अलर्ट रहें। महावीरी झंडा के अवसर पर सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित करें।जिलाधिकारी ने कहा कि जिले के चयनित स्थलों पर पर्याप्त संख्या में मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी तथा पुलिस फोर्स की तैनाती की व्यवस्था करें। निगरानी हेतु ड्रोन का भी इस्तेमाल किया जाएगा। त्योहार के अवसर पर विधि-व्यवस्था प्रभावित करने वाले अपराधियों, असामाजिक तत्वों के विरूद्ध सख्त निरोधात्मक कार्रवाई की जायेगी। किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वाले तत्वों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाय, सख्त कार्रवाई करें। उक्त बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक बेतिया एवं बगहा द्वारा सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं थानाध्यक्षों को निदेशित किया गया कि जुलूस निकालने के लिए सक्षम प्राधिकार से अनुज्ञप्ति लेना आवश्यक है। जुलूस निकालने वाली समितियाँ नियम एवं शर्तों का शत प्रतिशत अनुपालन करेंगी। महावीरी झंडा का जुलूस निर्धारित रूट से ही निकले एवं सभी निर्धारित रूट पर पर्याप्त पुलिस बल एवं मजिस्ट्रेट की तैनाती होनी चाहिए। साथ ही अनुमंडल, प्रखंड एवं थाना स्तर पर शांति समिति की बैठक कर ली जाय। डीजे पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसका सख्ती के साथ अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।जिलाधिकारी ने जिलेवासियों से अपील किया कि शांति, सौहार्द के साथ जिस प्रकार से अबतक हर पर्व त्योहार मनाया गया है, उसी प्रकार से सभी जिलेवासी इस बार भी नागपंचमी एवं महावीरी झंडा का त्योहार मनाएं।इस अवसर पर नगर आयुक्त, बेतिया नगर निगम, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी थानाध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बरवत से जीएमसीएच फोर लेन निर्माण का मार्ग प्रशस्त

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रगति यात्रा के दौरान जिले के विकास को गति देने के लिए की गयी घोषणाओं को मूर्त रुप देने की कार्रवाई आंरभ हो गयी है। कई योजनाओं में निविदा प्रक्रिया अब अंतीम चरण में है। जिले के लिए लाईफ लाईन बरवत से लेकर जीएमसीएच तक घोषित फोर लेन सड़क के निर्माण के लिए एजेंसी का चयन पूर्ण हो गया है। यह कार्य नारायणी निर्माण एजेंसी को सौंपी जा रही है। इसके लिए निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद एलओए निर्गत कर दिया गया है।

जिलाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री ने अपने प्रगति यात्रा के क्रम में दस घोषणाएं की थी। इन सभी को पूरा करने के कार्य प्रगति में हैं। डीएम ने बताया कि मुख्यमंत्री ने बेतिया में अंतराष्ट्रीय स्तर के खेल स्टेडियम का निर्माण की घोषणा की थी। यह योजना खेल विभाग का है। स्टेडियम निर्माण के लिए एजेंसी के रूप में बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, मुजफ्फरपुर कार्य करेगा। इस योजना की प्राक्कलित राशि 53.99 करोड रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति पहले ही मिल गई थी। निर्माण के लिए निविदा खोला गया है जिसे शीघ्र निष्पादित कर दिया जाएगा। डीएम ने बताया कि इसी तरह प्रगति यात्रा के दौरान सीएम ने किसानों के हित में पेराई सत्र 2024-25 से ईख मूल्य के दर में 10 रू प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की घोषणा की थी। जिससे जिले के गन्ना किसानों को 70 करोड़ की अनुमानित राशि मिलने वाली थी। इसमें से 41.69 करोड़ रू0 264208 किसानों के खाते में अंतरित किया गया है। शेष भी जल्द होने की उम्मीद है। इसी प्रकार उत्तर प्रदेश से सटे गंडक नदी के पार वाले 4 प्रखंडों के लिए डिग्री कॉलेज की स्थापना का कार्य भी प्रगति पर है। कॉलेज का निर्माण के लिए स्टीमेट की

### निर्माण एजेंसी तय, एलओए निर्गत

14.52 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त है। इसके लिए प्राप्त निविदा को निष्पादित कर लिया गया है। अब सीमांकन की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने बताया कि सुगत यातायात व्यवस्था एवं जाम से मुक्ति के लिए बेतिया शहर के लिए नई बाईपास सड़क का निर्माण में वैकल्पिक मार्ग के रूप में राष्ट्रीय उच्च पथ 139 डब्लू अरेराज-बेतिया सड़क जो कठैया से तिरहुत नहर के बगल से होते हुए मनुआपुल तक बेतिया को बायपास करते हुए जायेगी स्वीकृत है। भू-अर्जन की प्रक्रिया जारी है। वहीं बगहा एवं गोरखपुर के बीच की दूरी कम करने के लिए मदनपुर से पनियहवा (उत्तरप्रदेश) तक सड़क का निर्माण होना है। परन्तु यह मार्ग वन क्षेत्र में होने के कारण अनापति अप्राप्त है। अतः वैकल्पिक मार्ग के रूप में 4 लेन सेतु एवं पहुंच पथ के निर्माण हेतु डीपीआर तैयार कर भारत सरकार को भेजा गया है।दोन नहर शाखा के 0.00 कि.मी. से 93.75 कि.मी. (इनरवा से वाल्मीकिनगर तक) सेवा पथ का पुनर्स्थापन कार्य में भी काफी प्रगति है। इस कार्य में 78 करोड की राशि खर्च होगी। इसके निविदा का निष्पादित कर लिया गया है। निर्माण कार्य प्रारंभ है। डीएम ने बताया कि इसी तरह मझौलिया प्रखंड अंतर्गत अमवामन , सेनुवरिया में 132/33 के.वी. ग्रिड उप केन्द्र एवं संचरण लाईन का निर्माण के लिए प्राक्कलित 148.49 करोड रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त है। निविदा निष्पादन की प्रक्रिया में है। वाल्मीकिनगर में लवकुश इको टूरिज्म पार्क का निर्माण के लिए 51.54 करोड की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त है। इस निर्माण के लिए चिन्हित जमीन के बदले पांच एकड़ जमीन वन विभाग को दिये जाने के लिए पर्यटन विभाग के स्तर पर कार्रवाई की जा रही है।

# सिवान में महिला मोर्चा की जोरदार एंट्री: देवरिया से आई भाजपा नेत्रियों का भव्य स्वागत

## फूलमाला और अंगवस्त्र से हुआ स्वागत, 7 दिनों तक करेंगी जिले में प्रवास

**सिवान /नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भाजपा महिला मोर्चा उत्तर प्रदेश देवरिया की जिलाध्यक्ष भारती शर्मा गुरुवार को दर्जनों कार्यकर्ताओं और नेताओं के साथ सिवान पहुंचीं। रेलवे स्टेशन पर महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री सह सिवान प्रभारी श्रीमती चांदनी पाण्डेय ने सभी का भव्य स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने फूलमाला और अंगवस्त्र भेंट कर गर्मजोशी से मेहमानों का अभिनंदन किया। स्वागत कार्यक्रम में महिला मोर्चा सिवान की अध्यक्ष सुनीता जायसवाल और भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की सदस्य श्रीमती पूनम गिरी समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहीं। जानकारी के अनुसार, देवरिया से आईं भाजपा नेत्रियां सिवान में सात दिनों तक प्रवास करेंगी। इस



दौरान वे जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जाकर महिला कार्यकर्ताओं के बीच केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं, नरेंद्र मोदी सरकार के 10 वर्षों के विकास कार्यों और बिहार में एनडीए सरकार की उपलब्धियों को लेकर संवाद करेंगी। चांदनी पाण्डेय ने बताया कि बिहार में डबल इंजन की सरकार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में निरंतर विकास की ओर बढ़ रही है। महिला मोर्चा की ये टोली गांव-गांव जाकर महिला मतदाताओं को एनडीए सरकार की नीतियों और योजनाओं से अवगत कराएगी। देवरिया से आई टीम में श्रीमती सीमा जयसवाल, मधु जायसवाल, बिना तिवारी, मीना सिंह, मुन्नी शर्मा और चित्रा जी जैसे कई प्रमुख चेहरे शामिल हैं।

### कमलनाथ तिवारी अनुमंडलीय अस्पताल का होगा नया भवन

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अनुमंडली अस्पताल की पुराना भवन की जगह पर अब नया भवन का निर्माण कराया जाएगा। अस्पताल के पुराने भवन को खाली करने का निर्देश दिया गया है। ताकि पुराने भवन को तोड़कर नया भवन के निर्माण की आधारशिला रखी जा सके।

गौरतलब हो कि बगहा अनुमंडली अस्पताल में करीब 29 करोड़ की लागत से नए भवन का निर्माण होना है। इसको लेकर विभागीय स्तर पर कवायद शुरू की गई है। राशि स्वीकृत होने के बाद अब निर्माण की दिशा में कार्य होना है ऐसे में निर्माण एजेंसी के द्वारा अस्पताल के पुराने भवन को खाली करने की बात कही गई है। गौरतलब हो कि बगहा अनुमंडली अस्पताल का पुराना भवन काफी जर्जर हो चुका था। ऐसे में विभाग की ओर से पुराने भवन को ध्वस्त करते हुए नए भवन के निर्माण का प्रस्ताव दिया गया था।

# प्रेम प्रसंग में तनाव बना जानलेवा: महाराजगंज में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**महाराजगंज (सीवान)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के पोखरा पंचायत अंतर्गत पकवालिया गांव में शुक्रवार की सुबह एक हृदयविदारक घटना सामने आई, जब 40 वर्षीय अरुण कुमार यादव का शव घर में पंखे से लटकता मिला। मृतक गौतम यादव का पुत्र था। सुबह जब परिजनों ने अरुण को फंदे से झूलते देखा, तो घर में चीख-पुकार मच गई। तत्काल इसकी सूचना महाराजगंज थाना को दी गई। घटना की खबर आग की तरह पूरे गांव में फैल गई। देखते ही देखते ग्रामीणों की भारी भीड़ मृतक के घर पर उमड़ पड़ी। सूचना पर एएसआई राहुल भारती दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर सीवान सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मौके पर परिजनों से पूछताछ की और घर की तलाशी ली। प्रारंभिक जांच में परिजनों ने प्रेमप्रसंग में तनाव के कारण आत्महत्या की आशंका जताई है। हालांकि, पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। एएसआई राहुल भारती ने बताया कि मामले की पूरी सच्चाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही सामने आ पाएगी। इधर, मृतक की पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों के अनुसार, अरुण मानसिक रूप से कुछ दिनों से परेशान नजर आ रहा था। थानाध्यक्ष संजीत कुमार ने बताया कि मामला प्रेमप्रसंग से जुड़ा हुआ प्रतीत हो रहा है, लेकिन पुलिस हर पहलू की बारीकी से जांच कर रही है। आत्महत्या के पीछे के कारणों का खुलासा जांच के बाद ही होगा। फिलहाल गांव में शोक का माहौल है।

### बिजली संकट से परेशान सतभीड़वा के ग्रामीणों का प्रदर्शन

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड अंतर्गत सतभीड़वा गांव में लगातार हो रही बिजली की आंखमिचौली और अनियमित आपूर्ति से परेशान ग्रामीणों ने शुक्रवार को आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने बिजली विभाग के खिलाफ आक्रोश जताते हुए जल्द व्यवस्था सुधारने की मांग की।प्रदर्शन में शामिल बिनोद सिंह,मुन्ना सिंह, धीरज चौरसिया,रामेश्वर प्रसाद, अलीराज हुसैन, कारुण मियां,योगेंद्र महतो समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि भीषण गर्मी में बिजली कटौती ने जीवन बेहाल कर दिया है।कभी-कभी तो बिजली घंटों गायब रहती है, जिससे बुजुर्गों, बच्चों और बीमारों को खासा परेशानी हो रही है।ग्रामीणों का कहना है कि बिजली की लगातार ट्रिपिंग से पंखे,कूलर और अन्य उपकरण बंद हो जाते हैं।लोग गर्मी से परेशान होकर सड़कों या पेड़ों के नीचे समय बिताने को मजबूर हैं।

# नौतन की बरईपट्टी में वज्रपात का कहर: छत की सफाई कर रही युवती की दर्दनाक मौत

## बारिश से राहत मिली, लेकिन आकाशीय बिजली ने नेहा की जिंदगी छीन ली; गांव में पसरा मातम

**नौतन (सिवान)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शुक्रवार की दोपहर नौतन थाना क्षेत्र के बरईपट्टी गांव में मौसम की कर-वट एक परिवार पर कहर बनकर टूटी। गर्मी से राहत देने वाली बारिश के बीच गिरी आकाशीय बिजली ने 20 वर्षीया नेहा कुमारी की जान ले ली। मृतका भोला पड़ित की सबसे छोटी बेटी थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को लगभग 11 बजे दिन में मौसम अचानक बदल गया। तेज पुरवाई हवा के साथ काले बादलों ने आसमान को ढक लिया और फिर शुरू हुई तेज गर्जना व मूसलधार बारिश। इस बारिश ने जहां क्षेत्र में गर्मी से राहत दी, वहीं कुछ ही पलों में नेहा कुमारी के परिवार



की खुशियां छीन लीं। तेज बारिश के कारण घर की छत पर जलनिकासी की व्यवस्था बाधित हो गई थी। छत पर पानी भरने लगा और वह घर के अंदर आने लगा। पानी निकासी के लिए नेहा कुमारी छत पर जाकर कचरा साफ कर रही थी, तभी आकाशीय बिजली गिर गई। वह इसकी चपेट में आकर मौके पर ही अचेत हो गई। परिजन आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टरों ने नेहा को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# बदलते एवं प्रगतिशील बिहार की तस्वीर पर जिला स्तरीय प्रतियोगिता सम्पन्न

## प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं प्रमंडलीय प्रतियोगिता में होंगे शामिल

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी सारण तथा जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा सारण के नेतृत्व में ह्लबदलते एवं प्रगतिशील बिहार की तस्वीरह्व विषय पर जिलास्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन ब्राह्मण स्कूल, छपरा में किया गया। कक्षा 6 से 8 (जूनियर वर्ग) एवं 9 से 12 (सीनियर वर्ग) के छात्र-छात्राओं ने निबंध लेखन, परिचर्चा और पेंटिंग/पोस्टर जैसी विधाओं में प्रतिभाग किया। बताया गया है कि प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में पाठ्य सहगामी गतिविधियों के माध्यम से जीवन कौशल विकास को बढ़ावा देना था। जिले के सभी प्रखंडों से चयनित प्रतिभागियों ने प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतियोगिता परिणाम निम्नलिखित रहे हैं:

निबंध लेखनः प्रथम स्थानः सोफया परवीन (जूनियर), पी. एम. श्री उच्च विद्यालय अमनौर, सनाया प्रवीण (सीनियर), उच्च विद्यालय मटिहान। द्वितीय स्थानः अमित कुमार (जूनियर), उ. म. विद्यालय नरहरपुर, मुस्कान राय (सीनियर), उच्च विद्यालय असोईया। तृतीय स्थानः नंदनी कुमारी (जूनियर), पी.एम. श्री उच्च विद्यालय शहाबुद्दीन भित्ति, तमन्ना कुमारी (सीनियर), उ. म.



विद्यालय असोईया **पेंटिंग/पोस्टरः** प्रथम स्थानः नंदनी यादव (जूनियर), उ. म. विद्यालय पंच पत्तरा, साबिया खातून (सीनियर), प्रोजेक्ट उच्च विद्यालय हरपुर कराह। द्वितीय स्थानः साजिया परवीन (जूनियर), आदर्श राजकीय मध्य विद्यालय मढ़ौरा, सरिया आफरीन (सीनियर), सर्वोदय उच्च माध्यमिक विद्यालय भगवानपुर। तृतीय स्थानः अंशु कुमारी (जूनियर), मध्य विद्यालय शहाबुद्दीन भित्ति, रेखा कुमारी (सीनियर), रामावतार उच्च विद्यालय बसंतपुर शोभेपुर।

**परिचर्चाः** प्रथम स्थानः आरुषि कुमारी (जूनियर), यू.एम.एस. खैरवार, आकांश कुमार (सीनियर), पी.एम. श्री उच्च विद्यालय अमनौर। द्वितीय स्थानः अनुज कुमार (जूनियर), आदर्श मध्य विद्यालय असोईया, चुलबुल कुमारी (सीनियर), उच्च विद्यालय दरिहरा। तृतीय स्थानः आदर्श कुमार (जूनियर), पी.एम. श्री उच्च विद्यालय अमनौर, शाइस्ता परवीन (सीनियर), उच्च माध्यमिक विद्यालय कदना। निर्णायक मंडल के द्वारा बताया गया कि प्रत्येक विधा में प्रथम स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को प्रमंडलीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा। इस आयोजन को सफल बनाने में मीडिया समन्वयक डॉ. अजय कुमार, विवेक कुमार, विकास कुमार तथा निर्णायक मंडल के शिक्षकों में नसीम अख्तर, वीरेंद्र बिहारी, विष्णु कुमार, प्रभु बैठा, राजीव रंजन, मो. सुलेमान, सोनू कुमार, सौरभ कुमार, राजू कुमार, वशिष्ठ कुमार, रेनू कुमारी, शाहबाज आलम व नवीन कुमार आदि की सराहनीय भूमिका रही। इनके निष्पक्ष मूल्यांकन ने प्रतियोगिता की निष्पक्षता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित की।

### नाला जाम कर जल निकासी रोकने वालों पर कार्रवाई शुरू

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के विभिन्न इलाकों में नाला को अवरुद्ध कर जल निकासी रोकने वालो पर कार्रवाई आरंभ की जा रही है। इसी कड़ी में नगर आयुक्त के निर्देश पर सीटी मैनेजर ने पक्की फुलवारी इलाके में भ्रमण कर जायजा लिया है। और जल निकासी में बाधक बननेवाले लोगो के विरुद्ध कार्रवाई आरंभ की जा रही है। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने बताया कि पक्की फुलवारी मोहल्ला में नाला जाम कर जल निकासी रोकने वालों पर कार्रवाई शुरू हो गई है।निगम आयुक्त के निर्देश पर सिटी मैनेजर अभिषेक कुमार ने सफाईकर्मियों द्वारा नाला जाम करने के लिए लगाए गए अवरोध को हटवा कर पूरे पक्की फुलवारी मोहल्ला की जल निकासी व्यवस्था सुचारू करा दी गई है।

# जिला पदाधिकारी का निर्देश : तय समय में पूरा हो मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश, त्रुटि रहित सूची बनाने पर जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सिवान।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य की प्रगति को लेकर शुक्रवार को समाहरणालय में एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक जिला पदाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. आदित्य प्रकाश की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई, जिसमें जिले के सभी निवार्ची पदाधिकारी, सहायक निवार्ची पदाधिकारी और उनके अधीनस्थ कर्मियों ने भाग लिया।



**बीएलओ को दिए स्पष्ट निर्देश – कार्य में लाएं तेजी**

बैठक में जिले के सभी बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ), बीएलओ पर्यवेक्षक एवं नगर परिषद के अंतर्गत कार्यरत कर्मी शामिल हुए। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में निर्देश दिया कि शेष बचे सभी कार्यों को निर्धारित समयसीमा में हर हाल में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का यह विशेष गहन पुनरीक्षण न केवल एक औपचारिक प्रक्रिया है, बल्कि निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव की नींव है।

**मतदाता सूची से हटाए जाएं मृत और दोहराए गए नाम**

डॉ. आदित्य प्रकाश ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की त्रुटि नहीं रहनी चाहिए। दोहराए गए नाम, मृत मतदाता या स्थानांतरित लोगों के नामों को सूची से हटाया जाए। साथ ही, नए योग्य मतदाताओं का समय पर पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि यह कार्य बेहद संवेदनशील है, और सभी कर्मियों को पूरी जिम्मेदारी से इसे अंजाम देना होगा।

**पर्यवेक्षकों को सौंपा निगरानी का दायित्व**

बैठक में बीएलओ पर्यवेक्षकों को उनके क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखने और बीएलओ से नियमित संवाद बनाए रखने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि पर्यवेक्षक केवल रिपोर्टिंग तक सीमित न रहें, बल्कि फील्ड में जाकर कार्य की वस्तुस्थिति की समीक्षा करें।

**तकनीकी पहलुओं पर भी चर्चा**

बैठक के दौरान मतदाता सूची के डिजिटलीकरण, ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया और तकनीकी सहायता से जुड़े पहलुओं पर भी चर्चा की गई। यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया कि तकनीकी संसाधनों का बेहतर उपयोग कर कार्य को सरल और सटीक बनाया जा सके।

**निर्वाचन आयोग के निदेर्शों का करें पालन**

डॉ. आदित्य प्रकाश ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों से निर्वाचन आयोग के दिशा-निदेर्शों का अक्षरशः पालन करने को कहा। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

**जिम्मेदारी तय, कार्य की समीक्षा जारी रहेगी**

बैठक के अंत में जिला पदाधिकारी ने कहा कि पुनरीक्षण कार्य की नियमित समीक्षा की जाएगी और आवश्यकता अनुसार फील्ड निरीक्षण भी किया जाएगा। इस अवसर पर सभी निवार्ची पदाधिकारी कार्यालय कक्ष में मौजूद रहे, जबकि सभी सहायक निवार्ची पदाधिकारी अपनी टीम के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

CMYK

# गोह विधानसभा क्षेत्र भाजपा कार्यशाला में बूथ सशक्तिकरण व मतदाता पुनरीक्षण पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** भारतीय जनता पार्टी गोह विधानसभा क्षेत्र की एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन शुक्रवार को हसपुरा बाजार स्थित ड्रीम पैलेस में किया गया। इस अवसर पर पार्टी की सांगठनिक मजबूती, मतदाता पुनरीक्षण एवं सोशल मीडिया टीम गठन पर विशेष चर्चा हुई। कार्यशाला की अध्यक्षता हसपुरा दक्षिणी मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा ने की, जबकि धन्यवाद ज्ञापन उत्तरी मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत मुन्ना ने किया। संचालन पूर्व जिला महामंत्री सह गोह विधानसभा संयोजक रविशंकर शर्मा ने किया। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक मनोज शर्मा ने मतदाता सूची के पुनरीक्षण पर बोलते हुए कहा कि चुनाव आयोग की यह कार्रवाई मृतक, स्थानांतरित एवं दोहरी प्रविष्टियों वाले मतदाताओं को सूची से हटाने की पारदर्शी प्रक्रिया है। लेकिन विपक्षी दल इस पर गुमराह करने वाली राजनीति कर रहे हैं, क्योंकि वे पहले से ही हार मान चुके हैं। कार्यशाला में मगध क्षेत्रीय सह प्रभारी आशुतोष कुमार, जिला प्रभारी मनोज कुशवाहा, गोह विधानसभा प्रभारी सुबोध कुमार सहित अन्य वक्ताओं ने बूथ सशक्तिकरण, मतदाता सूची शुद्धिकरण और सोशल मीडिया नेटवर्क गठन पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। वक्ताओं ने बताया कि 26 जुलाई से 3 अगस्त तक गोह विधानसभा के सभी पंचायतों में कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी, जिनके लिए पंचायतवार प्रभारी नियुक्त किए जा चुके हैं। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह चंद्रवंशी, जिला महामंत्री अमन कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष दीपक उपाध्याय, जिला मंत्री सुनील शर्मा, गोह मंडल अध्यक्ष उमेश पासवान, उपहारा मंडल अध्यक्ष राजीव विद्यार्थी, पौथु मंडल अध्यक्ष राजकुमार चंद्रवंशी समेत ब्रजेश गुप्ता, देवेश शर्मा, गनौरी राम, मिंटू शर्मा, सुरेश आर्य, वीरेंद्र कुमार, ज्योति नारायण सिंह, अनिल आर्य, दिलीप शर्मा, संतोष मुखिया, डॉ. जे.के. शर्मा, नरेंद्र गहलौत, दुधेश्वर कुशवाहा, नंदन यादव, मनोज मिश्रा, विकास शर्मा, बबलू शर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भूमि विवाद, पेंशन, पीएम आवास सहित 42 मामलों की सुनवाई

## जनता दरबार में डीएम अलंकृता पांडेय ने सुनी आमजन की समस्याएं, अधिकारियों को दिए समयबद्ध निष्पादन के निर्देश



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय की अध्यक्षता में शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें जिले भर से आए आम लोगों की समस्याओं की प्रत्यक्ष रूप से सुनवाई की गई। दरबार में कुल 42 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, पेंशन, वृद्धावस्था लाभ, प्रधानमंत्री आवास योजना, राजस्व विवाद और प्रशासनिक व पुलिस कार्रवाई से संबंधित मामलों की अधिकता रही। जिलाधिकारी ने सभी आवेदनों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को समयसीमा के भीतर समस्याओं के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निष्पादन के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जन समस्याओं का समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। डीएम ने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य प्रशासन और जनता के बीच की दूरी को कम करना और समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। जनता दरबार के दौरान अपर समाहर्ता (विभागीय जांच) विनय कुमार सिंह, सिविल सर्जन डॉ. देवेंद्र प्रसाद सिंह, वरीय उप समाहर्ता होम इरफान, वरीय उप समाहर्ता नेहा कुमारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी समेत विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे प्राप्त आवेदनों पर गंभीरता से कार्रवाई करते हुए समाधान की सूचना शीघ्र वादी को दें।

# भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष, छह लोग घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड के मई बिगहा गांव में भूमि विवाद ने शुक्रवार को हिंसक रूप ले लिया, जब दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस घटना में दोनों ओर से कुल छह लोग घायल हो गए, जिनमें एक महिला की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विवाद में राजमणि देवी और राजकुमार यादव घायल हुए, जबकि दूसरे पक्ष से शिवदयाल यादव, सुनैना देवी, मुकेश कुमार और सूबेदार यादव को चोटें आईं। सभी घायलों को स्थानीय ग्रामीणों की मदद से रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह ने उनका प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सकों ने बताया कि राजमणि देवी की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, औरंगाबाद रेफर कर दिया गया है। घटना के संबंध में घायल शिवदयाल यादव ने बताया कि यह मारपीट पुरानी भूमि रंजिश को लेकर हुई। दोनों पक्षों के बीच तनातनी लंबे समय से चल रही थी, जो अब हिंसक रूप में सामने आई। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों से आवेदन प्राप्त हुआ है। प्राथमिकी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। ग्रामीणों में घटना को लेकर तनाव का माहौल है, हालांकि पुलिस की निगरानी में स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है।

## बिजली चोरी के आरोप में पांच लोगों पर केस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** विद्युत ऊर्जा चोरी मामले में पांच लोगों के खिलाफ मदनपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज करवाई गई जिसमें 138435 रूपये जुर्माना लगाया गया हैं। यह कार्रवाई थाना क्षेत्र के उचौली के भोला सिंह एवं धनंजय सिंह के घर पर की गई जिसमें विद्युत चोरी करते पकड़े गए। इसके अलावा घोस्ता के रवीन्द्र कुमार यादव, मिठाईयां के जगनमोहन यादव एवं बलवंत बिगहा के नरेश यादव विद्युत ऊर्जा की चोरी करते पकड़े गए। यह कार्रवाई सहायक विधुत अभियंता देव के शिवरतन लाल एवं कनीय विधुत अभियंता राकेश कुमार राम के द्वारा की गई। उन्होंने बताया कि इन पांचों उपभोक्ताओं के विरुद्ध मदनपुर थाने में विद्युत अधिनियम की धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि विद्युत मीटर से किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं करें। मीटर बाईपास कर विद्युत चोरी नहीं करें। क्योंकि मीटर की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है।

## मध्यस्थता विशेष अभियान में नागरिकों से सहयोग की अपील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** देशभर में न्यायिक प्रक्रिया को तेज़ और सहज बनाने के उद्देश्य से मध्यस्थता राष्ट्र के लिए विषयक विशेष राष्ट्रीय अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 1 जुलाई से 30 सितम्बर 2025 तक जिला व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद तथा तालुका न्यायालय दाउदनगर में संचालित होगा। अभियान के तहत वैवाहिक विवाद, सड़क दुर्घटना दावा, घरेलू हिंसा, चेक बाउंस, वाणिज्यिक विवाद, सेवा से जुड़े वाद, आपराधिक समझौता योग्य मामले, उपभोक्ता विवाद, ऋण वसूली, पैतृक संपत्ति का बंटवारा, बेदखली और भूमि अधिग्रहण से संबंधित दीवानी मामलों को मध्यस्थता के माध्यम से सुलझाया जाएगा।

# करंट की चपेट में आकर बेहोश हुआ किसान, भर्ती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** रफीगंज प्रखंड के चेंव गांव के बधार में शुक्रवार दोपहर एक किसान करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित किसान की पहचान चेंव गांव निवासी 50 वर्षीय रविंद्र महतो के रूप में की गई है। ग्रामीणों की तत्परता से उन्हें इलाज के लिए रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविंद्र महतो खेत में कृषि कार्य के लिए बधार गए थे। उसी दौरान पहले से गिरे हुए बिजली के तार की चपेट में आकर बेहोश हो गए। तार के गिरने की जानकारी किसी को नहीं थी, जिससे हादसा हो गया। घटना के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीण दीपक कुमार, सुनील कुमार वर्मा, संकेत कुमार, विरेंद्र महतो, मरछु यादव, संतोष शर्मा और बसंत शर्मा ने मिलकर उन्हें तत्काल सीएचसी रफीगंज पहुंचाया। वहां मौजूद डॉक्टर धनंजय कुमार ने उन्हें प्राथमिक उपचार प्रदान किया। ग्रामीणों ने बताया कि खेत में उपयोग हो रहे बिजली के तारों की देखरेख नहीं होने के कारण यह हादसा हुआ। वे लगातार खेतों में लटकते और टूटे तारों की शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

# शिक्षा विभाग की लापरवाही से 'प्रगति बिहार' जिला प्रतियोगिता में शामिल नहीं हो सके छात्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** राज्य सरकार जहां बच्चों की प्रतिभा निखारने और उन्हें मंच प्रदान करने के लिए ल्लप्रगति बिहारङ्क जैसे कार्यक्रम चला रही है, वहीं जहानाबाद जिले में शिक्षा विभाग की लापरवाही ने दर्जनों छात्र-छात्राओं के सपनों को चूर-चूर कर दिया। शुक्रवार को गांधी स्मारक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जहानाबाद में आयोजित जिला स्तरीय प्रगति बिहार प्रतियोगिता में हुलासगंज प्रखंड के चयनित प्रतिभागी शामिल ही नहीं हो सके। इसका कारण रहा - प्रखंड शिक्षा कार्यालय की ओर से अंतिम समय में दी गई सूचना। सूत्रों के अनुसार, हुलासगंज प्रखंड के शिक्षकों को प्रतियोगिता की जानकारी दोपहर करीब 1 बजे मिली, जब तक शिक्षक चयनित विद्यार्थियों को लेकर दोपहर 2 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे, तब तक प्रतियोगिता समाप्त हो चुकी थी और पुरस्कार वितरण भी हो चुका था। इस स्थिति ने प्रतिभागियों को भावनात्मक रूप से तोड़ दिया। प्रतियोगिता स्थल पर ही कई बच्चों की आंखें छलक पड़ीं, जो राज्य स्तर तक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का सपना देख रहे थे।

**प्रतिभा के साथ अन्याय**

जिन छात्रों को प्रखंड स्तर पर चयनित किया गया था, उनमें से कुछ के नाम इस प्रकार हैं:

**पेंटिंग प्रतियोगिता:** रागिनी कुमारी (दसवीं, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हुलासगंज), अंजु कुमारी (आठवीं, उत्क्रमित मध्य विद्यालय जारू)।

**निबंध लेखन:** मानसी कुमारी (दसवीं, हुलासगंज), सचिन कुमार (आठवीं, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुहानी बिगहा)।

**भाषण और परिचर्चा:** रिया राय (आठवीं, सुहानी बिगहा), सपना कुमारी (नवमी, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रुस्तमपुर)।

अभिभावकों ने घटना के लिए शिक्षा विभाग को पूरी तरह जिम्मेदार ठहराते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि सूचना का समय पर प्रसारण न होना बच्चों के आत्मविश्वास और भविष्य के अवसरों पर सीधा प्रहार है। इस मामले पर जब नवबिहार टाइम्स ने जिला शिक्षा पदाधिकारी से बात करने की कोशिश की तो उन्होंने फोन कॉल काट दिया। इससे विभागीय संवेदनशीलता और जवाबदेही पर सवाल खड़े हो गए हैं।

# बाढ़ पीड़ितों के लिए सरकार से की ठोस कदम उठाने की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** शहर के एक निजी सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में घोसी के पूर्व विधायक राहुल कुमार ने बाढ़ पीड़ितों की समस्याओं पर गंभीर चिंता जताते हुए सरकार से ठोस कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि फल्गु और भूतही नदी में आई बाढ़ के कारण जिले के दर्जनों गांव जलमग्न हो गए हैं, जिससे किसानों को भारी नुकसान झेलना पड़ा है। पूर्व विधायक राहुल कुमार ने कहा कि इस प्राकृतिक आपदा से किसानों की फसलें, मछली पालन और संपत्ति को गहरी क्षति पहुंची है। उन्होंने कहा कि हम राज्य एवं केंद्र सरकार से अपील करते हैं कि बाढ़ से प्रभावित परिवारों को जल्द मुआवज़ा दिया जाए और भविष्य में बाढ़ की समस्या के निदान और बचाव के लिए ठोस रणनीति बनाई जाए। राहुल कुमार ने यह भी बताया कि उन्होंने हाल ही में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर बाढ़ की स्थिति और जहानाबाद जिले के बाढ़ से प्रभावित ग्रामीणों की परेशानियों से उन्हें अवगत कराया है। उन्होंने फल्गु, मोरहर सहित जिले के दूसरे नदियों के तटबंधों की खराब स्थिति के लिए जलसंसाधन विभाग को जिम्मेदार ठहराते हुए उनके शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की है, ताकि अगले वर्षात में इसका और नुकसान न हो। उन्होंने कहा कि अगर तटबंधों की मरम्मत समय पर नहीं हुई, तो स्थिति और भयावह हो सकती है। इससे किसानों की फसल और जीवन दोनों खतरे में पड़ सकता है।

प्रेस वार्ता में उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकार को किसानों के लिए विशेष राहत पैकेज की घोषणा करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि किसानों की फसलें पूरी तरह बर्बाद हो चुकी हैं। ऐसे में सरकार को न सिर्फ उनका कर्ज़ माफ करना चाहिए, बल्कि उन्हें दोबारा खेती शुरू करने के लिए आर्थिक मदद भी देनी चाहिए। उन्होंने यह भी जानकारी देते हुए बताया कि वे स्वयं विभिन्न गांवों का दौरा कर चुके हैं और पीड़ित परिवारों की स्थिति का प्रत्यक्ष अवलोकन किया है। उन्होंने प्रशासन से अपील किया कि संवेदनशील गांवों की पहचान कर तटबंधों की निगरानी और मरम्मत कार्य तेज किया जाए। गोपाल शर्मा ने उठाई शकूराबाद की समस्या, मोरहर में उच्च स्तरीय पुल का किया मांग।

प्रेस वार्ता में मौजूद पूर्व जदयू जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा ने भी शकूराबाद और मोहर नदी क्षेत्र की समस्याओं को लेकर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया।

# शिक्षक पर हमले के विरोध में कॉलेज के कर्मियों ने बांधी काली पट्टी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** नवादा के के.एल.एस. कॉलेज के रसायन विभाग में कार्यरत सहायक प्राध्यापक डॉ. शिवचंद्र कुमार पर हुए जानलेवा हमले के खिलाफ एस.एन. सिन्हा कॉलेज, जहानाबाद के शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। यह विरोध महाविद्यालय शिक्षक संघ और शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ के संयुक्त आह्वान पर किया गया। बताया गया कि दो दिन पहले कॉलेज परिसर के बाहर कुछ असामाजिक तत्वों ने डॉ. शिवचंद्र पर जानलेवा हमला कर दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। वर्तमान में उनका इलाज चल रहा है। इस घटना के विरोध में शिक्षक और कर्मचारी संघ की ओर से मगध विश्वविद्यालय के कुलपति और रजिस्ट्रार को एक संयुक्त स्मारपत्र भेजा गया। इसमें दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी और कड़ी सजा की मांग की गई है। साथ ही, विश्वविद्यालय प्रशासन से पीड़ित शिक्षक को समुचित चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराने की अपील भी की गई है। महाविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. अख्तर रोमानी और सचिव डॉ. एन.पी. सिंह ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे शिक्षा जगत की गरिमा पर सीधा हमला बताया। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं शिक्षकों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। संघ की ओर से पीड़ित शिक्षक के लिए आर्थिक सहयोग एकत्र किया जाएगा। वहीं, महाविद्यालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष डॉ. ब्रजेश कुमार और सचिव धर्मेंद्र कुमार ने भी इस घटना को घोर निंदनीय करार दिया और विश्वविद्यालय कोष से विशेष सहायता राशि देने की मांग की।

# भाजपा ने आयोजित की कार्यशाला, विधानसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित करने को लेकर बनाई रणनीति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को रफीगंज शहर के जैन धर्मशाला में कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें रफीगंज और ओबरा विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष बिजेंद्र चंद्रवंशी ने की, जबकि संचालन विधानसभा संयोजक सह प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दीनानाथ विश्वकर्मा ने किया। कार्यशाला का मूल उद्देश्य बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करना और चुनावी रणनीति पर मंथन करना रहा। मुख्य अतिथि और क्षेत्रीय प्रभारी आशुतोष कुमार ने कहा, ल्लभाजपा के कार्यकर्ता निरंतर परिश्रम कर रहे हैं। अब समय आ गया है कि हम बूथ स्तर पर मजबूत संगठन के जरिए हर विधानसभा सीट पर एनडीए की जीत सुनिश्चित करें। सफलता उन्हीं को मिलती है जो सुनियोजित और अनुशासित ढंग से कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं और चुनावी जीत उनकी मेहनत का परिणाम होती है। जिलाध्यक्ष विजेंद्र चंद्रवंशी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि बूथ स्तर पर अभी से तैयारी शुरू करें। कार्यशाला में वक्ताओं ने कहा कि भाजपा एक जन-हितैषी दल है और केंद्र व राज्य की एनडीए सरकारें गरीबों, किसानों और बेरोजगारों के लिए लगातार योजनाएं चला रही हैं।

वर्तमान सरकार ने वृद्धा पेंशन बढ़ाकर 1100 और 125 यूनिट मुफ्त बिजली देने जैसे कदम उठाए हैं, जिनका प्रचार जन-जन तक करना है। विशिष्ट अतिथि गोपाल शरण सिंह ने कहा बूथ जीतेंगे तभी विधानसभा जीतेंगे। मतदाता सूची में फर्जी नाम न हो, इस पर सतर्क निगरानी रखनी होगी। सोशल मीडिया प्रभारी मनीष कश्यप ने कार्यकर्ताओं से कहा कि सरकार की उपलब्धियों को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर ज़रूर साझा करें। कार्यशाला के समापन की घोषणा नगर मंडल अध्यक्ष व प्रखंड कार्यान्वयन समिति उपाध्यक्ष संतोष कुमार साहू ने की। इस अवसर पर जिला प्रभारी मनोज कुशवाहा, जिला मंत्री सुबोध कुमार सिंह, भाजपा नेत्री संगीता प्रसाद, जिला महामंत्री विशाल वैभव उर्फ टैगोर, ओबरा विधानसभा प्रभारी रंजीत कुशवाहा, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष पप्पू शर्मा, वरिष्ठ नेता अवधेश सिंह, जिला पार्षद प्रदीप चौरसिया, नगर महामंत्री बालगोविंद साहू, मुखिया विजय कुमार सिंह, विस्तारक ब्रजेश कुमार, बब्लू सिंह, रामकुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## जोर पकड़ रही मदनपुर को अनुमंडल बनाने की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मदनपुर।** मदनपुर को अनुमंडल बनाने की वर्षों पुरानी मांग अब एक बार फिर से जोर पकड़ने लगी है। एनएच-19 पर स्थित मदनपुर भूगोल, संसाधन, प्रशासनिक संरचना और सामाजिक दृष्टिकोण से अनुमंडल बनने की योग्यता रखता है। यह देव और रफीगंज प्रखंडों के मध्य स्थित है तथा धार्मिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और आध्यात्मिक दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है। यहां पहले से पुलिस अनुमंडल और विद्युत अनुमंडल कार्यालय क्रियाशील हैं। इसके आधार पर स्थानीय लोग सरकार से स्वतंत्र अनुमंडल कार्यालय की स्थापना की मांग कर रहे हैं। इस मांग को लेकर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष लालदेव यादव, सामाजिक कार्यकर्ता उमाशंकर सिंह, भाजपा नेता अभिमन्यु प्रसाद सिंह, राजद प्रखंड अध्यक्ष सरोज कुमार राम, रामेश्वर कुमार रौशन, मुंशी प्रसाद मेहता, ज्ञानदत्त पांडेय, मुरारी ठाकुर, राजेंद्र ठाकुर, नारायण प्रसाद उर्फ त्रियुगी, संतोष स्वर्णकार समेत कई प्रमुख स्थानीय लोग सामने आए हैं। जनता की आवाज़ अब प्रशासनिक कार्रवाई की प्रतीक्षा कर रही है।

## कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर शहीद शिवशंकर प्रसाद गुप्ता के परिजनों को भाजपा ने किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर भारतीय जनता पार्टी की ओर से रफीगंज के बंचर बागड़ा गांव निवासी कारगिल शहीद शिवशंकर प्रसाद गुप्ता के परिजनों को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम शहीद के आरबीआर रोड स्थित आवास पर आयोजित हुआ, जहां पिता नंदलाल प्रसाद गुप्ता और छोटे भाई शिवदयाल गुप्ता को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शहीद के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। शहीद के पिता नंदलाल गुप्ता ने बताया कि शिवशंकर प्रसाद गुप्ता 28 अक्टूबर 1996 को बिहार रेजीमेंट की फर्स्ट बटालियन में सिपाही पद पर भर्ती हुए थे। कारगिल युद्ध के दौरान दुश्मनों से लड़ते हुए एक गोली उनके पैर में और दूसरी उनके सीने में लगी, जिससे वे वीरगति को प्राप्त हुए। सम्मान कार्यक्रम में भाजपा के क्षेत्रीय प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, जिला प्रभारी मनोज कुशवाहा, जिलाध्यक्ष विजेंद्र चंद्रवंशी, जिला मंत्री सुबोध कुमार सिंह, जिला प्रवक्ता अश्विनी तिवारी, नगर अध्यक्ष सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष संतोष कुमार साव, नगर महामंत्री बाल गोविंद साव, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष पप्पू कुमार सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस सम्मान समारोह के माध्यम से शहीद के परिवार को समाज और संगठन की ओर से भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई, साथ ही शहीद की शौर्यगाथा को स्मरण कर देश के प्रति समर्पण का भाव प्रकट किया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# मनोकामनाओं की पूर्ति का सिद्धपीठ है वाणावर का सिद्धनाथ मंदिर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**जहानाबाद।** फल्गु नदी के तट पर, गया और जहानाबाद जिले की सीमा पर अवस्थित वाणावर पर्वत की ऊंची चोटी पर विराजमान बाबा सिद्धनाथ मंदिर अपनी अद्वितीय सिद्धि, आध्यात्मिक महिमा और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध है। सावन में यह स्थान आस्था, श्रद्धा और तीर्थभाव से सराबोर रहता है। सावन के पावन महीने में गंगाजल लेकर आए कांवड़िया श्रद्धालु यहां जलाभिषेक करते हैं। मंदिर की स्थापत्य शैली अत्यंत प्राचीन है, जो पत्थरों को तराशकर बनाए गए अद्भुत संरचना में प्रकट होती है। मान्यता है कि इस शिवलिंग की स्थापना त्रेता युग में असुर कुल के प्रसिद्ध शिवभक्त राजा बाणासुर ने की थी। बाणासुर भगवान शिव के परम भक्त माने जाते हैं। इस पर्वतीय क्षेत्र में ऋषि-मुनियों ने कठोर तप कर कर्मयोग की सिद्धि प्राप्त की थी, जिससे यह स्थान 'सिद्धनाथ' के नाम से विख्यात हुआ। इतिहास में यह भी उल्लेख मिलता है कि सम्राट अशोक ने इस क्षेत्र में बौद्ध भिक्षुओं के लिए गुफाओं का निर्माण कराया था, जो आज भी इस स्थल की आध्यात्मिक विरासत का साक्ष्य हैं। बराबर की पहाड़ी पर स्थित सिद्धनाथ मंदिर न केवल हजारों वर्ष पुराना है, बल्कि इसकी पूरी संरचना पत्थरों को तराशकर बनाई गई है। यहां श्रद्धालुओं की गहरी आस्था है, और सावन के महीने में यहां भव्य श्रावणी मेला लगता है, जिसमें राज्यभर से भक्तगण जल चढ़ाने पहुंचते हैं। सिद्धनाथ मंदिर आज धार्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र बन चुका है। देश-विदेश से पर्यटक और श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं। बिहार राज्य का पहला पर्यटक थाना भी यहीं बराबर में स्थापित है। इसके अलावा, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रोपवे निर्माण कार्य अंतिम चरण में है, जो जल्द ही शुरू हो जाएगा। यह स्थल प्रकृति, इतिहास, अध्यात्म और पर्यटन का अद्भुत संगम है, जहां आकर हर कोई न केवल दिव्यता का अनुभव करता है बल्कि अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए बाबा सिद्धनाथ से प्रार्थना करता है।

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं. : 17-एसडीएसटीई-एएसएन-2025-26, दिनांक 24.07.2025,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थान:** "आसनसोल मंडल-आसनसोल मंडल के तहत सुरक्षा संबंधी मदों के संबंध में आसनसोल, अण्डाल, मधुपुर, रानीगंज, दुर्गापुर स्टील एक्सचेंज यार्ड, पांडबेश्वर, सीतारामपुर में क्रू बुकिंग लॉबी में टेलीकम कार्य"। **निविदा मूल्य:** रु. 1,46,74,620.90, **बयाना राशि:** रु. 2,23,400/-, **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 12 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 18.08.2025 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण:** **http://www.ireps.gov.in/**

ASN-134/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
**सिंचाई प्रमण्डल, दाउदनगर**
Email ID-irrigationdivision.daudnagar@gmail.com

**भाड़े पर वाहन रखने हेतु अति-अल्पकालीन कोटेशन**
**आमंत्रण सूचना सं0-02 / 2025-26**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण वाहन मालिक को सूचित किया जाता है कि कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल दाउदनगर अंतर्गत विभिन्न कार्यो के सम्पादन, योजनाओं एवं नहरों का निरीक्षण एवं उच्चधिकारियों के बैठक में भाग लेने इत्यादि कार्यो हेतु 01 अदद् ए०सी० / नन ए०सी० वाहन यथा स्कॉर्पियो / बोलेरो माह अगस्त 2025 से मार्च 2026 तक के लिए निम्नांकित शर्तो के अधीन इच्छुक वाहन मालिक / फर्म से मुहरबंद दर कोटेशन आमंत्रित किया जाता है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कोटेशन आमंत्रित सूचना निर्गत करने की तिथि | :- दिनांक 24.07.2025 |
| 2. | कोटेशन जमा करने की तिथि | :- दिनांक 01.08.2025 3:00 बजे अपराह्न तक। |
| 3. | कोटेशन जमा करने का स्थान | :- सिंचाई प्रमण्डल दाउदनगर। |
| 4. | कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय | :-दिनांक 01.08.2025 को अपराह्न 3:30 बजे |
| 5. | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता | :-कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमण्डल दाउदनगर। मो0-07463889729 |

(ई० राजीव रंजन)
कार्यपालक अभियन्ता,
सिंचाई प्रमंडल, दाउदनगर

PR. No. 009663 (WRD) 2025-26

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।

# पशु चिकित्सकों को मिला आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान

## तकनीक में हो रहे बदलाव को लेकर चिकित्सकों को अपडेट रहने की कही गई बात

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**फुलवारीशरीफ।** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना में आयोजित पाँच दिवसीय 'पशु चिकित्सा अभ्यास में उन्नत निदान एवं उपचार तकनीकों पर हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण' कार्यक्रम के दूसरे चरण का समापन शुक्रवार को विश्वविद्यालय परिसर में किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के प्रसार शिक्षा निदेशालय एवं बिहार सरकार के पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण में बिहार के विभिन्न जिलों से आए शल्य पशु चिकित्सकों ने भाग लिया। इसका उद्देश्य चिकित्सकों को आधुनिक पशु चिकित्सा तकनीकों का व्यवहारिक अनुभव देना था, जिससे फील्ड स्तर पर उनकी दक्षता और आत्मविश्वास दोनों में वृद्धि हो। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कुलपति डॉ. इन्द्रजीत सिंह ने कहा कि यह प्रशिक्षण एक रिफ्रेशर कोर्स के रूप में कार्य कर रहा है, जिससे पशु चिकित्सकों को आधुनिकतम तकनीकों से जोड़ा जा सके। उन्होंने कहा कि समय के साथ तकनीकों में बदलाव होता है, इसलिए चिकित्सकों को भी निरंतर अपडेट रहना चाहिए. डॉ. सिंह ने कहा कि दक्ष चिकित्सक ही प्रभावी सेवा दे सकते हैं और यह दक्षता ही उनकी असली पहचान बनती है। उन्होंने पशु स्वास्थ्य सुरक्षा, रोगों की रोकथाम और टीकाकरण जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर भी विशेष ध्यान देने की जरूरत बताई. साथ ही उन्होंने दुग्ध उत्पादों में एंटीबायोटिक अवशेष की समस्या को मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बताया और इस दिशा में सतर्कता व सुधार की आवश्यकता जताई। प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ. उमेश सिंह ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम केवल सैद्धांतिक जानकारी तक सीमित नहीं रहा, बल्कि चिकित्सकों को फील्ड में काम आने वाले व्यावहारिक कौशल भी सिखाए गए. उन्होंने कहा कि बदलती तकनीक के साथ चिकित्सकों को भी समय-समय पर खुद को अपडेट करते रहना चाहिए। कोर्स डायरेक्टर डॉ. मृत्युंजय कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण में डायग्नोस्टिक इमेजिंग, सर्जरी, प्रजनन तकनीक, फ्लूइड थेरेपी, रक्त आधान, ओपीयू-आईवीएफ, प्रयोगशाला परीक्षण और रोग प्रबंधन जैसे विषयों पर व्यावहारिक सत्र आयोजित किए गए। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले पशु चिकित्सकों ने बताया कि उन्हें बैंडेजिंग, एनेस्थीसिया प्रोटोकॉल व अन्य जटिल प्रक्रियाएं सरल ढंग से सिखाई गईं, जिससे फील्ड पर आत्मविश्वास के साथ काम करना संभव हो पाएगा। बांझपन की बढ़ती समस्या को लेकर प्रतिभागियों ने कहा कि इस विषय पर अधिक विस्तृत प्रशिक्षण की आवश्यकता है। उन्होंने प्रशिक्षण की अवधि बढ़ाने की भी मांग की। समापन अवसर पर डॉ. योगेन्द्र सिंह जादौन (प्रशिक्षण समन्वयक एवं उप-निदेशक प्रसार), डॉ. सरोज कुमार रजक (प्रसार विभागाध्यक्ष), डॉ. विवेक, डॉ. रमेश कुमार तिवारी, डॉ. पुष्पेन्द्र सिंह एवं जनसंपर्क पदाधिकारी सत्य कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

## फाइलेरिया, दिव्यांगता प्रमाण पत्र जागरुकता को लेकर बैठक

**संदेश/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड स्थित नसरतपुर सामुदायिक भवन में फाइलेरिया मरीजों के सहयोग, दिव्यागंता प्रमाण पत्र एवं जागरूकता को ले बैठक का आयोजन किया गया। आयोजन पिरामल फाउंडेशन के रितेश राज द्वारा फील्ड स्तर पर कराया जा रहा है। स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्र नसरतपुर में फाइलेरिया एवं कालाजार जैसी गंभीर बीमारियों से प्रभावित मरीजों के सहयोग से दिव्यागंता प्रबंधक और सरकारी लाभों की जानकारी को लेकर किया गया। इस में पीआरएल प्रतिनिधि, आशा, जीविका दीदी, आंगनवाड़ी सेविका, सीएफएआर प्रतिनिधि, सीएचओ, एएनएम, फाइलेरिया मरीज और उनके परिजन उपस्थित थे। यह बैठक में मरीजों की पहचान, घर-घर जा कर परामर्श ग्रेडिंग सूची तैयार करने, किट वितरण में सहयोग करने की फील्ड मैपिंग में सक्रिय योगदान दिया गया। रितेश राज एवं आशा और अन्य फ्रंटलाइन वर्कर के साथ मिलकर गांव स्तर पर मरीजों को एमएमडीपी किट के सही तरीके उपयोग करने के लिए बताया।

## एक नजर

### सड़क पर निर्माण सामग्री रखने से परेशानी

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बाढ़ के काजीचक से शिव मंदिर जाने वाले रास्ते में सड़क निर्माण सामग्री रख दिए जाने के कारण रास्ता अवरुद्ध हो गया है। स्थानीय अधिवक्ता शिवनारायण ने बताया कि करीब 2 माह पूर्व निर्माण का कार्य शुरू कराया गया था जो अब तक पूरा नहीं हो सका है। लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। इस संबंध में नगर परिषद प्रशासन को सूचना दी गई। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं किया गया है।

### भदौरा पैक्स अध्यक्ष के लिए लक्ष्मण पांडेय निर्वाचित



**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर परिषद मसौढ़ी के भदौरा पैक्स अध्यक्ष के रूप में लक्ष्मण पांडे 85 वोट से चुनाव जीत चुके हैं। कुल 1113 वोट पड़े थे। दरअसल पैक्स अध्यक्ष के रूप में नामांकन करने के बाद लगातार अपने क्षेत्र में घूमते हुए दावा कर रहे थे की पूरी जनता बदलाव मांग रही है। पिछले कई सालों से किसानों की समस्याएं नहीं सुनी जा रही थी, खाद बीज उपकरण मामले में भदौरा पैक्स फिसड्डी चल रहा था, जनता बदलाव चाह रही थी और इस बार जनता ने मन बना लिया और हमें चुना है। बहरहाल भदौरा पैक्स अध्यक्ष के रूप में लक्ष्मण पांडे ने 85 वोट से चुनाव जीत ली है। पिछले बार के हुए चुनाव में नागेश्वर प्रसाद सिंह और लक्ष्मण पांडे के बीच में महज 65 वोटो के अंतर से हार जीत हुई थी और इस बार उम्मीद जगी थी कि अपनी बढ़त बनाएंगे और कर वह दिखाया, चुनाव जितने के बाद लक्ष्मण पांडे ने किसानों के हर समस्याओं को निदान करने का वादा किया है। निर्वाची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर कुमार ने लक्ष्मण पांडे को पैक्स अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित घोषित किया है। पैक्स अध्यक्ष पद पर निर्वाचन की घोषणा होने के बाद कार्यकारी सदस्यों का देर रात तक मतगणना चलेगी

### देसी शराब के साथ स्कूटी जब्त

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अवैध देशी शराब छापेमारी अभियान के तहत कादिरगंज पुलिस ने 26 लीटर अवैध देशी शराब के साथ एक स्कूटी को जप्त किया है दरअसल कादिरगंज पुलिस को सूचना मिली थी कि कोई बाइक से शराब मसौढ़ी की ओर से लेकर आ रहा है और कादीरगंज बाजार में डिलीवरी करेगा, सूचना का सत्यापन करते ही पुलिस ने सड़क पर वाहन चेकिंग लगाई जहां बांग्ला पर के ठीक सामने एक स्कूटी सवार ने पॉलीथिन और बैग में रखे हुए शराब को छोड़कर शराब सप्लायर भाग गया, जहां सर्च करने पर पिट्ठू बैग और एक पॉलिथीन में कुल 26 लीटर अवैध देशी शराब को जप्त किया गया है। इसे साथ ही स्कूटी को भी जप्त कर ली गई है। कदीरगंज थानाध्यक्ष पूनम कुमारी ने बताया की शराब मसौढ़ी के तरफ से ला रहा था जिसे सड़क के बीच-बीच पकड़ लिया गया है अब स्कूटी के गाड़ी नंबर से इसके वाहन मालिक को पता लग जा रहा है।

### मृतक की हुई पहचान

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शाहपुर पुलिस ने गुरूवार को छितनवां -उसरी रोड के हनुमानगंज मोड के पास सडक किनारे से बरामद युवक का शव का एक दिन बाद पहचान हुई. मृतक शाहपुर थाना क्षेत्र के गंगहरा निवासी स्व जय लाल राय के 35 वर्षीय पुत्र विकास राय उर्फ बिगन के रूप में हुई है और वर्तमान में शाहपुर मठपर अपने मौसी के यहां आया हुआ था. मौत की सूचना पर परिजनों अस्पताल पहुंचकर चित्कार कर उठे. मृतक के मौसी रेणु देवी ने बताया कि मृतक विकास दुर्गापुर पश्चिम बंगाम में रहता है और अपने पत्नी को ले जाने आया था. मृतक के दो बच्चे भी है. थानाध्यक्ष मनीष कुमार आनंद ने बताया कि 15 दिन पूर्व मृतक दुर्गापुर से अपनी पत्नी को ले जाने आया था. मौसी के यहां रह रहा था.उन्होंने बताया कि गुरूवार को दोपहर में सूचना मिला कि छितनवां -उसरी रोड के हनुमानगंज मोड के पास सडक किनारे विकास का शव बरामद किया गया था. उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण पता चलेगा।

### सहायक प्रधानाध्यापक पर हमले के विरोध में प्रदर्शन



**अरवल (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सहायक प्रधानाध्यापक पर हमले के विरोध में शुक्रवार को शिवदेनी साव महाविद्यालय कलेर में सभी शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों ने काला बिल्ला लगाकर कार्य किया गया। दरअसल 22 जुलाई को केएलएस कॉलेज नवादा में रसायन विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉक्टर शिवचंद्र कुमार पर हमला हुआ था। विरोध में शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों ने सामूहिक धरना एवं विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर वेद प्रकाश चतुर्वेदी ने भी धरना प्रदर्शन स्थल पर पहुंचकर एकजुटता और संवेदना प्रकट की। सभी शिक्षकों एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों ने उनके समर्थन के प्रति आभार व्यक्त की। प्राचार्य महोदय ने सबको संबोधित करते हुए अपनी भावनाएं प्रकट की की कदाचार रोकने में शिक्षक पर आघात किया गया। परीक्षा स्थल पर पूर्व सूचना के बावजूद ओ द्वारा उचित संख्या में बल उपलब्ध नहीं कराया जाता है। कदाचार करना छात्र अपना अधिकार समझने लगे हैं, जबकि यह उनके भविष्य को बर्बाद कर देगा। अतः शिक्षकों एवं परीक्षा तंत्र से जुड़े सभी कर्मियों को प्रशासन द्वारा पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराई जानी चाहिए एवं उपरोक्त घटना में संलिप्त दोषियों को तत्काल गिरफ्तार कर उन्हें कठोर दंड दिया जाना चाहिए।

## सरकारी स्कूलों में बनी पोषण वाटिका, उपज रहीं जैविक सब्जियां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** सरकारी स्कूलों में किचन गार्डन की तर्ज पर पोषण वाटिकाएं तैयार की गई है। जिन स्कूलों के पास खाली जमीन है, वहां पर फलदार वृक्ष और हरी सब्जियों के पौधे लगाए गये है। पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर मसौढ़ी में 79 स्कूल का चयन किया गया है। लेकिन मात्र 36 विद्यालय ही पोषण वाटिका का उपयोगियता दिखा रहे हैं बाकी अन्य स्कूल इसमें रुचि नहीं लेते देख रहे हैं। उत्क्रमित मध्य विद्यालय हासांडीह में पोषण वाटिका में हरी सब्जियां लहरा रही हैं, जिसका उपयोग एमडीएम में किया जा रहा है प्रधानाध्यपिका पुष्पा कुमारी ने बताया की विद्यालय की खाली जगह पर पोषण वाटिका के तहत हरी सब्जियां लगाई गई है जिसमें नेनुआ, भिंडी, बोरा एवं अन्य सब्जियां है। वहीं उत्क्रमित मध्य विद्यालय भदौरा के प्रधानाध्यापक मो. मंजर शदाब ने बताया कि सरकारी स्कूलों में पोषण वाटिका का मतलब है, स्कूल परिसर में एक ऐसा बगीचा जहाँ हरी सब्जियां, फल और अन्य पौष्टिक खाद्य पदार्थ उगाए जाएंगे। इन वाटिकाओं में मुख्य रूप से हरी पत्तेदार सब्जियां जैसे पालक, धनिया, और मौसमी सब्जियां उगाई जाएंगी।

## किशोरियों को सुरक्षा के प्रति थानाध्यक्ष ने किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** महिलाओं की सुरक्षा और जागरूकता के लिए पुलिस विभाग की महिला रक्षा टीम स्कूल और कॉलेजों में जाकर छात्राओं को सुरक्षा के टिप्स दे रही है। छेड़खानी के समय में किस तरह से बालिकाओं को बचना है और घरेलू हिंसा से किस तरह से महिलाएं बच सकती हैं इसके लिए लगातार स्कूल और कॉलेज में कार्यशाला कराकर वहां छात्राओं को जानकारी दी जा रही है,पुनपुन थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने छात्राओ को जानकारी दी। अपराधों की रोकथाम एवं जागरूकता के उद्देश्य से कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम कर कार्यक्रम में लडकियों को उनके अधिकार की जानकारी देने के साथ साथ लैंगिक अपराध, यौन शोषण, छेड़खानी, घरेलू हिंसा की घटनाओं से बचने के उपाय बताए। लडकियों को बिना डरे अवांछनीय हरकतों की जानकारी आदी के बारे बताया, बालिकाओं को छेड़खानी से बचने के बारे में बताने के लिए टिप्स दिये।एवं किसी शरारती युवक के द्वारा छेड़खानी किए जाने पर पहले नहीं बोलकर चिल्लाएं, फिर सुरक्षित स्थान पर जाएं, थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने छात्र-छात्राओं को कॉलेज के बाहर रास्ते में छेड़खानी कमेंट करने के शिकायत संबंध में चर्चा की। टीम ने बताया कि कार्रवाई के लिए टीम बनाई है जो कि कॉलेज के बाहर पेट्रोलिंग करती है। लगातार महिला रक्षा टीम स्कूलों में जाकर बालिकाओं को छेड़खानी से बचने के उपाय बता रही है। इसके अलावा कार्यक्रम के जरिए स्कूलों में जाकर बाल यौन शोषण के विरुद्ध अभियान भी चलाया जा रहा है।

## डॉ. शिवचंद्र कुमार पर हमले के विरोध में एस. सिन्हा कॉलेज के शिक्षकों व कर्मियों ने जताया आक्रोश

### काली पट्टी लगाकर किया प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** के.एल.एस. कॉलेज, नवादा के रसायन शास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. शिवचंद्र कुमार पर हाल ही में हुए जानलेवा हमले को लेकर शिक्षकों और कर्मियों में भारी आक्रोश है। सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज, औरंगाबाद के शिक्षकों एवं कर्मियों ने शुक्रवार को इस घटना की घोर निंदा करते हुए काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। कॉलेज की ओर से कुलसचिव, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया को एक ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें मांग की गई कि पुलिस प्रशासन से तत्काल मामले की गहन जांच कराकर दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करवाई जाए। साथ ही विश्वविद्यालय प्रशासन से यह भी मांग की गई कि घायल शिक्षक को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जाए ताकि वे जल्द स्वस्थ होकर पुनः शिक्षण कार्य में लौट सकें। ज्ञात हो कि दिनांक 22 जुलाई 2025 को के.एल.एस. कॉलेज, नवादा में पदस्थापित डॉ. शिवचंद्र कुमार पर कुछ असामाजिक तत्वों ने हमला कर दिया था, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना ने पूरे शैक्षणिक जगत को झकझोर कर रख दिया है। सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज, औरंगाबाद के प्राचार्य डॉ. सुधीर मिश्र की ओर से यह स्पष्ट किया गया कि शिक्षा के मंदिर में कार्यरत शिक्षकों पर हमला न केवल एक व्यक्ति पर, बल्कि समूचे शैक्षणिक समुदाय पर हमला है। कॉलेज के शिक्षकों व कर्मियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन से अपील की है कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने हेतु त्वरित और सख्त कदम उठाए जाएं। इस घटना के विरोध में आयोजित प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मी और छात्र उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में डॉ. शिवचंद्र के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए न्याय की मांग की।

## खप्पड़ पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राजधानी पटना के फुलवारी शरीफ थाना परिसर में बुधवार को प्रसिद्ध खप्पड़ पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और डाली पूजा समिति के सदस्यों ने आगामी पर्व को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने को लेकर विस्तृत चर्चा की। बैठक में मौजूद एसडीपीओ सुशील कुमार सिंह ने बताया कि खप्पड़ पूजा के दौरान संगत स्थित काली मंदिर और जुलूस मार्गों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। पर्याप्त संख्या में पुलिस फोर्स को यहां मुस्तैद रहेंगे। सुरक्षा को लेकर रैपिड एक्शन फोर्स, महिला एवं पुरुष जवानों की तैनाती की जाएगी।

## किशोर न्याय बोर्ड ने प्रोबेशन पदाधिकारी को किया शोकॉज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** किशोर न्याय बोर्ड औरंगाबाद के प्रधान दंडाधिकारी सह अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सुशील प्रसाद सिंह ने कर्तव्यहीनता और कार्य में गंभीर लापरवाही को लेकर प्रोबेशन पदाधिकारी, गृह एवं सुधार सेवा को कारण बताओ नोटिस (शोकॉज) जारी किया है। यह कार्रवाई जी.आर. संख्या 582/20 एवं जे.जे.बी. वाद संख्या 1288/25 (कुटुंबा थाना) से जुड़े एक मामले में किशोर की जमानत याचिका की सुनवाई के दौरान सामने आई गड़बड़ियों के आधार पर की गई। सुनवाई के दौरान किशोर के अभिभावक द्वारा दायर एक शपथ पत्र (एफिडेविट) में यह उल्लेख किया गया कि सामाजिक जांच प्रतिवेदन कार्यालय में बैठाकर तैयार किया गया, जबकि नियम के अनुसार यह प्रतिवेदन किशोर के घर जाकर, उसके आस-पास के लोगों से बातचीत कर, सामाजिक परिस्थितियों को समझकर तैयार किया जाना चाहिए था। किशोर न्याय बोर्ड ने इसे कानून की अवहेलना और प्रक्रिया की उपेक्षा माना है। इसके अलावा यह भी पाया गया कि प्रोबेशन पदाधिकारी ने किशोर के आपराधिक इतिहास से संबंधित जानकारी के लिए थाना जाकर कोई पुष्टि नहीं की, जिसे न्यायालय ने न्याय के सिद्धांतों के विरुद्ध माना है। उक्त लापरवाही को गंभीर मानते हुए न्यायालय ने प्रोबेशन पदाधिकारी को 7 दिनों के भीतर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया है। ऐसा नहीं करने की स्थिति में यह मामला जेजेबी अधिनियम की धारा 93 के तहत राज्य सरकार को उचित कार्रवाई के लिए भेजा जाएगा।

## पैक्स चुनाव : कड़ी सुरक्षा के बीच हुआ मतदान, मतदाताओं में दिखा उत्साह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** नगर परिषद मसौढ़ी के भदौरा पैक्स का चुनाव को लेकर कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण तरीके से शुक्रवार को मतदान संपन्न हुआ जहां मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया, खासकर महिला मतदाताओं में काफी उत्साह देखा गया, जहां लंबी लाइन लगाकर लोगों ने बढ़ चढ़कर वोट किया, भदौरा पैक्स चुनाव को लेकर चार मतदान केंद्र बनाए गए थे, जहां कूल 2672 मतदाता थे, लेकिन इस बार के चुनाव में कुल 1113 वोट पड़े जहां 41.65% ही मतदान पड़े हैं। दरअसल इसके पीछे बारिश भी एक कारण रही होगी दरअसल सुबह 7:00 से शांतिपूर्ण तरीके से मतदान चल रहा था इस बीच तकरीबन 9:00 बजे घनघोर घटा छाते हुए जमकर बारिश हुई और यह बारिश तकरीबन आधे घंटे तक चली उसके बाद फिर रिमझिम बारिश होते रहे फिर 2 घंटे के बाद मौसम साफ हुआ इस बीच मतदान का प्रतिशत थोड़ा सा कम रहा हालांकि 12:00 बजने के बाद भारी भरकम वोटरों ने अपनी अपनी वोटिंग की।बहरहाल चुनाव में दो उम्मीदवारों के बीच कंाटे की टक्कर का मुकाबला रहास जहां पर पहले से जीते हुए प्रत्याशी नागेश्वर प्रसाद सिंह और लक्ष्मण पांडे के बीच कंाटे की टक्कर रही, हालांकि बोगस वोटिंग के आरोप में कई बार हो हंगामा हाथापाई तक कभी नौबत हुई ,वहीं बूथ के अंदर सुरक्षा कर्मियों ने मोर्चा संभालते हुए लोगों को खदेड़ा और उसके बाद टाइट व्यवस्था के साथ वोटिंग की 4:00 बजे तक प्रत्याशियों की किस्मत वॉलेट बॉक्स में कैद हो गई और यह पिटारा शाम को 7:00 से खुलेंगे सब की निगाहें अब पिटारा पर रही कौन बनेगा किसानों का रहनुमा अभी आने वाला वक्त बताएगा।

## बिहार के लोगों में टैलेंट की नहीं है कमी : डीएम



**भागलपुर।** जिला उद्योग विभाग की ओर से स्टार्टअप बिहार के तहत' आज बनेगा कल का बिहार'' स्लोगन के साथ भेजिए अपना आइडिया, बिहार आइडिया फ़ेस्टिवल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले के सबौर स्थित बिहार कृषि विश्वविद्यालय के सभागार में गुरुवार को आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन सबौर के कुलपति दुनिया राम सिंह, जिलाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी, उप विकास आयुक्त प्रदीप कुमार सिंह, विश्वविद्यालय निदेशक अनिल कुमार सिंह के कर कमलों से द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। जिलाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी ने कहा कि यहां के एक-एक व्यक्ति एक-एक युवा एक-एक ब्रिज सभी के पास आइडिया है। उन्होंने कहा कि यहां के लोग टैलेंटेड हैं, हम समझते हैं कि जहां कोई काम नहीं हो सकता, वहां जुगाड़ से कम हो सकता है और जुगाड़ वही आदमी लगा सकता है जिसके पास कुछ आईडिया हो। उपविकास आयुक्त प्रदीप कुमार सिंह ने कहा कि आज के युग में यदि सबसे ज्यादा कहीं ऊर्ज़ा है तो वह युवाओं में है। युवा को कहा ऊर्ज़ा का रूप कहा जाता है क्यों अगर उनमें गति दी जाए तो वह वायु का रूप ले लेता है। इनमें जो वेग है वह समय की दिशा को बदल सकता है। बिहार कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो दुनिया राम सिंह एवं निदेशक ने भी अपने विचार व्यक्त किए। इस मौक पर उधोग विभाग के सहायक निदेशक प्रशांत कुमार एवं जिला उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक सुश्री खुशबू कुमारी ने हरसंभव मदद का भरोसा दिया।

## नवनिर्वाचित मुखियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**मसौढ़ी।** नव निर्वाचित महिला मुखिया को सशक्त बनाने को लेकर जिला पंचायती विभाग द्वारा मसौढी प्रखंड मुख्यालय में तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम किया जा रहा है, जहां मसौढी प्रखंड, धनरूआ प्रखंड, पुनपुन प्रखंड और संपतचक प्रखंड के नवनिर्वाचित महिला मुखिया को मुख्यालय में प्रशिक्षण दी जा रही है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम महिला मुखिया को उनके कार्य अधिकार प्रशासन के कार्य प्रणाली पितृसत्ता, जेंडर, समेत कई बिंदुओं पर उन्हें प्रशिक्षित किया गया है। बहरहाल आम तौर पर महिला मुखिया अपने पति के भरोसे सरकारी कामकाज करती हैं, जिस वजह से उनके पति को उस क्षेत्र के लोग एमपी कहकर पुकारते हैं। इससे निजात दिलाने के लिए पंचायती राज विभाग ने बड़ी पहल की है, जिसके तहत अब मुखिया पति यानी एमपी के भरोसे नहीं बल्कि खुद अपने बल पर पंचायतों की निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधि काम करेंगी। मसौढ़ी प्रखंड मुख्यालय में सभी महिला निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को पंचायती राज विभाग में तीन दिवसीय प्रशिक्षण देने में जुटा है। पंचायत नेत्री अभियान कार्यक्रम के तहत इस विशेष प्रशिक्षण की। इस मौके पर सभी महिला मुखिया, मास्टर ट्रेनर और प्रशिक्षक सहित बड़ी संख्या में लोग इस कार्यक्रम के उपस्थित थे। मास्टर ट्रेनर सबुजा कुमारी और चंद्रप्रभा कुमारी कहा कि इस अभियान के जरिए महिलाएं सशक्त होंगी। महिला प्रतिनिधियों के नेतृत्व, शासन और सतत विकास के क्षेत्र में सशक्त बनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।


## दानापुर और भागलपुर के बीच श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन

श्रावणी मेला के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए, 03234/03233 **दानापुर – भागलपुर – दानापुर स्पेशल ट्रेन** निम्नलिखित संक्षिप्त समयसूची, आवागमन की तिथियों, ठहराव और गठन के अनुसार चलेगी: –

| दानापुर – भागलपुर स्पेशल | | | (03234) (03233) | भागलपुर – दानापुर स्पेशल | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आ. | प्र. | स्टेशन | आ. | प्र. | दिन |
| शुक्र, शनि, रवि | – | 15.30 | ↓ दानापुर | 07.50 | – | शनि, रवि, सोम |
| | 15.50 | 16.00 | पटना | 06.55 | 07.05 | |
| | 19.40 | 19.42 | अभयपुर | 02.40 | 02.50 | |
| | 20.05 | 20.10 | जमालपुर | 02.10 | 02.15 | |
| | 20.45 | 20.50 | सुलतानगंज | 01.30 | 01.35 | |
| | 22.00 | – | भागलपुर ↑ | – | 01.00 | |

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें दोनों दिशाओं में मार्ग में राजेंद्र नगर टर्मिनल, पटना साहिब, फतुहा, हरदास बीघा, खुसरोपुर, करौटा, बख्तियारपुर, बाढ़, मोकामा, हाथीदा, बड़हिया, मनकठा, लक्खीसराय और किऊल स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **आवागमन की तिथियाँ : दानापुर से :** 03234 दिनांक 25/07, 26/07 और 27/07/2025 (शुक्रवार, शनिवार और रविवार) को = 03 ट्रिप एवं **भागलपुर से :** 03233 दिनांक 26/07, 27/07 और 28/07/2025 (शनिवार, रविवार और सोमवार) को = 03 ट्रिप। **गठन:** शयनयान श्रेणी – 04, साधारण द्वितीय श्रेणी (जीएस) – 12 और एसएलआरडी – 02 = 18 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# रूट टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले तीसरे बैटर

### कैलिस-द्रविड़ को पीछे छोड़ा



**मैनचेस्टर (एजेंसी)।** इंग्लैंड ने मैनचेस्टर टेस्ट में भारत के खिलाफ मजबूत शुरुआत की है। शुक्रवार को मैच का तीसरा दिन है और पहला सेशन जारी है। इंग्लिश टीम ने पहली पारी में 2 विकेट पर 280 रन बना लिए हैं। ओली पोप और जो रूट नाबाद हैं। दोनों के बीच फिफ्टी पार्टनरशिप हो चुकी है।

जो रूट टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर्स की सूची में तीसरे स्थान पर आ गए हैं। उन्होंने 58वें ओवर की 5वीं बॉल पर एक रन बनाने के साथ ही साउथ अफ्रीका के जैक्स कैलिस (13,289 रन) और भारतीय बैटर राहुल द्रविड़ (13,288 रन) को पीछे छोड़ दिया।इंग्लिश टीम ने शुक्रवार को मुकाबले के तीसरे दिन 225/2 से खेलना शुरू किया। बीते दिन बेन डकेट 94 और जैक क्रॉली 84 रन बनाकर आउट हुए। दोनों ने 166 रन की ओपनिंग साझेदारी की। भारतीय टीम पहली पारी में 358 रन पर ऑलआउट हो गई थी। मैच का स्कोरकार्ड

### रूट दुनिया के पहले बैटर बने

जो रूट ने मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड मैदान पर एक हजार रन पूरे कर लिए हैं। वे ऐसा करने वाले दुनिया के पहले बैटर हैं।

जो रूट टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर्स की सूची में तीसरे नंबर पर आ गए हैं। उन्होंने जैक कैलिस और राहुल द्रविड़ को पीछे छोड़ा।

## लंगड़ाते हुए बैटिंग करने उतरे पंत ने फिफ्टी लगाई



**मैनचेस्टर (एजेंसी)।** भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का चौथा टेस्ट मैनचेस्टर में खेला जा रहा है। गुरुवार को मुकाबले के दूसरे दिन विकेटकीपर ऋषभ पंत लंगड़ाते हुए बैटिंग करने उतरे थे। उन्होंने फिफ्टी लगाई। वे सबसे ज्यादा टेस्ट सिक्स लगाने वाले भारतीय भी बन गए। वहीं इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने 8 साल बाद टेस्ट क्रिकेट में 5 विकेट लिए।

भारत के विकेटकीपर ऋषभ पंत मुकाबले के पहले दिन बैटिंग के दौरान इंजर्ड हो गए। उनके दाएं पैर की उंगली में चोट लगी थी, जिस कारण उन्हें 37 रन के स्कोर पर रिटायर्ड हर्ट होना पड़ा। वे दूसरे दिन छठा विकेट गिरने के बाद लंगड़ाते हुए बैटिंग करने उतरे। पंत ने 75 बॉल खेली और 54 रन बनाकर टीम को 350 के पार पहुंचाया।

ऋषभ पंत ने अपनी पारी में 2 छक्के लगाए। इसी के साथ उनके टेस्ट में 90 छक्के पूरे हो गए। पंत ने टेस्ट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय के रिकॉर्ड की बराबरी भी कर ली। नंबर-1 पर मौजूद पूर्व ओपनर वीरेंद्र सहवाग ने भी भारत के लिए 90 टेस्ट सिक्स ही लगाए हैं। पंत 2 छक्के लगाकर रोहित शर्मा से आगे निकले, जिनके नाम 88 सिक्स हैं।

ऋषभ पंत ने इंग्लैंड में 38 टेस्ट छक्के भी पूरे कर लिए। वे इंग्लैंड में सबसे ज्यादा टेस्ट सिक्स लगाने वाले विदेशी हैं। घर से बाहर किसी एक देश में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में पंत दूसरे नंबर पर पहुंच गए। इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स ने ऑस्ट्रेलिया में 39 छक्के लगाए हैं।

ऋषभ पंत वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में भारत के टॉप रन स्कोरर बन गए। उन्होंने रोहित शर्मा को पीछे छोड़ा, जिनके नाम 69 पारियों में 2716 रन थे। पंत के नाम 67 पारियों में 2731 रन हो गए।

## पाकिस्तान ने बांग्लादेश को 74 रन से तीसरा टी-20 हराया



**ढाका (एजेंसी)।** पाकिस्तान ने बांग्लादेश को तीसरे टी-20 में 74 रन से हरा दिया। हालांकि, टीम ने 3 मैचों की सीरीज 1-2 से गंवा दी। बांग्लादेश ने शुरुआती 2 टी-20 जीते थे। तीसरे मुकाबले में गुरुवार को पाकिस्तान ने 178 रन बनाए। जवाब में होम टीम 104 रन बनाकर सिमट गई।टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी पाकिस्तान को ओपनर्स ने मजबूत शुरुआत दिलाई। साहिबजादा फरहान ने सईम अयुब के साथ मिलकर फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली। अयुब 8वें ओवर में 21 रन बनाकर आउट हुए। उनके बाद मोहम्मद हारिस महज 5 रन बना सके।फरहान भी 41 गेंद पर 63 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। नंबर-4 पर उतरे हसन नवाज ने फिर 33 रन बनाए और टीम की पारी संभाली। कप्तान सलमान आगा 12 रन बनाकर आखिर तक नॉटआउट रहे। उनके सामने मोहम्मद नवाज ने 27 रन बनाकर स्कोर 178 रन तक पहुंचा दिया।बांग्लादेश के लिए तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद ने 38 रन देकर 3 विकेट लिए। स्पिनर नसुम अहमद को 2 विकेट मिले। मोहम्मद सैफुद्दीन और शोरिफुल इस्लाम के हाथ 1-1 सफलता लगी। शेख मेहदी हसन और मेहदी हसन मिराज कोई विकेट नहीं ले सके।179 रन के बड़े टारगेट का पीछा करने उतरी बांग्लादेश टीम की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने पहले ही ओवर में तंजिद हसन तमीम का विकेट गंवा दिया। वे खाता भी नहीं खोल सके। 41 रन के स्कोर पर टीम के 7 बैटर्स पवेलियन लौट गए।मोहम्मद नईम ने 10, कप्तान लिट्टन दास ने 8, मेहदी हसन मिराज ने 10, नसुम अहमद ने 9, जाकेर अली ने 1, तस्कीन अहमद 7 और शमीम हुसैन ने 5 रन बनाए। शेख मेहदी हसन खाता भी नहीं खोल सके।मोहम्मद सैफुद्दीन 35 रन बनाकर टॉप स्कोरर रहे, उनके सामने शोरिफुल इस्लाम के आउट होते ही बांग्लादेश टीम सिमट गई। पाकिस्तान से सलमान मिर्जा ने 20 रन देकर 3 विकेट लिए। फहीम अशरफ और मोहम्मद नवाज को 2-2 विकेट मिले।

## ग्लेन फिलिप्स चोटिल, जिम्बाब्वे के खिलाफ न्यूजीलैंड टीम में ब्रेसवेल को मिली जगह



**बुलावायो (एजेंसी)।** चोटिल ग्लेन फिलिप्स की जगह माइकल ब्रेसवेल को जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए न्यूजीलैंड टीम में शामिल किया गया है। ब्रेसवेल शुरुआत में द हंड्रेड में सदर्न ब्रेव के साथ अपनी प्रतिबद्धताओं के कारण दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए उपलब्ध नहीं थे। लेकिन वर्तमान में वह टी-20 टीम के हिस्से के रूप में जिम्बाब्वे में हैं। न्यूजीलैंड के मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने कहा, 'ग्लेन की चोट के कारण टेस्ट टीम में जगह खाली हो गई है और माइकल उनकी जगह लेने के लिए सबसे उपयुक्त हैं। माइकल का अनुभव और कौशल हमारे लिए बहुत उपयोगी साबित होगा और हमें टीम में पहले जैसा संतुलन बनाए रखने में मदद मिलेगी। वह टी-20 टीम के साथ यहां हैं और पहले टेस्ट के लिए उनकी उपलब्धता सुनिश्चित है, इसलिए हम उन्हें टीम में शामिल करने के इस अवसर का लाभ उठा रहे हैं। हम पहले टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन करेंगे और फिर तय करेंगे कि दूसरे टेस्ट के लिए उनकी जगह किसी और को शामिल किया जाए या नहीं।





## 'क्रिकेट अंधकार युग में', वॉन ने टेस्ट क्रिकेट में आपात स्थिति में मेडिकल सब्स्टिट्यूट की मांग की

**मैनचेस्टर (एजेंसी)।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन का मानना है कि भारतीय बल्लेबाज ऋषभ पंत की इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच में टूटे पैर के बावजूद खेली गई अर्धशतकीय पारी उनके जज्बे का शानदार नमूना थी, लेकिन इससे यह भी पता चलता है कि मेडिकल सब्स्टिट्यूट की अनुमति देने के मामले में क्रिकेट अंधकार युग में है।

### पंत ने टूटी अंगुली के बावजूद बल्लेबाजी की

पंत ने ओल्ड ट्रैफर्ड में गुरुवार को दाहिने पैर के अंगूठे में फ्रैक्चर होने के बावजूद 37 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई और अर्धशतक पूरा किया। चोट के बाद पंत ने 28 गेंद का सामना किया और 17 रन बनाए। उन्होंने 75 गेंदों में तीन चौके और दो छक्के की मदद से 54 रन की पारी खेली। इस दौरान उन्हें चोट के बावजूद सिंगल के लिए भागना पड़ा।

### वॉन ने मेडिकल सब्स्टिट्यूट की मांग की

वॉन ने 'द टेलीग्राफ' में अपने कॉलम में लिखा, मैं कई वर्षों से महसूस करता रहा हूं कि टेस्ट क्रिकेट में स्पष्ट चोटों के मामले में सब्स्टिट्यूट मुहैया कराए जाने चाहिए, जैसा कि हमने ओल्ड ट्रैफर्ड में चौथे टेस्ट में ऋषभ पंत के मामले में देखा। दूसरे दिन सुबह पंत को टूटे पैर के साथ बल्लेबाज़ी करते देखना वाकई शानदार अनुभव था। यह अविश्वसनीय साहस था और 28 गेंदों में 17 रन बनाना अद्भुत कौशल था, लेकिन वह बल्लेबाजी के लिए फिट नहीं थे, दौड़ नहीं सकते थे और इससे उनकी चोट और भी गंभीर हो सकती थी।

### क्रिकेट अब भी अंधकार युग में जी रहा

वॉन ने कहा, सोचने वाली बात यह है कि उन्हें (पंत को) विकेटकीपर के रूप में सब्स्टिट्यूट की अनुमति दी गई, लेकिन बल्लेबाजी या गेंदबाजी की अनुमति नहीं दी गई। यह सब थोड़ा अजीब और असंगत है। हमारा खेल एकमात्र ऐसा टीम खेल है जिसमें ऐसा होता है और मुझे लगता है कि इससे यह पता चलता है कि क्रिकेट अब भी अंधकार युग में जी रहा है।

### जानबूझकर खेल का प्रभाव कम किया जा रहा

उनका मानना है कि पुराने नियमों पर अड़े रहने से जानबूझकर खेल का प्रभाव कम किया जा रहा है क्योंकि एक टीम को इसके कारण मैच के चार दिनों तक 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ रहा है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने कहा, यदि किसी खिलाड़ी को नई चोट लगती है, जैसे हड्डी टूटना या मांसपेशियों में इतना अधिक खिंचाव कि वह खेल में आगे भाग नहीं ले सकता। ऐसी चोट जो स्कैन और चिकित्सक द्वारा आसानी से प्रमाणित हो सकती है तो उसके स्थान पर समान योग्यता (लाइक टू लाइक रिप्लेसमेंट) रखने वाले खिलाड़ी को सब्स्टिट्यूट के रूप में उतारा जा सकता है जैसा कि कनकशन (सर में चोट लगने पर बेहोशी की स्थिति) के मामले में होता है।

## यश दयाल पर रेप का एक और मामला दर्ज, नाबालिगा ने जयपुर में दर्ज करवाई एफआईआर

**जयपुर (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टीम रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के आलोचनाओं से घिरे तेज गेंदबाज यश दयाल पर एक और बलात्कार का मामला दर्ज हो गया है। जयपुर पुलिस ने एक नाबालिग से बलात्कार का आरोप लगाया है। उत्तर प्रदेश के 27 वर्षीय क्रिकेटर पर पहले से ही गाजियाबाद की एक महिला ने यौन शोषण का आरोप लगाया है। महिला ने आरोप लगाया है कि दयाल ने 5 साल के रिश्ते के दौरान उससे शादी का वादा करके उसका यौन शोषण किया।



जयपुर के सांगानेर सदर थाने के एसएचओ अनिल जैमन ने बताया कि ताजा एफआईआर बुधवार को दर्ज की गई। उन्होंने शुक्रवार को यहां कहा, यश दयाल के खिलाफ पॉक्सो (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण) अधिनियम और (भारतीय न्याय संहिता) की संबंधित धाराओं के तहत बलात्कार के लिए एफआईआर दर्ज की गई है।

जैमन के अनुसार पीड़िता ने आरोप लगाया है कि खिलाड़ी ने पहली बार 2023 में उसके साथ बलात्कार किया था जब वह 17 साल की थी और इसी साल अप्रैल में सीतापुरा इलाके के एक होटल में भी ऐसा ही हमला हुआ था। एसएचओ ने कहा, उसने आरोप लगाया कि क्रिकेटर ने उसके करियर में मदद और सहयोग का वादा किया था। उसने इस साल अप्रैल में उससे संपर्क किया जब वह आईपीएल के लिए जयपुर में था और उसे होटल में बुलाया जहां उसने कथित तौर पर उसके साथ फिर से बलात्कार किया।उन्होंने आगे कहा कि मामले की जांच की जा रही है। मध्यम गति के गेंदबाज दयाल भारतीय घरेलू क्रिकेट में एक जाने-माने गेंदबाज हैं। उन्होंने 2018 में उत्तर प्रदेश के लिए पदार्पण किया और तब से 27 प्रथम श्रेणी मैच खेलकर 84 विकेट लिए हैं। उन्होंने 71 टी20 मैचों में 66 विकेट लिए हैं।

## यशस्वी जायसवाल के बचपन के कोच ज्वाला सिंह ने बताया टेस्ट में जीतने का तरीका

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के बचपन के कोच ज्वाला सिंह ने मैनचेस्टर टेस्ट और एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में अब तक भारत के प्रदर्शन का आलोचनात्मक मूल्यांकन किया है और सुझाव दिया है कि दो-तीन बल्लेबाजों को लंबी पारियां खेलनी चाहिए, जबकि मध्य और निचले क्रम के बल्लेबाजों को टीम के समग्र प्रदर्शन में और योगदान देना होगा।

अब तक शीर्ष क्रम के योगदान पर विचार करते हुए सिंह ने साई सुदर्शन, ऋषभ पंत और जायसवाल के प्रयासों की सराहना की, लेकिन एक लंबी, मैच-परिभाषित पारी की कमी पर भी ध्यान दिलाया, जो उनके अनुसार टेस्ट मैच जीतने के लिए महत्वपूर्ण है। सिंह ने कहा, अगर आप सलामी बल्लेबाजों पर गौर करें, तो साई सुदर्शन ने कुछ रन बनाए और चोट के बावजूद ऋषभ पंत ने भी योगदान दिया। यशस्वी ने रन बनाए और कुछ अन्य बल्लेबाजों ने छोटी लेकिन उपयोगी पारियां खेलीं। लेकिन अगर आपको टेस्ट मैच जीतना है, तो एक या दो खिलाड़ियों को बड़ी और लंबी पारियां खेलनी होंगी।

उन्होंने कहा, पहले टेस्ट मैच में हमने जो गलतियां कीं, वे तीसरे टेस्ट में भी दोहराई गईं। हमें मध्य और निचले क्रम से और योगदान की जरूरत थी। हमने दूसरा टेस्ट मुख्य रूप से



शुभमन गिल के बड़े स्कोर की बदौलत जीता। उनकी पारी ने उस जीत को सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाई। बल्लेबाजों को यहां भी जिम्मेदारी लेने की जरूरत थी, लेकिन दुर्भाग्य से उन्होंने ऐसा नहीं किया।

भारत वर्तमान में पाँच मैचों की श्रृंखला में 1-2 से पीछे है और ओल्ड ट्रैफर्ड में चौथे टेस्ट की पहली पारी में 358 रनों पर आउट हो गया। जवाब में बेन डकेट (94) और जैक क्रॉली (84) के अर्धशतकों की बदौलत इंग्लैंड ने स्टंप्स तक 46 ओवर में 2 विकेट पर 225 रन बना लिए और भारत से 133 रन पीछे चल रहा था।

सिंह ने मौजूदा टेस्ट के दूसरे दिन की चर्चा करते हुए इंग्लैंड के बल्ले से दबदबे और भारतीय टीम के सामने आने वाली चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, हमने कुछ रन बनाए, लेकिन कुल स्कोर उतना बड़ा नहीं था जितना होना चाहिए था। इसके विपरीत, इंग्लैंड ने एकदिवसीय क्रिकेट के अनुकूल मानसिकता के साथ आक्रामक खेल दिखाया। उन्होंने तेजी से रन बनाए और बिना कोई विकेट खोए 250 रन तक पहुंच गए। दूसरे और तीसरे टेस्ट में हमने देखा कि चौथी पारी में बल्लेबाजी करने वाली टीम संघर्ष कर रही थी। इसलिए अगर हमारे बल्लेबाज तीसरी पारी में अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं और फिर हमारे गेंदबाज भी दमदार प्रदर्शन कर सकते हैं, तो हमारे पास अभी भी मौका है।

उन्होंने मैच का रुख अपनी ओर मोड़ने के लिए शुभमन गिल एंड कंपनी से सामूहिक प्रयास का आह्वान करते हुए अपनी बात समाप्त की। सिंह ने कहा, अगर हमें यह टेस्ट मैच जीतना है, तो हमें कड़ी मेहनत करनी होगी। पूरी टीम को आगे आना होगा। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि हमें इंग्लैंड को बहुत बड़ी बढ़त नहीं लेने देनी चाहिए।

## हल्क होगन की मौत से डब्ल्यूडब्ल्यूई जगत में शोक की लहर, 16 बार के वर्ल्ड चैंपियन को लगा सदमा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** डब्ल्यूडब्लयू के दिग्गज हल्क होगन का 71 साल की उम्र में निधन हो गया। गुरुवार, 24 जुलाई की सुबह फ्लोरिडा के क्लियरवॉटर स्थित अपने घर पर उन्होंने अंतिम सांस ली। उन्हें कार्डियक अरेस्ट आया था। जिसके बाद मेडिकल टीम को उनके घर भेजा गया। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। हल्क होगन छह बार के डब्ल्यूडब्ल्यूई चैंपियन और दो बार के रॉयल रंबल विजेता थे। 80 और 90 के दशक में वे हर घर में पहचाने जाने वाला नाम थे।

### डब्ल्यूडब्ल्यूई ने दी श्रद्धांजलि

हल्क होगन के निधन से रेसलिंग जगत में शोक की लहर दौड़ गई। डब्ल्यूडब्ल्यूईने भी एक श्रद्धांजलि वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इसमें रेसलिंग के इस महान हस्ती को याद किया गया। डब्ल्यूडब्ल्यूई ने एक्स पर लिखा, डब्ल्यूडब्ल्यूई को यह जानकर दुख हुआ कि डब्ल्यूडब्ल्यूई हॉल ऑफ फेमर हल्क होगन का निधन हो गया है। होगन 1980 के दशक में डब्ल्यूडब्ल्यूई को वैश्विक पहचान दिलाने में मददगार साबित हुए थे। डब्ल्यूडब्ल्यूई ने आगे लिखा, डब्ल्यूडब्ल्यूई होगन के परिवार, दोस्तों और फैंस के प्रति संवेदना व्यक्त करता है।

### सदमें में वर्ल्ड चैंपियन रिक फ्लेयर

16 बार के वर्ल्ड चैंपियन रिक फ्लेयर भी भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि हल्क होगन के निधन की खबर सुनकर उन्हें गहरा सदमा लगा है। वे उनके करीबी दोस्त थे और रेसलिंग करियर की शुरुआत से ही उनके साथ थे। फ्लेयर ने एक्स पर लिखा, मेरे करीबी दोस्त हल्क होगन के निधन के बारे में सुनकर मैं बिल्कुल स्तब्ध हूं! हल्क रेसलिंग के कारोबार में शुरुआत से ही मेरे साथ रहे हैं। फ्लेयर ने आगे कहा, एक अविश्वसनीय एथलीट, प्रतिभाशाली, दोस्त और पिता! हमारी दोस्ती का मेरे लिए बहुत महत्व है। वह हमेशा मेरे लिए मौजूद रहे, तब भी



जब मैंने उनसे ऐसा करने के लिए नहीं कहा। जब मेरे बचने की संभावना 2 प्रतिशत थी, तब वह अस्पताल में मुझसे मिलने आने वाले पहले लोगों में से थे। उन्होंने मेरे बिस्तर के पास प्रार्थना की। जब रीड बीमार थे तब हल्क ने मुझे पैसे भी उधार दिए। हल्कस्टर, तुम्हारी कोई बराबरी नहीं कर सकता! आपकी आत्मा को शांति मिले मेरे दोस्त! इसके अलावा कई अन्य दिग्गज भी हल्क होगन को लेकर सोशल मीडिया पर लगातार पोस्ट कर रहे हैं।होगन ने तीन शादियां की थीं। उनके परिवार में उनकी मौजूदा पत्नी स्काई डेली, एक बेटा निक और एक बेटी ब्रूक हैं। उनके जाने से कुश्ती जगत में एक युग का अंत हो गया है। उनके फैंस और चाहने वाले उन्हें हमेशा याद रखेंगे। हल्क होगन का नाम हमेशा डब्ल्यूडब्ल्यूई के इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखा जाएगा। उन्होंने अपनी मेहनत और लगन से दुनिया भर में पहचान बनाई। उनका योगदान हमेशा याद किया जाएगा।

# नहर में डूबने से दो लोगों की मौत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में नहर में डूबने से दो लोगों की मौत हो गयी। नबीनगर पुलिस ने उत्तर कोयल नहर से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस आसपास के थानों से संपर्क स्थापित कर व्यक्ति की पहचान करने में जुटी हुई है। थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार उपाध्याय ने बताया कि उत्तर कोयल नहर से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। शव का पोस्टमार्टम के उपरांत 72 घंटे के लिए पुलिस अभिरक्षा में रखा गया है। इस दौरान स्थानीय लोगों एवं विभिन्न थानों से संपर्क कर पता लगाया जा रहा है। 72 घंटे के वावजूद यदि व्यक्ति की पहचान नहीं होती है तो शव का अंतिम संस्कार कर दिया जायेगा। वहीं ओबरा थाना क्षेत्र के महुआंव गांव के पास पुनपुन नदी में डूबे किशोर का शव 18 घंटे बाद मिला है। वह गुरुवार को शौच के लिए दोस्तों के साथ नदी किनारे गया था। मृतक की पहचान योगेंद्र पासवान के पुत्र विपिन कुमार(15) के तौर पर हुई है। पिता ने बताया कि शाम को फुटबॉल खेलने के लिए दोस्तों के साथ गया था। इस दौरान हाथ-पैर धोने के लिए नदी किनारे चला गया। पैर फिसलने से गहरे पानी में जाने से डूब गया। दोस्तों ने शोर मचाकर ग्रामीणों की सूचना दी। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि पहचान के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों के बयान के आधार पर छानबीन की जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

# जंगल से पांच किलो का आइइडी बरामद



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नक्सलियों के विरुद्ध चलाएं जा रहे विशेष अभियान के फलस्वरूप पांच किलोग्राम का कैन आईईडी और दो कॉमर्शियल डेटोनेटर को बरामद किया गया है। इस कार्रवाई में नक्सलियों के द्वारा सुरक्षाबलों बलों पर हमले की मंसूबों को नाकाम किया गया। मदनपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी चंदन कुमार ने बताया कि औरंगाबाद में नक्सल गतिविधियों पर अंकुश लगाये जाने हेतु औरंगाबाद पुलिस एवं केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा लगातार एंटी नक्सल अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को मदनपुर थाना क्षेत्र के लडूईया पहाड़ी क्षेत्रों के आस-पास से पांच किलोग्राम का कैन आईईडी एवं दो कॉमर्शियल डेटोनेटर को बरामद किया गया। तत्पश्चात बरामद प्रेशर आईईडी को यथावत स्थान पर ही सुरक्षात्मक तरीके से निषक्रिय किया गया। पुलिस बल द्वारा किये गए संयुक्त कार्रवाई से नक्सलियों का मनोबल काफी गिरा हुआ है एवं नक्सली गति विधि पर अंकुश लगाये जाने हेतु लगातार छापामारी अभियान जारी है।

# खाद की कालाबाजारी में तीन दुकानों का लाइसेंस निलंबित




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** दाउदनगर प्रखंड क्षेत्र में चार उर्वरक विक्रेताओं के दुकानों की जांच की गई जिसमें उर्वरक की कालाबाजारी करते पाए जाने पर एक उर्वरक विक्रेता का लाइसेंस रद्द किया गया जबकि तीन उर्वरक विक्रेताओं का लाइसेंस निलंबित किया गया। यह कार्रवाई प्रखंड क्षेत्र के शमशेर नगर में की गई। यहां जय माता दी खाद भंडार शमशेर नगर का लाइसेंस रद्द किया गया और उर्वरक के अवैध भंडारण के मामले में उनके गोदाम को सील किया गया है। इसके अलावा शमशेर नगर पैक्स, कुमार खाद भंडार एवं मिथिलेश खाद भंडार शमशेर नगर का लाइसेंस निलंबित किया गया। गोदाम को सील करने में अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा शैलेंद्र कुमार एवं अंचल अधिकारी दाउदनगर को दंडाधिकारी के रूप में नामित किया गया था। जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज द्वारा बताया गया कि उर्वरक के कालाबाजारी में प्रत्येक दिन छापेमारी जारी रहेगी। किसानों को उर्वरक खरीदने में किसी प्रकार की परेशानी ना हो, इसका कृषि विभाग द्वारा विशेष ख्याल रखा जा रहा है। इस मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनिल कुमार, कृषि समन्वयक राजीव रंजन कुमार आदि मौजूद रहे।

# दहेज हत्या में पति को सश्रम कारावास

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** व्यवहार न्यायालय के नवम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंकज पांडेय ने बारून थाना में दर्ज एक कांड में सज़ा की बिंदु पर सुनवाई करते हुए दहेज हत्या मामले में पति को सज़ा सुनाई है। एपीपी महेंद्र मिश्रा ने बताया कि काराधीन अभियुक्त थाना क्षेत्र के सिरिस निवासी अमित राम को 15 साल का कठोर कारावास एवं 10 हजार अर्थदंड की सज़ा सुनाई गयी है। अर्थदंड नहीं देने पर एक साल अतिरिक्त कारावास होगी। अभियोजन की ओर से 09 गवाही हुई थी जिसके बाद अभियुक्त को 04 जुलाई 2025 को भादंवि धारा 304 बी में दोषी करार दिया गया था। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि नवीनगर थाना क्षेत्र के रजवरिया खुर्द निवासी विश्वनाथ राम ने दहेज हत्या को लेकर 04 जून 2024 को प्राथमिकी दर्ज करवाई थी जिसमें बताया कि दहेज को लेकर उनकी पुत्री चांदनी कुमारी की हत्या कर दी गई है। उन्होंने बताया कि हिंदू रीति रिवाज से चांदनी की शादी अमित राम से 2014 में की थी। उनका दामाद हमेशा टीवी, बाइक और सोने की चैन के लिए बेटी के साथ मारपीट करते थे। 03 जून की रात 11:40 में दामाद के बहन ने फोन किया कि आपकी बेटी नहीं रही। घटनास्थल पर पहुंचे तो बेटी खून से लथपथ अवस्था में मृत पड़ी हुई थी। आसपास पूछने से पता चला कि टांगी से काटकर दामाद ने उसकी हत्या कर दी है। तत्पश्चात प्राथमिकी दर्ज कराई और मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट बना। पुलिस ने उस दिन दोपहर में ही अभियुक्त को गिरफ्तार किया जो 62 माह से जेल में बंद है।

# संजय सिंह हत्याकांड में कुख्यात अपराधी सहित दो गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नवीनगर व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष संजय सिंह हत्याकांड में औरंगाबाद पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। इस हत्याकांड में माली पुलिस ने एक कुख्यात सहित दो अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए अपराधकर्मियों की पहचान उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत चौर गांव निवासी राहुल सिंह राजपूत एवं एनटीपीसी खैरा थाना क्षेत्र के अंकोरहा गांव निवासी मंटू यादव उर्फ पिंटू कुमार के रूप में की गई है। विदित हो कि 30 नवंबर 2024 को देर शाम में माली थाना क्षेत्र के सोनौरा पुल के पास दो बाइक सवार अपराध कर्मियों द्वारा संजय सिंह को औरंगाबाद से लौटने के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। कांड की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के द्वारा सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया जिसमें अब तक इस कांड में संलिप्त कुल सात अपराधकर्मियों को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। कांड में संलिप्त तीन अभियुक्तों के घर की कुर्की भी की जा चुकी है। संवाददाता सम्मेलन में सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि राहुल सिंह राजपुत को दिल्ली (रोहिणी) से और मंटू यादव को बारून थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। राहुल एक कुख्यात अपराधी है। इसका आपराधिक इतिहास रहा हैं। इसके खिलाफ उत्तर प्रदेश के जौनपुर, वाराणसी, भदोही, देवरिया, चंदौली एवं गाजीपुर में कुल 31 अपराधिक मामले दर्ज है। यह लंबे से समय से इन अपराधों में फरार चल रहा था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधकर्मियों ने अपना-अपना अपराध स्वीकार किया एवं स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि राकेश गिरि के कहने पर अन्य अभियुक्तों के साथ मिलकर साजिश के तहत संजय सिंह की हत्या की थी। इस कांड में संलिप्त अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी जल्द ही सुनिश्चित कर ली जाएगी।



प्रेस वार्ता करते एसडीपीओ संजय कुमार पांडेय

# हत्या मामले में फरार चार आरोपितों के घर चिपकाया इश्तेहार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह(औरंगाबाद)।** उपहारा थाना की पुलिस ने शुक्रवार को थाना क्षेत्र के खैरा गांव में हत्याकांड के चार आरोपितों के घर डुगडुगी बजाकर इश्तेहार चिपकाया है। पुलिस ने हत्याकांड के आरोपित सत्येन्द्र पासवान, जितेंद्र पासवान, रंजीत पासवान व अखिलेश पासवान के घर पर इश्तेहार चिपकाया है। गौरतलब हो कि इसी वर्ष 27 जून को उक्त गांव निवासी काशी सिंह की 45 वर्षीय पत्नी कांति देवी की हत्या इसलिए कर दी गई थी कि उनके पुत्र ने प्रेम प्रसंग में गांव में ही अंतरजातीय विवाह कर लिया था। उक्त कांड में गिरफ्तारी नहीं होने के बाद इश्तेहार चिपकाया गया है। थानाध्यक्ष मनेश कुमार ने बताया कि इसके बाद भी आरोपित आत्मसमर्पण नहीं करता है तो कुर्की जब्ती की कार्वाई की जाएगी।

# सनशाइन ऑटोज ने लॉन्च की महिंद्रा की नई कार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद शहर में महिंद्रा के अग्रणी डीलर सनशाइन ऑटोज ने महिंद्रा की नई कार 3एक्सओ आरइभीएक्स को लॉन्च किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि पंजाब नैशनल बैंक के उप महाप्रबंधक देवेंद्र त्रिपाठी एवं औरंगाबाद के सर्किल हेड प्रवीण कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। उनके साथ साथ नए और पुराने ग्राहकों को भी बुलाया गया था। इस मौके पर एरिया सेल्स मैनेजर शशिकांत निरंजन और समृद्धया कर भी उपस्थित रहे। जीएम बलराम कुमार ने बताया कि इसकी शुरुआती कीमत 8.94 रुपये से लेकर 12.99 रुपये एक्स शोरूम तक उपलब्ध होगी। उन्होंने बताया कि लॉन्च की गयी नयी गाड़ी की बुकिंग के साथ-साथ डिलीवरी भी शुरू हो गई है। अब 3एक्सओ आरइभीएक्स में सेगमेंट में बेहतर फीचर्स की पेशकश की गयी है। स्काई रूफ, 16 इंच ब्लैक अलॉय, टच स्क्रीन म्यूजिक सिस्टम, लेदरेट सीट, बॉडी कलर ग्रिल्ड,एड्रेनॉक्स, एलेक्सा, 360 डिग्री कैमरा के साथ साथ बेस वेरिएंट से डुअल टोन और 6 एयरबैग के साथ इसे बाजार में लॉन्च किया गया है। नई एक्सयूभी 3एक्सओ आरइभीएक्स पेट्रोल और डीजल के साथ-साथ एमटी/एटी में उपलब्ध होगी। इस मौके पर कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर सुभेंदु शेखर सिंह, समाजसेवी अशोक सिंह, बलराम कुमार, अश्विनी कुमार, सुशील कुमार सिंह, विश्वजीत कुमार, रंजय कुमार, साकेत कुमार, सोनू कुमार, प्रवीण कुमार, अभिषेक कुमार, आनंद कुमार आदि परिवार मौजूद रहे।

# हर्ष राज ने बढ़ाया औरंगाबाद का मान पूर्व सांसद सुशील सिंह ने दी बधाई



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के डॉ. धरणीधर रोड निवासी हरिओम प्रसाद एवं सविता देवी के पुत्र हर्ष राज ने कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट में 99.2% अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि पर औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने उन्हें मुंह मीठा कराकर शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूर्व सांसद ने कहा कि हर्ष राज ने दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स में दाखिला लेकर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे जिले का गौरव बढ़ाया है। यह संस्थान देश में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा, उत्कृष्ट फैकल्टी और बेहतर प्लेसमेंट के लिए जाना जाता है। हर्ष राज की सफलता उन सभी छात्रों के लिए प्रेरणा है जो सीमित संसाधनों में भी बड़ी उपलब्धियों का सपना देख रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक सिंह, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र कुमार सिंह, जदयू नेता रंजीत चन्द्रवंशी एवं आकाश कुमार भी मौजूद रहे। सभी ने हर्ष को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं और उसके आगे के शैक्षणिक सफर के लिए सफलता की कामना की।

# पंजाब नैशनल बैंक की ओर से एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पंजाब नैशनल बैंक द्वारा शुक्रवार को अपने तीनों जिलों औरंगाबाद, अरवल तथा रोहतास में परिचालित सभी शाखाओं में एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी का उत्साहवर्धन करने के लिए प्रधान कार्यालय से उप महाप्रबंधक देवेन्द्र कुमार त्रिपाठी विशेष रुप से उपस्थित थे। बैंक द्वारा अन्य सभी शाखाओं के साथ-साथ डिहरी ऑन सोन, बिक्रमगंज तथा ओल्ड जी.टी.रोड औरंगाबाद शाखा में विशेष शिविर भी लगाए गए थे। सभी शिविरों में अच्छी संख्या में ग्राहकों की मौजूदगी रही। इस आउटरीच का उद्देश्य ग्राहकों को बैंक के विविध एमएसएमई ऋण उत्पादों की जानकारी देने के साथ-साथ उन्हें लाभान्वित कराना था। इस अवसर पर ग्राहकों को स्वीकृति पत्र भी वितरित किए गए। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि इस आउटरीच में औरंगाबाद मंडल ने लगभग 82 करोड़ का लीड सृजित किया। इस अवसर पर औरंगाबाद के मंडल प्रमुख प्रवीण कुमार, उप मंडल प्रमुख धर्मेन्द्र कुमार ब्रह्मचारी, पीएलपी प्रमुख आन्नद कुमार, रोहतास के अग्रणी जिला प्रबंधक शैलेष कुमार, औरंगाबाद के अग्रणी जिला प्रबंधक आनन्द वर्धन तथा अन्य गणमान्य लोग एवं बैंक के कर्मचारी-सदस्य मौजूद थे।

# मजदूर की हत्या में तीन गिरफ्तार

**मदनपुर(औरंगाबाद)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मदनपुर थाना क्षेत्र के बेलहर में बुधवार को प्रेम चंद्रवंशी की हत्या में पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर जेल भेजा चुका है। वहीं शुक्रवार को मदनपुर पुलिस द्वारा एक अन्य अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। विदित हो कि आपसी विवाद में पिता भिखार राम एवं बड़े भाई मुन्ना कुमार ने छोटे भाई प्रेम कुमार की मारपीट कर हत्या कर दी थी जिसमें दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। वहीं आज कांड में नीतीश कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि घटना के 24 घंटे के अंदर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। आपसी विवाद में पिता और भाई ने वारदात को अंजाम दिया है। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत नीतीश को जेल भेज दिया गया।

# भूगोल के स्नातकोत्तर छात्रों को दी गई विदाई, प्राचार्य ने दी शुभकामनाएं




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय के भूगोल विभाग में शुक्रवार को स्नातकोत्तर सत्र 2022-24 के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कॉलेज के सेमिनार हॉल में आयोजित हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुए इस कार्यक्रम में प्राचार्य ने छात्रों को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए कहा कि भूगोल विभाग के विद्यार्थियों ने महाविद्यालय का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि छात्रों को आत्मविश्वास और कड़ी मेहनत के साथ आगे बढ़ना चाहिए ताकि वे अपने क्षेत्र में पहचान बना सकें और समाज में सकारात्मक योगदान दें। इस अवसर पर भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. विभीषण कुमार के साथ गया कॉलेज गया की भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. विभा सिंह और प्रोफ़ेसर आर. के. पी. यादव भी विशेष रूप से मौजूद रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को प्रेरणादायक संदेश देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन राजू कुमार ने किया। आयोजन को सफल बनाने में जय विजय कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, पप्पू कुमार, सीमा कुमारी, डिंपल कुमारी, ज्योति कुमारी, श्रेया कृति, अभिजीत कुमार और अनिरुद्ध सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विदाई समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने भावुक होकर शिक्षकों और कॉलेज के प्रति आभार व्यक्त किया और कॉलेज में बिताए अपने शैक्षणिक अनुभवों को साझा किया।

बिहार सरकार

बिहार सरकार
उद्यान निदेशालय, कृषि विभाग

अंजीर फल विकास योजना

वित्तीय वर्ष 2025-26 एवं 2026-27

| अवयव | इकाई लागत/हे0 | सहायता अनुदान का प्रतिशत | अनुदान की राशि/हे0 | वित्तीय वर्ष 2025-26 में देय अनुदान | वित्तीय वर्ष 2026-27 में देय अनुदान |
|---|---|---|---|---|---|
| वित्तीय वर्ष 2025-26 में अंजीर का क्षेत्र विस्तार | 1.25 | 40% | 0.5 | अनुदान की राशि का 60%(0.30000) | अनुदान की राशि का 40% (0.20000) |



जिला

| | | | |
|---|---|---|---|
| अरवल | भोजपुर | बक्सर | गोपालगंज |
| जहानबाद | लखीसराय | मधेपुरा | सारण |
| शिवहर | सीतामढ़ी | सीवान | सुपौल |
| अररिया | औरंगाबाद | बेगुसराय | भागलपुर |
| दरभंगा | पूर्वी चम्पारण | जमूई | खगड़िया |
| किशनगंज | मधुबनी | मुंगेर | मुजफ्फरपुर |
| नालंदा | पटना | गया | रोहतास |
| पूर्णियाँ | समस्तीपुर | वैशाली | पश्चिम चम्पारण |



योजना का लाभ लेने के लिए विभागीय वेबसाईट http://horticulture.bihar.gov.in पर उपलब्ध "अंजीर फल विकास योजना" के तहत आवेदन करें, लिंक पर जायें एवं जरूरी विवरणीयों की प्रविष्टि करते हुए आवेदन कर सकते हैं।

विशेष जानकारी के लिए संबंधित जिला के जिला उद्यान पदाधिकारी से सम्पर्क किया जा सकता हैं।

निदेशक उद्यान, बिहार

PR No.- 009633 (Agriculture)D. 2025-26